राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 31
लखनऊ, शुक्रवार 9 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



तेज आंधी से पेड़ गिरे, आवागमन व विद्युत व्यवस्था चरमराई 10

नाथवानी ने दिल से की मोदी की तारीफ : राकेश त्रिपाठी 03

## अलविदा मुझे चाहने वालों!



## बेमिसाल अभिनेता नाना पाटेकर का निधन

### 45 मिनट तक मौत से लड़े, फिर थम गई सांसें, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी, पुणे।**

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 5:20 बजे गोवा स्थित उनके घर पर गंभीर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। उन्हें बचाने के लिए 45 मिनट तक लगातार सीपीआर दिया गया, लेकिन उन्हें पुनर्जीवित नहीं किया जा सका।

पुणे ग्रामीण के पैतृक गांव डोंजे गांव स्थित उनके फार्महाउस पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के लिए परिवार और करीबी लोग मौजूद थे। नाना पाटेकर के अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी पहुंचे। उन्होंने अभिनेता को अंतिम विदाई दी।

गोवा के मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शेखर सालकर ने बताया कि नाना पाटेकर को उनके घर पर गंभीर कार्डियक अरेस्ट आया था। लगातार 45 मिनट तक सीपीआर देने के बावजूद उनकी हालत नहीं संभली और उनकी मौत हो गई। डॉ. सालकर के मुताबिक, मामले में मेडिको-लीगल केस दर्ज किया गया है। इसलिए नाना पाटेकर का पोस्टमार्टम कराया गया।

डॉक्टर के मुताबिक, रात करीब 2:30 बजे नाना पाटेकर ने अपने एक दोस्त को मैसेज कर तबीयत ठीक न होने की जानकारी दी थी। रात होने के कारण दोस्त वह मैसेज तुरंत देख नहीं पाया, लेकिन बाद में उसने फोन किया और करीब 4 बजे उनके घर पहुंचा। वे पसीने से तरबतर और अचेत अवस्था में थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

नाना के आकस्मिक निधन से पूरा बॉलीवुड जगत शोक में है। पीएम मोदी समेत देश के कई नामचीन हस्तियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

फिल्म निर्देशक अनिल शर्मा ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही नाना पाटेकर से उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर बात की थी। नाना पाटेकर ने उनसे खास तौर पर 'गदर 3' में अपने लिए एक किरदार लिखने को कहा था। अनिल शर्मा ने बताया कि दोनों के बीच 'गदर 3' और 'अर्जुन नागा' को लेकर बातचीत हुई थी। नाना उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर काफी उत्साहित थे।

दोनों मिलकर 'गदर 3' में नाना के किरदार पर काम भी कर रहे थे। इसके अलावा अनिल शर्मा जल्द ही उन्हें 'अर्जुन नागा' की कहानी भी सुनाने वाले थे।

### विनम्र श्रद्धाजंलि!



नाना पाटेकर का जीवन तिरंगे की आन-बान और शान की तरह रहा। वो बंधनों में नहीं रहे, परिंदे की तरह फिल्मों के आसमान में उड़े। उन्होंने समाज में व्याप्त अव्यवस्था पर अपनी फिल्मों के माध्यम से करारा प्रहार किया। वे एक ऐसे क्रांतिवीर थे, जिन्होंने बुराइयों के विरुद्ध काम किया। उनकी वाणी जितनी तेज थी, उनकी खामोशी भी उतनी ही प्रभावी थी। वो देशविरोधियों पर निरंतर अंकुश के समर्थक थे। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



पद्मश्री नाना पाटेकर का निधन कला जगत की अपूरणीय क्षति है। नाना पाटेकर ने अपने विलक्षण अभिनय से भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया। अपने सामाजिक सरोकारों से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी अभिव्यक्त किया। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिजनों एवं प्रशंसकों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**



प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। अपने अभिनय और किरदारों से उन्होंने भारतीय सिनेमा पर और दर्शकों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ी है। इस पीड़ा के समय में मेरी गहरी संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। **- राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



नाना पाटेकर एक बेहद सीधे और जमीन से जुड़े इंसान थे। उनके काम में भी वही ईमानदारी नजर आती थी। उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और करीबियों के प्रति मेरी संवेदनाएं, ओम शांति। **- सचिन तेंदुलकर, सुप्रसिद्ध क्रिकेटर**

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,700/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,330/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

**भाजपा में 14 को शामिल होंगे राकेश प्रताप सिंह**

**लखनऊ।** अमेठी जिले की गौरीगंज विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर लगातार तीन बार विधायक रहे राकेश प्रताप सिंह ने आगामी 14 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की है। उन्होंने सपा पर परिवारवाद और जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ने की वजह बताई।

**नागरिक ठिकानों को निशाना बनाना गलत**

**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब के दो हवाई अड्डों पर हुए अलग-अलग हमलों की कड़ी निंदा की। सऊदी अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य घायल हो गए। भारत ने इस मुश्किल समय में सऊदी अरब के साथ एकजुटता की बात कही।

**कैंसर मरीजों को महंगी दवाओं से राहत**

**नई दिल्ली।** कैंसर मरीजों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सभी गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 फीसदी तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह नियम ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित तथा पेटेंट वाली और गैर-पेटेंट वाली दवाओं पर लागू होगा।

**शेयर बाजार फिर धड़ाम 11 लाख करोड़ स्वाहा**

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को एक बार फिर से शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी इंडेक्स भरभरा गया। आरबीआई की सख्त पॉलिसी, एफआईआई की लगातार बिकवाली और दूसरे कारणों से निवेशक घबरा गए। इस वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 1.5 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। इंट्रा-डे में निफ्टी 50 गिरकर 22,179 के नए 52 हफ्ते के निचले स्तर पर आ गया, जबकि सेंसेक्स 1,200 से ज्यादा अंक गिरकर 71,400 के स्तर से नीचे आ गया।

# सत्ता-विपक्ष का एक दूसरे पर तीखा वार

## युवा शराब व सपा से सावधान रहें: योगी

### खिलाड़ी कोटे से चयनित 470 खिलाड़ियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**मुख्यमंत्री बोले**
- पहले नौकरी के दो ही रास्ते थे- सैफई या सिफारिश
- एनडीए मतलब नौकरी देंगे अलायंस, पहले था प्रदेश डुबाओ अलायंस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



लखनऊ में गुरुवार को 470 कुशल खिलाड़ी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नौकरियों के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि पहले पीडीए यानी प्रदेश डुबाओ अलायंस था, अब एनडीए यानी नौकरी देंगे अलायंस की सरकार है। पहले नियुक्तियों पर एक परिवार का कब्जा था। नौकरी के लिए दो ही रास्ते थे, सैफई या सिफारिश। अब किसी की सिफारिश नहीं, केवल प्रतिभा व परिश्रम चलता है। पहले यूपी की पहचान मर्डर से होती थी, अब खिलाड़ियों के मेडल से हो रही है।

मुख्यमंत्री लोक भवन में पुलिस के कुशल खिलाड़ी कोटे से चयनित 470 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इनमें नागरिक पुलिस के 43 उपनिरीक्षक, 295 आरक्षी और पीएसी के 132 आरक्षी शामिल हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पूछा कि क्या भर्ती में किसी ने पैसे मांगे या सिफारिश करानी पड़ी। कहा कि यह नियुक्ति न सरकार की कृपा है, न उनकी अनुकंपा। यह खिलाड़ियों के पसीने और परिश्रम का परिणाम है। 2017 से पहले सपा ने प्रदेश में 10 लाख गुंडे पाले थे। वे बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा थे, दंगे कराते थे और गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। उनकी सरकार ने 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि सपा आज युवाओं की नियुक्ति की बात करती है, तो ऐसा लगता है, जैसे पानी में बैठा मगरमच्छ शांति का उपदेश दे रहा हो।

## अयोध्या से लड़कर दिखाएं सीएम: अखिलेश

### पवन पांडेय की कथा में पहुंचे अखिलेश का मुख्यमंत्री को चैलेंज

**सपा प्रमुख बोले**
- अयोध्या में सपा प्रत्याशी तय हुआ है, बीजेपी सर्वे पर सर्वे करा रही
- सपा की सरकार बनने पर हर साल महिलाओं को 40 हजार देंगे

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



अयोध्या में गुरुवार को भागवत कथा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव।

अयोध्या में सपा प्रत्याशी पवन पांडेय की कथा शामिल होने पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री को चुनौती दे डाली। योगी का बिना नाम लिए अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाले मुख्यमंत्री अगर अयोध्या को लेकर इतना ही आश्वस्त हैं, तो खुद अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता दूध का दूध-पानी का पानी करने वालों का पानी उतार देगी।

अखिलेश ने कहा कि जब से हमने अयोध्या में प्रत्याशी घोषित किया है, बीजेपी सर्वे पर सर्वे करा रही है। हर सर्वे में बीजेपी पीछे छूट जा रही है। सुनने में आ रहा है कि अयोध्या में बीजेपी को नया प्रत्याशी ही नहीं मिल पा रहा है। जो बड़े-बड़े दावे करने वाले सीएम इतने ही आश्वस्त हैं तो खुद अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाएं। उन्होंने सीएम को अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती दे डाली। भागवत कथा के मंच से अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज किया। अखिलेश यादव ने कहा कि कृष्ण का सुदर्शन चक्र सज्जनों की रक्षा के लिए था, सज्जनों को डराने के लिए नहीं। सत्ता की एजेंसियों और अधिकारियों को इससे सीख लेनी चाहिए कि शक्ति का इस्तेमाल संरक्षण और न्याय के लिए हो, भय पैदा करने के लिए नहीं। अखिलेश ने अपने चुनावी वादे को दोहराते हुए कहा कि सपा की सरकार बनने पर हर साल महिलाओं को 40 हजार रुपए देंगे।

## कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को साहित्य का नोबल



**एजेंसी, ओटावा।** कनाडाई लेखिका ऐनी कार्सन को वर्ष 2026 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का एलान करते हुए कहा कि ऐनी कार्सन को उनके साहसी और कल्पनाशील लेखन के लिए यह सम्मान दिया गया है।

अकादमी के अनुसार, कार्सन के लेखन ने क्लासिकल (शास्त्रीय) परंपराओं के साथ एक रोचक संवाद स्थापित करते हुए समकालीन साहित्य के लिए नए आयाम और रूप गढ़े हैं।

उनके काम में पुरानी क्लासिकल परंपरा से हल्की-फुल्की बातचीत के जरिए आज के साहित्य के लिए नए रूप बनाए गए हैं।

यह पुरस्कार स्वीडिश अकादमी देती है। इसकी राशि 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोना है, जो करीब 1.2 मिलियन डॉलर है। अकादमी की स्थायी सचिव इंग्रिड कार्लबर्ग ने बताया कि कार्सन इस खबर से बहुत हैरान थीं। बातचीत के लिए ज्यादा समय नहीं मिला।

## राहत: जीएसटी मामलों में अब गिरफ्तारी नहीं होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- ई-कॉमर्स के जरिए सामान बेचने वालों का पंजीकरण होगा आसान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए कई बड़े और राहत भरे फैसलों पर मुहर लगाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर अनुपालन को सरल बनाना, व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और गैर-जरूरी आपराधिक कार्रवाइयों पर रोक लगाना रहा। काउंसिल ने कर अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों पर अंकुश लगाने के साथ ही आपराधिक अभियोजन शुरू करने की न्यूनतम सीमा को एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करने की मंजूरी दे दी है। यह कदम व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और कारोबारियों के कार्यशील पूंजी संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उप-मुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## विपक्ष का तीसरे दिन भी हल्ला बोल

**सीईसी के खिलाफ आक्रोश**
- राहुल-प्रियंका ने राजघाट पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि
- खरगे बोले- सरकार वोट देने का अधिकार छीन रही

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर के विरोध में विपक्ष ने दिल्ली में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया। राहुल-प्रियंका गांधी और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने पहले कनॉट प्लेस में लंच किया, फिर बसों से राजघाट पहुंचे। प्रदर्शन को देखते हुए भारी सुरक्षा व्यववस्था की गई थी। राजघाट पर करीब एक घंटे इंतजार के बाद उन्हें अंदर जाने दिया गया। यहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य सांसदों ने भी बापू को श्रद्धांजलि दी।

इससे पहले खड़गे ने कहा था कि वे गांधीजी से प्रार्थना करेंगे कि सरकार को सद्बुद्धि दे। वह लोगों का वोट देने का अधिकार न छीने। दिल्ली में पिछले दो दिनों से धरने का एक ही पैटर्न दिखा। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे विपक्षी सांसदों को लंच पर बुलाते हैं, सांसद खाना खाते हैं, फिर बसों में बैठकर निकल जाते हैं। फर्क इतना है कि बुधवार को मंजिल जंतर-मंतर थी और गुरुवार को राजघाट।

इससे पहले विपक्ष ने संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला था। दोपहर के भोज में खरगे के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी के राजीव राय एवं कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए।

## अगले साल तक टल सकता है यूपीआई पर एमडीआर चार्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

यूपीआई से जुड़े लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की तारीख आगे बढ़ सकती है। मौजूदा समय में इसके 15 अक्तूबर से लागू होने की बात है, लेकिन अब सरकार इसे आगे बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन के दौरान दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े इसलिए सरकार 0.4% मर्चेंट शुल्क लागू करने की तारीख को आगे बढ़ाने का मन बना रही है।

एमडीआर लागू करने की समयसीमा को 15 अक्तूबर से बढ़ाकर 1 जनवरी करने का प्रस्ताव सामने आया है। इस पर अगले कुछ दिनों में फैसला होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक तारीख बढ़ाने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट पर जीएसटी को मौजूदा 18% से घटाकर 5% करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया।



- फेस्टिव सीजन में यूपीआई पेमेंट फ्री रहेगा
- 15 से लागू होना था 0.4 फीसदी एमडीआर

## 42 पूर्व न्यायाधीशों का चुनाव आयोग के पक्ष में खुला पत्र

- संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र के खिलाफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश में सांविधानिक संस्थाओं की साख और उनकी स्वायत्तता को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई है। इसी बीच 42 पूर्व जजों और सेवानिवृत्त सांविधानिक अधिकारियों ने भारत के नागरिकों के नाम एक खुला पत्र लिखा।

जजों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में चुप्पी निष्पक्षता नहीं हो सकती। उनका मानना है कि जब देश की बुनियादी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा हो, तब सामने आकर सच बोलना बेहद जरूरी हो जाता है।

इस खुले पत्र में 42 पूर्व जजों ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य सांविधानिक निकायों पर हो रहे सुनियोजित हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वस्थ आलोचना करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन दुर्भावना से उन्हें बदनाम करना लोकतंत्र के खिलाफ है। मंचों से सांविधानिक संस्थाओं को खुलेआम चोर, कठपुतली और समझौतावादी कहना बेहद खतरनाक है।

**स्मृति शेष** | नाना सिर्फ अभिनेता ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक भी रहे

## विश्वनाथ पाटेकर, जिन्हें दुनिया नाना पाटेकर के नाम से जानती थी

**एजेंसी, मुंबई।**

विश्वनाथ पाटेकर, जिन्हें दुनिया नाना पाटेकर के नाम से जानती थी, हिंदी और मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं में शामिल थे। उनका जन्म 1 जनवरी 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड-जंजीरा में हुआ था। वह सिर्फ अभिनेता ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक भी रहे। उन्हें भारतीय सिनेमा के बेहतरीन और प्रभावशाली अभिनेताओं में गिना जाता है।

नाना पाटेकर ने 1978 में आई फिल्म 'गमन' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। शुरुआती दौर में उन्होंने मराठी और हिंदी फिल्मों में काम किया। 1988 में मीरा नायर की फिल्म 'सलाम बॉम्बे!' में उनके काम को काफी सराहा गया। इसके बाद 1989 की 'परिंदा' ने उनके करियर को एक बड़ा मोड़ दिया। इस फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। नाना पाटेकर ने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। अंकुश, प्रतिघात, प्रहार, तिरंगा, क्रांतिवीर, अग्निसाक्षी, खामोशी- द म्यूजिकल, अब तक छप्पन, अपहरण, राजनीति, वेलकम और वेलकम बैक उनकी चर्चित फिल्मों में शामिल हैं। गंभीर और दमदार भूमिकाओं के साथ-साथ उन्होंने कॉमेडी और व्यावसायिक फिल्मों में भी अपनी अलग पहचान बनाई। 1994 में आई 'क्रांतिवीर' नाना पाटेकर के करियर की सबसे अहम फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में उनके अभिनय के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले 'परिंदा' और बाद में 'अग्निसाक्षी' के लिए भी उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका था। कुल मिलाकर उन्हें तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, चार फिल्मफेयर पुरस्कार और दो फिल्मफेयर मराठी पुरस्कार मिले हैं। 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

### निर्देशक भी रहे

नाना पाटेकर ने निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उनकी निर्देशित फिल्म 'प्रहार- द फाइनल अटैक' उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में रही। बाद के वर्षों में 'नटसम्राट' जैसी मराठी फिल्म में भी उनके अभिनय को खूब सराहा गया। वह हिंदी और मराठी, दोनों सिनेमा में लंबे समय तक सक्रिय रहे। हाल के वर्षों में भी वह फिल्मों में सक्रिय रहे। वह अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख स्टारर 'हाउसफुल 5' में नजर आए थे। नाना पाटेकर की हालिया फिल्मों में विशाल भारद्वाज की 'ओ रोमियो' भी शामिल है, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ काम किया और पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई।

### फिल्मों से अलग भूमिका

नाना पाटेकर भारतीय प्रादेशिक सेना से भी जुड़े रहे। उन्हें 1990 में भारतीय प्रादेशिक सेना में मानद कप्तान नियुक्त किया गया था और 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट में मानद मेजर के तौर पर सेवाएं दी थीं।



# युवा शक्ति के सामने ज्ञानेश कुमार को देना पड़ेगा इस्तीफा : गोप

▶ सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**




अक्टूबर छात्रों नौजवानों की ताकत का मुकाबला कोई नहीं कर सकता अच्छे-अच्छे तानाशाहों को युवा शक्ति के सामने झुकना पड़ा है ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। संविधान से ऊपर कोई नहीं हम समाजवादी वोट चोरी रोकने लोकतंत्र संविधान नौजवान किसान महिलाओं छात्र-छात्राओं व्यापारियों के हक अधिकारों को बचाने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जब तक अपना इस्तीफा नहीं दे देते हम समाजवादी सड़क से लेकर सदन तक धरना प्रदर्शन आंदोलन करते रहेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफा देने तक यह आंदोलन विरोध प्रदर्शन रुकने वाले नहीं। उक्त बात जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव गौरव रावत पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव राजेश यादव राजू राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवाई, फैजान किदवाई ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर आज जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में 'वोट बचाओ-देश बचाओ'-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत धरना-प्रदर्शन कर बाराबंकी जिला मुख्यालय पर आयोजित शांतिपूर्ण पैदल मार्च के दौरान व्यक्त किये। समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं ने देश प्रदेश में हुए विभिन्न चुनाव में निर्वाचन प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी किए जाने तमाम वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने की कार्रवाई को वोट चोरी बताते हुए जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हो जिला अधिकारी बाराबंकी कार्यालय से निकल कर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो के नारे बुलंद करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च करते हुए सभी नेताओं पदाधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में मार्च कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

## विवाहिता का शव कमरे में लटकता बरामद

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तकिया मजरे अंसारी गांव में गुरुवार की दोपहर एक 23 वर्षीय विवाहिता (शकीना बानो) का शव उसके कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला। मृतका शकीना बानो का विवाह तीन वर्ष पहले गांव के ही हलीम (जो पिकअप वाहन चलाता है) के साथ प्रेम विवाह हुआ था। उनका एक दो वर्ष का बेटा है।गुरुवार की सुबह पति काम पर गया हुआ था और बच्चा अपने चाचा के घर था। दोपहर करीब ढाई बजे जब पड़ोस की एक महिला घर पहुंची और दरवाजा धकेला, तो उसने शकीना का शव पंखे से लटका देखा। मृतका के पिता अनीस और ग्रामीणों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था। इस अप्रत्याशित घटना से पूरे गांव के लोग हैरान हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा।

# तहसीलदार ने खेतों व मकानों में पहुंचकर देखा अतिवृष्टि से हुई क्षति

▶ राजस्व टीमों को रिपोर्ट समय से भेजने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



अतिवृष्टि से फसलों और मकानों को हुए नुकसान के आकलन में प्रशासन ने तेजी कर दी है। गुरुवार को तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों और मकानों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों से बातचीत कर नुकसान की जानकारी ली और राजस्व कर्मियों को मौके पर वास्तविक क्षति दर्ज करने के निर्देश दिए। लगातार हुई बारिश से क्षेत्र के कई गांवों में खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। जलभराव के चलते किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं कुछ स्थानों पर मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी भी प्रशासन को मिली है। शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर नुकसान का सत्यापन कर रही हैं। तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों से अब तक किए गए सत्यापन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन मौके की स्थिति के आधार पर किया जाए, ताकि किसी पात्र किसान या प्रभावित परिवार का नाम राहत से वंचित न रहे।

## खबरें एक नजर में

### रामसनेहीघाट में लेखपालों का ऑनलाइन काम बहिष्कार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर रामसनेहीघाट तहसील में लेखपालों ने ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार शुरू कर दिया है। इस आंदोलन से तहसील के कुल 77 लेखपाल क्षेत्रों का कामकाज प्रभावित हुआ है। किसानों के आय, जाति, निवास और खतौनी से जुड़े कार्य लंबित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को 45 लेखपाल क्षेत्रों में ऑनलाइन कार्य पूरी तरह ठप रहा। इससे पहले तीन अक्टूबर को 32 लेखपाल क्षेत्रों के लेखपालों ने कार्य बहिष्कार किया था। चरणबद्ध आंदोलन के तहत लेखपाल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध जता रहे हैं। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। तहसील अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा और मंत्री सेतुबंधु पांडे के नेतृत्व में लेखपालों ने विरोध दर्ज कराया। आंदोलन में अंकुज मिश्रा, पंकज तिवारी, अजय दीप सिंह, अपेक्षा तिवारी, तनु वर्मा, रवि भास्कर, गायत्री जैसवाल, एकता, कपिल देव सिंह, चंद्रभान तिवारी, जितेंद्र रावत, प्रमोद कुमार, राम संवारे, अमित दुबे, अंकित सिन्हा और विकास राय समेत कई लेखपाल शामिल रहे।

### 17 साल की किशोरी लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने बताया कि उसकी भतीजी बुधवार रात अचानक बिस्तर से गायब हो गई। रात में नींद खुलने पर जब वह बिस्तर पर नहीं मिली तो परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव और रिश्तेदारों में उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। काफी तलाश के बाद पीड़ित कोतवाली असंद्रा पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। आरोप है कि कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के सधवापुर गांव का रहने वाला रोहित नाम का युवक उसकी भतीजी को अपने साथ भगा ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 और 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि किशोरी को बरामद करने के लिए टीम लगाई गई है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण-2026 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के साथ सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। विधानसभा क्षेत्र 294-बलरामपुर के उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अभियान के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं, छूटे हुए मतदाताओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता और आयु संबंधी त्रुटियों को ठीक कराने की प्रक्रिया भी जारी है।

### झाड़ियों में मिला 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा गांव के पास गुरुवार सुबह करीब दस झाड़ियों में 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान तिवारीपुरवा गांव निवासी रामफल के रूप में हुई। उनके कान के पास घाव के निशान मिले, जिससे कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। पुलिस ने शुरुआती जांच में कान किसी जानवर द्वारा काटे जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने बताया कि रामफल बुधवार सुबह चारा काटने घर से निकले थे। देर शाम तक वापस न लौटने पर उनकी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। गुरुवार को गांव के पास झाड़ियों में उनका शव मिला। ग्रामीणों ने हरदी पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच की। पुलिस के मुताबिक आसपास के इलाके का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में कान किसी जंगली या अन्य जानवर द्वारा काटे जाने की आशंका है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

### बच्चों की डिजिटल उपस्थिति कम मिलने पर डीएम सख्त

**बहराइच।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार की दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभागार बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की। करीब दो घंटे तक चली बैठक के दौरान सितंबर 2026 में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल उपस्थिति कम मिली। तेजवापुर, फखरपुर, बलहा, पयागपुर और जरवल में कम उपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने पांचों खंड शिक्षा अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। फखरपुर और तेजवापुर के बीईओ का वेतन अगले आदेश तक रोका गया, साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित रहने पर डायट प्राचार्य का एक दिन का वेतन भी रोका गया। डीएम ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति कम न हो। कम उपस्थिति वाले स्कूलों को चिन्हित कर अभिभावकों से बात कर समस्या हल करें। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील और अन्य व्यवस्थाओं की नियमित जांच के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी सहित सभी परिषदीय विद्यालयों में तय मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन देने को भी कहा।

### जिले में 9 पुलिसकर्मियों का तबादला

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बुधवार शाम कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए नौ पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इनमें छह उपनिरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी और एक आरक्षी शामिल हैं।जारी आदेश के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह को चौकी मिहींपुरवा थाना मोतीपुर भेजा गया है। उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ल को चौकी कारीकोट थाना सुजौली की जिम्मेदारी मिली है। सुभाष चंद्र यादव, परशुराम सिंह, प्रदीप पांडेय और मुन्ना प्रसाद को पुलिस लाइन से थाना रुपईडीहा भेजा गया है। थाना हुजूरपुर की मुख्य आरक्षी पूजा सिंह को कोतवाली नानपारा और यूपी-112 के मुख्य आरक्षी धनंजय खरवार को थाना रुपईडीहा भेजा गया है। वहीं, थाना जरवल रोड में तैनात आरक्षी सनत कुमार शुक्ल का तबादला थाना पयागपुर किया गया है।

# सैम खान फाउंडेशन ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, बेलहर बाराबंकी।**



सामाजिक संस्था सैम खान फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत बेलहरा में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में केजीएमयू और लारी हॉस्पिटल लखनऊ के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर में जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग,नेत्र रोग,शिशु रोग, स्त्री रोग, दंत रोग और चर्म रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान बीपी, शुगर, ईसीजी,आंखों की जांच सहित कई प्रकार की जांचें निःशुल्क की गई और डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गई। आयोजक के अनुसार शिविर में करीब 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविर का शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी सैम खान ने किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगर पंचायत क्षेत्रों में आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। गरीब और जरूरतमंद लोग महंगे इलाज के कारण परेशान होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन द्वारा यह पहल की गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर होते रहें, ताकि नागरिको को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# विद्युत पोल के अर्थिंग तार में उतरे करंट की चपेट में आकर बालक झुलसा

**समृद्धि न्यूज, बेलहरा बाराबंकी।**



नगर पंचायत बेलहरा में विद्युत विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक मासूम पर भारी पड़ गई। खेलते समय विद्युत पोल के अर्थिंग तार में उतरे करंट की चपेट में आकर एक दस वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार कस्बे के लच्छीपुर निवासी श्यामू वर्मा का 10 वर्षीय पुत्र आनंद गुरुवार दोपहर घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान पास में लगे विद्युत पोल के अर्थिंग तार में करंट उतर रहा था। खेल-खेल में आनंद का हाथ उस तार से छू गया और वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और सूझबूझ दिखाते हुए लकड़ी के डंडे से उसे तार से अलग किया। आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया,जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बालक की हालत खतरे से बाहर है। घटना से नाराज परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

## बुलेट व दो लाख रुपए के लिए विवाहिता को पीटा, गला दबाने का आरोप

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे पंडित मजरे महुलारा गांव में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विवाहिता ने पति और ससुराल के अन्य लोगों पर दो लाख रुपए और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने तथा विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के खालिश बाहार गांव निवासी अरुण द्विवेदी से अनामिका की शादी 27 अप्रैल 2024 को हुई थी। अनामिका का आरोप है कि शादी में मायके वालों ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था।

इसके बाद भी पति बुलेट और दो लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन विवाद और मारपीट की जाने लगी। बाद में उसे मायके भेज दिया गया।

पीड़िता के अनुसार 25 सितंबर को उसका पति उसे दोबारा ससुराल लेकर आया। आरोप है कि 3 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे दहेज के दो लाख रुपए को लेकर पति अरुण द्विवेदी, सास सरोजनी, ससुर सुभाष द्विवेदी, जेठ अनिल द्विवेदी, ननद ममता द्विवेदी और ननदोई राजीव द्विवेदी ने उसके साथ मारपीट की।

इसी दौरान गला दबाकर उसकी जान लेने की कोशिश की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद उसकी जान बच सकी। कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पत्रकार के बेटे ने मुकम्मल की कुरान



**समृद्धि न्यूज, मसौली बाराबंकी।**

मसौली डेडलाइन्स से जुड़े हिंदी पत्रकार रिजवान अहमद के 17 वर्षीय बड़े पुत्र मोहम्मद अयान अंसारी ने गुरुवार को मदरसा इस्लामिया अरबिया शहाबुल उलूम, शहाबपुर में हिफ्ज ए कुरआन मुकम्मल किया।मुफ्ती मोहम्मद सालिम कासमी की सरपरस्ती में आयोजित कार्यक्रम में अयान ने उस्तादो के समक्ष तिलावते कुरआन कर हिफ्ज पूरा किया। इस अवसर पर मुफ्ती मोहम्मद सालिम कासमी,मौलाना मोहम्मद शदाब, हाफिज मोहम्मद ऐजाज, हाफिज महफूज सहित मदरसे के शिक्षको ने अयान के सिर पर दस्तार बांधी और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआ की।हिफ्ज ए कुरआन मुकम्मल होने पर परिजनों और क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा।अयान के दादा मोहम्मद सलीम ने मदरसे के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहाकि परिवार के लिए यह बेहद खुशी और गर्व का अवसर है।उन्होने कहाकि अल्लाह तआला ने उनके पोते को कुरआन हिफ्ज करने की नेमत अता की है। मुफ्ती मोहम्मद सालिम कासमी ने अपने शागिर्द मोहम्मद अयान के बारे में बताया कि अयान पढ़ने में बहुत तेज़ दिमाग के थे।

# वोट बचाने की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च' निकालकर प्रदर्शन किया। अंबेडकर तिराहे से शुरू हुआ मार्च वीर विनय चौराहे से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित होने तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जाने के कारण उनके मताधिकार पर संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गरीबों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और छात्रों के अधिकारों तथा संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राज बहादुर यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जनता को एकजुट होना होगा। वहीं, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर निष्पक्षता से काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने विभिन्न राज्यों के चुनावों और मतदाता सूची से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

# राप्ती नदी में छोड़े गए 50 हजार मत्स्य बीज

▶ रिवर रैंचिंग से बढ़ेगी मछलियों की संख्या
▶ मछुआ समुदाय को मिलेगा लाभ

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



नदियों में मत्स्य संपदा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बुधवार को राप्ती नदी में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत 50 हजार मत्स्य बीज का संचय किया गया। सदर विधायक पल्टूराम और नगर पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जलीय जैव विविधता के संरक्षण का संदेश दिया गया।

सहायक निदेशक मत्स्य दीपांशु ने बताया कि प्रदेश सरकार की इस पहल का उद्देश्य नदियों में मछलियों की संख्या बढ़ाना, उनकी विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण करना और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखना है। प्रदूषण और मानवीय गतिविधियों के कारण प्राकृतिक मत्स्य संपदा प्रभावित हो रही है। ऐसे में रिवर रैंचिंग के माध्यम से नदियों में गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीजों का संचय किया जा रहा है। विधायक पल्टूराम ने कहा कि राप्ती नदी जनपद की जीवनधारा है। इसकी प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता का संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ भविष्य में मछुआ समुदाय और मत्स्य पालकों को भी लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने राप्ती नदी में 50 हजार मत्स्य बीज का संचय किया।

# लौकहवा में किसान सभा, आधुनिक खेती की दी जानकारी

▶ नैनो उर्वरक व जैविक उत्पादों के उपयोग से खेती की लागत घटाने पर जोर

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



रिफॉर्म उत्सव-2026 के तहत ग्राम लौकहवा में किसान सभा का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक प्रयोग और टिकाऊ खेती के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अहमद हुसैन रहे।

इफको क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक और बायोडीकम्पोजर के उपयोग एवं लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाने से खेती की लागत कम करने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने, फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने और रासायनिक उर्वरकों के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जैव उर्वरकों के उपयोग और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया।

ग्राम प्रधान अहमद हुसैन ने किसानों से आधुनिक तकनीकों की जानकारी लेकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने और खेती को लाभकारी बनाने में सहायक हैं।

किसान सभा में जय जयराम वर्मा, मिथिलेश त्रिपाठी, रामू शर्मा, नसीम अहमद, ब्रह्मानंद गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

# कागज दुरुस्त कराने पहुंचा ट्रक मालिक, एआरटीओ दफ्तर में उतारी शर्ट

▶ वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, जांच में जुटे अफसर

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



एआरटीओ कार्यालय में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रक के कागजात दुरुस्त कराने पहुंचे वाहन मालिक ने कथित उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्यालय में अपनी शर्ट उतारकर विरोध शुरू कर दिया। अचानक हुए प्रदर्शन से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में भी खलबली मच गई। वाहन मालिक का आरोप है कि ट्रक के दस्तावेज दुरुस्त कराने के लिए वह काफी समय से कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। उसका कहना है कि कागजात से जुड़ी प्रक्रिया को लेकर उसे परेशान किया गया। इसी बात से नाराज होकर उसने कार्यालय में शर्ट उतारकर अपना विरोध दर्ज कराया। मामला यहीं नहीं थमा। वाहन मालिक ने एआरटीओ पर कर्मचारियों से भी कपड़े उतारने के लिए कहने का आरोप लगाया। महिला कर्मचारियों को बुलाए जाने को लेकर भी उसने सवाल खड़े किए। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया। वीडियो में एआरटीओ कार्यालय परिसर में वाहन मालिक के विरोध और वहां मौजूद लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। मामले की सूचना पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

# सेवा ज्योति यात्रा से जनसेवा और विकसित भारत का संदेश

▶ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा और भाजपा की प्रदेश महामंत्री रजनी पांडे ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने सुना। प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता की प्रेरणा देता है। सरकार की प्राथमिकता समाज के गरीब, वंचित, किसान, युवा, महिला और जरूरतमंद वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने के साथ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने युवाओं से सेवा, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कहा कि युवाओं की प्रतिभा, मेहनत और सकारात्मक सोच देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। कार्यक्रम में विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र आकाश कुमार को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**अशोक कुमार पुत्र स्व. गयाप्रसाद**
**ग्राम कुरौली, थाना कोतवाली नगर, जिला-बाराबंकी।**

# बाढ़ में डूबी राजधानी

## ■ छतों पर गुजारनी पड़ रही जिंदगी
## ■ मदद के इंतजार में हजारों परिवार

**इकाना स्टेडियम और आपदा प्रबंधन कार्यालय तक पहुंचा बाढ़ का पानी**

**फैजुल्लागंज में 40 हजार से अधिक परिवार संकट में, नावों की कमी**

▸ ट्रिपल आईटी में पढ़ाई और परीक्षाएं स्थगित
▸ झूलेलाल वाटिका जलमग्न

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

गोमती का बढ़ता जलस्तर राजधानी की जिंदगी पर भारी पड़ने लगा है। नदी का पानी अब केवल तटीय बस्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि रिहायशी इलाकों, प्रमुख सड़कों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों को अपनी चपेट में ले रहा है। पलासियो मॉल चारों तरफ पानी से घिरकर टापू जैसा नजर आ रहा है। इकाना स्टेडियम और आपदा प्रबंधन कार्यालय तक पानी पहुंच चुका है। ढुढ्ढ्वाढ़ परिसर में जलभराव के चलते संस्थान को अगले आदेश तक बंद करना पड़ा है और परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। उधर, फैजुल्लागंज में बाढ़ से जूझ रहे हजारों परिवारों के सामने घर बचाने, सुरक्षित स्थान तक पहुंचने और पीने के पानी का इंतजाम करने जैसी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। जिन घरों को लोगों ने तिनका-तिनका जोड़कर बनाया, उन्हें छोड़ने का दर्द अलग है। कई परिवार घरों की छतों पर सामान समेटकर बैठे हैं, तो कई लोग बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए खुद जुगाड़ की नाव बना रहे हैं। प्रशासन नावों की संख्या बढ़ाने और राहत पहुंचाने का दावा कर रहा है, लेकिन जमीनी तस्वीर बताती है कि संकट की व्यापकता के सामने मदद की जरूरत कहीं ज्यादा है।

फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिंदगी मानो ठहर गई है। घरों में पानी भरने के बाद लोगों ने जितना सामान बचा सकते थे, उसे छतों पर पहुंचा दिया। पिछले कई दिनों से परिवार इसी उम्मीद में टिके हैं कि पानी उतरेगा और वे फिर अपने घरों में लौट सकेंगे। लेकिन जलस्तर बढ़ने और रास्ते डूबने से उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। दाऊदनगर और बनारसी होटल के आसपास हालात गंभीर बने हुए हैं। कई लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा चुके हैं। अब वे नाव के सहारे वापस आकर घरों का हाल देखते हैं और फिर लौट जाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घर छोड़ना आसान नहीं है। वर्षों की मेहनत से तैयार गृहस्थी को यूं पानी में डूबता देखना पीड़ादायक है। सामान की चिंता के साथ परिवारों को बीमारी, भोजन और पीने के पानी की समस्या भी परेशान कर रही है। बिजली और आवागमन बाधित होने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

बाढ़ के बीच सबसे बड़ी जरूरत सुरक्षित आवागमन की है। नावों की कमी महसूस होने पर लोगों ने खुद ही विकल्प तलाशने शुरू कर दिए हैं। वैष्णवीपुरम निवासी गौतम शर्मा ने बताया कि नाव नहीं मिलने पर उन्होंने दो ड्रमों और लकड़ी के फट्ठों की मदद से नाव तैयार की। इस पर करीब पांच हजार रुपये खर्च हुए। उनका कहना है कि उन्हें प्रशासन की ओर से मदद नहीं मिली, इसलिए मजबूरी में यह इंतजाम करना पड़ा।

गाजीपुर इलाके में भी दो प्लास्टिक ड्रमों को लकड़ी के फट्ठों से बांधकर नाव बनाई गई है। कहीं लोग लकड़ियां जोड़कर अस्थायी नाव तैयार कर रहे हैं, तो कहीं तख्त को उलटकर उसके नीचे डिब्बे बांधे जा रहे हैं। इसी तरह लोग पानी के बीच जरूरी सामान और गृहस्थी का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रहे हैं। ये जुगाड़ बाढ़ में फंसे लोगों की मजबूरी और संकट के बीच रास्ता निकालने की कोशिश दोनों को बयां करते हैं।

फैजुल्लागंज में बाढ़ का सबसे मार्मिक दृश्य तब दिखता है, जब लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए जान जोखिम में डाल रहे हैं। अमित तिवारी ने लकड़ियों को जोड़कर नाव जैसा इंतजाम किया और उसी पर अपनी मां को बैठाकर बाहर निकालने निकले। पानी से घिरे घरों में रहने वाले परिवारों के लिए हर यात्रा जोखिम से भरी है।

दूसरी ओर, मामा कॉलोनी निवासी रवि प्रताप सिंह ने बताया कि वह सुबह आठ बजे से नाव का इंतजार कर रहे थे। काफी देर बाद नाव मिल सकी। उनका अनुभव बताता है कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित स्थान तक पहुंचने में इंतजार भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। नगर आयुक्त के अनुसार, बाढ़ प्रभावित इलाकों में 90 नावें चलाई जा रही हैं। प्रशासन और नगर निगम की टीमें मौके पर मौजूद रहकर लोगों की मदद कर रही हैं। हालांकि, प्रभावित परिवारों की बड़ी संख्या और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों के सामने चुनौती बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जरूरत के हिसाब से नावें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला जा सके।


बैकुण्ठ धाम स्थित रैम्प पर भी गोमती का पहुंचा पानी


दो ड्रम व लकड़ियों से बनाई नाव पर सवार व्यक्ति सुरक्षित स्थान पर जाते हुए


इकाना स्टेडियम के पास पंप से पानी निकालने का कार्य करते कर्मी।

# वंचितों की प्रखर आवाज थे रामविलास पासवान: योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को सुशांत गोल्फ सिटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नमन किया। इस दौरान भजन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान जुझारू तेवर वाले जननेता थे। उन्होंने अपने तेवर और संघर्ष से सामाजिक चेतना को नया आयाम दिया। करीब 50 वर्ष पहले बिहार में एक ऐसे युवा नेता का अभ्युदय हुआ, जो दलितों और वंचितों की प्रखर आवाज बने। बिहार की जनता ने उन्हें सर्वाधिक मतों से जिताकर संसद भेजा। सीएम ने कहा कि बतौर सांसद उन्हें भी रामविलास पासवान के साथ लंबे समय तक संसद में कार्य करने का अवसर मिला। उनके मन में भारतीय परंपरा के प्रति हमेशा श्रद्धा और सम्मान का भाव रहा। दलित और वंचित वर्ग को न्याय मिले, उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मान और उचित स्थान मिले, इसी संकल्प के साथ रामविलास पासवान ने निरंतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि वह रामविलास का मिशन को गति प्रदान कर रहे हैं। रामविलास पासवान की अनुपस्थिति आज भी खलती है, लेकिन संतोष इस बात का है कि उनके पुत्र चिराग पासवान उनके मिशन को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।


लखनऊ में रामविलास पासवान की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम योगी आदित्यनाथ

# नाथवानी ने दिल से की मोदी की तारीफ : राकेश त्रिपाठी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक बड़ी राजनीतिक बयानबाजी सामने आई है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा उम्मीदवार और रिलायंस इंडस्ट्रीज के ग्रुप प्रेसिडेंट धनराज परिमल नाथवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक नेतृत्व के 25 वर्ष पूरे होने पर दी गई बधाई के बाद सियासत तेज हो गई है। इस पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सपा और उसके शीर्ष नेतृत्व पर तीखा तंज कसा है।

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने धनराज नाथवानी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नाथवानी अभी राजनीति में नए हैं, इसलिए उन्होंने दिल से सोचा है, दिमाग से नहीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बेदाग नेतृत्व और देश के प्रति समर्पण को देखकर कोई भी निष्पक्ष व्यक्ति प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। नाथवानी ने विपक्ष की ओछी राजनीति से ऊपर उठकर जो सच महसूस किया, उसे दिल से खुलकर स्वीकार किया।

सपा प्रमुख पर सीधा हमला बोलते हुए राकेश त्रिपाठी ने दावा किया कि, दिल से तो अखिलेश यादव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रशंसा करते हैं, लेकिन उनके दिमाग में राजनीतिक मजबूरियां हावी हैं।

## वंदे भारत से टकराई गाय, ट्रेन के आगे का टूटा हिस्सा

**लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। देहरादून से लखनऊ आ रही वंदे भारत ट्रेन गुरुवार को हादसे का शिकार हो गई। दरअसल, रेलवे ट्रैक पर अचानक ट्रेन से एक गाय टकरा गई। लोको पायलट ने सूझबूझ से अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि उसका अगला हिस्सा टूट गया। गाय की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई। कर्मचारियों ने ट्रैक से गाय को हटाने का काम शुरू किया। इसके साथ ही ट्रैक की जांच और सफाई भी की गई। यह घटना बीकेटी इलाके के नंदना क्रॉसिंग के पास करीब 2 बजे की है।

रेलवे कर्मचारी ट्रैक को जल्द से जल्द साफ कर ट्रेन सेवा सामान्य करने में लगे जुट गए। इस दौरान ट्रेन आधे घंटे तक रुकी रही। वंदे भारत 2:30 बजे बीकेटी से लखनऊ के लिए रवाना हुई।

## खबरें एक नजर में

### संतोष दीक्षित को 2026 का कथाक्रम सम्मान



**लखनऊ।** वर्ष 2026 का 'आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान' वरिष्ठ कथाकार संतोष दीक्षित को प्रदान किया जाएगा। कथाक्रम सम्मान समिति ने यह निर्णय लिया है। सम्मान के तहत 21 हजार रुपये, सम्मान चिह्न और पत्रक प्रदान किया जाता है। 8 दिसंबर 1958 को बिहार के भागलपुर जिले के लालूचक गांव में जन्मे दीक्षित पेशे से पशु चिकित्सक रहे हैं। उनके अब तक पांच कहानी संग्रह और छह उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। 'केलिडोस्कोप', 'घर बदर', 'बेल की आंख', 'खलल' और 'छाया सच' उनके चर्चित उपन्यास हैं। उनके तीन व्यंग्य संग्रह और व्यंग्य कहानियों का एक संग्रह भी प्रकाशित है। कथाक्रम सम्मान पूर्व में संजीव, मैत्रेयी पुष्पा, दूधनाथ सिंह, शिवमूर्ति, असगर वजाहत, उदय प्रकाश, नासिरा शर्मा, अखिलेश सहित कई प्रमुख साहित्यकारों को दिया जा चुका है।

### डॉ. रुचिता यूनेस्को मीडिया साक्षरता गठबंधन में शामिल

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को यूनेस्को मीडिया एवं सूचना साक्षरता (एमआईएल) गठबंधन की सदस्यता प्रदान की गई है। यूनेस्को मीडिया और सूचना साक्षरता गठबंधन वैश्विक स्तर पर मीडिया और सूचना साक्षरता को बढ़ावा देने, नागरिकों में आलोचनात्मक सोच विकसित करने, विश्वसनीय सूचनाओं की पहचान करने और जिम्मेदार मीडिया उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करता है। डॉ. रुचिता ने विद्यार्थियों और आम नागरिकों के बीच मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। उनके सेंटर फॉर मीडिया एंड इनफार्मेशन लिटरेसी के माध्यम से लखनऊ, सीतापुर, बरेली और बाराबंकी सहित विभिन्न जिलों के 40 से अधिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने मीडिया साक्षरता टूलकिट, पाठ्यक्रम और कृत्रिम बुद्धिमता से जुड़ी शैक्षणिक पहल विकसित की हैं। वह तथ्य-जांच एवं सूचना सत्यापन के क्षेत्र में प्रमाणित प्रशिक्षक भी हैं।

### ई-रिक्शों पर नियंत्रण के लिए समिति गठित

**लखनऊ।** राजधानी में बढ़ते ई-रिक्शों और यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित की गई है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। समिति में राजस्व, एलडीए, ट्रैफिक, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल हैं। एक अक्टूबर को गठित समिति को 10 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। जनहित याचिका की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने संबंधित विभागों से अब तक की कार्रवाई की जानकारी भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। पॉलिटेक्निक-कमता मार्ग पर दोबारा अतिक्रमण करने वाले करीब 50 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। शहीद पथ से कमता अथवा पॉलिटेक्निक तक अंडरपास और क्लोवरलीफ इंटरचेंज की संभावना का भी अध्ययन किया जा रहा है। नगर निगम ने शहर के ड्रेनेज प्लान के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट रखा है। वहीं, बेसमेंट पार्किंग का उपयोग नहीं करने वाले 25 भवनों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### भैंस बचाने नाले में उतरा युवक डूबा



**मलिहाबाद।** मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में बेतवा नाले में जलकुंभी में फंसी भैंस को बचाने उतरा 20 वर्षीय युवक सूरज कुमार मौर्य तेज बहाव में डूब गया। सूरज अपने साथियों मोहित, पिंटू और नीरज के साथ भैंस को बचाने रस्सी के सहारे नाले में उतरा था। इसी दौरान उसके हाथ से रस्सी छूट गई और वह जलकुंभी में फंसकर डूब गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

### यूपीडाकॉन में जुटेंगे देशभर के मधुमेह विशेषज्ञ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश डायबिटीज एसोसिएशन की रजत जयंती के अवसर पर नौ से 11 अक्टूबर तक होटल ताज पैलेस में तीन दिवसीय वार्षिक महासम्मेलन 'यूपीडाकॉन-2026' आयोजित होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव और आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। सम्मेलन की थीम 'डायबिटीज 360 डिग्री' रखी गई है। इसमें देशभर से 600 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सक व मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे। 100 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वक्ता मधुमेह के नए शोध, उपचार और जटिलताओं पर चर्चा करेंगे। युवा शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों के 100 से अधिक शोधपत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे। वैज्ञानिक चेयरमैन डॉ. नरसिंह वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में इंसुलिन थेरेपी, कार्डियो-रीनल सुरक्षा, जीवनशैली में बदलाव और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर मंथन होगा। आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों को नवीनतम उपचार पद्धतियों से जोड़ना और लोगों को मधुमेह के प्रति जागरूक करना है।

# ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सपा-कांग्रेस का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी की अगुआई में छात्र सभा, महिला सभा और यूथ ब्रिगेड के सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ो और लोकतंत्र बचाओ जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर समर्थकों की भीड़ जुटी। इस दौरान कल दिल्ली में राहुल गांधी के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ काली पट्टी बांधकर काला दिवस मना रहे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों ने जमकर नोकझोंक हुई।

सपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में मार्च निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां और बैनर थे। प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता बनाए रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर जनता के बीच अविश्वास का माहौल बन रहा है, जिसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेले में स्त्री विमर्श की किताबों पर चर्चा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



बलरामपुर गार्डन में चल रहे 23वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले के आठवें दिन स्त्री विमर्श से जुड़ी पुस्तकों में पाठकों की खास दिलचस्पी रही। मेले में महिलाओं के सामने मौजूद सामाजिक, राजनीतिक और डिजिटल चुनौतियों पर केंद्रित कई पुस्तकें उपलब्ध हैं। लौरा बेट्स की द न्यू एज ऑफ सेक्सिज्म, नीलिमा पाण्डेय की स्त्री : मिथक और यथार्थ, अंजू दुआ जैमिनी की मोर्चे पर स्त्री समेत कई किताबें चर्चा में हैं। मेले में सीतायणम्, स्त्री देह की राजनीति से देश की राजनीति तक जैसी पुस्तकें भी पाठकों का ध्यान खींच रही हैं।

मुख्य मंच पर विजन स्टार्टअप्स एक्सेलरेटर ने यूपी सुपर के सहयोग से 'लॉन्चअप पिच फेस्ट 2.0' आयोजित किया। इसमें 28 संस्थापकों ने भाग लिया और आठ ने अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए। तरुण कुमार विजेता रहे, जबकि अंकित शंकर और इम्तियाज हुसैन उपविजेता बने।

इससे पहले डॉ. करुणा पांडे की तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। वहीं, क्रिएटर लाउंज में लोकगीतों की महफिल और 'पुरुषों का दर्द' विषय पर परिचर्चा हुई। पुस्तक मेला 11 अक्टूबर तक चलेगा।

## 'शब्द रंग' साहित्य महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई ने गांधी पार्क में 'शब्द रंगः साहित्य महोत्सव' के पोस्टर का विमोचन किया। राष्ट्रीय कला मंच, अवध प्रांत की ओर से महोत्सव 24-25 अक्टूबर को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित होगा। महोत्सव में साहित्य, सिनेमा, पत्रकारिता और कला से जुड़े व्याख्यान, संवाद सत्र, प्रदर्शनी, युवा चौपाल और काव्य पाठ होंगे। चयनित प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क पंजीकरण, आवास और भोजन की व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर डॉ. अन्विता वर्मा, तान्या तिवारी, वर्तिका कुशवाहा, आर्यन शर्मा, आर्यन कुशवाहा, ध्रुव सिंह, तनु यादव समेत विद्यार्थी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो विश्वविद्यालयों के 26 शिक्षक विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में

▸ लखनऊ के विश्वविद्यालय को बड़ी सफलता
▸ एलयू व बीबीएयू के 26 शिक्षक शामिल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**बीबीएयू के शिक्षकों की सूची में रैंक**

लखनऊ विश्वविद्यालय और बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के कुल 26 शिक्षक स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की वर्ष 2026 की विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हुए हैं। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के 14 और बीबीएयू के 12 शिक्षक हैं। यह उपलब्धि दोनों संस्थानों में उच्च गुणवत्ता वाले शोध और अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाती है। यह सूची स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रो. जॉन पी. ए. आयोनिडिस के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार की जाती है और एल्सेवियर बी.वी. द्वारा प्रकाशित की जाती है। वैज्ञानिकों का मूल्यांकन शोध प्रकाशनों, साइटेशन, शोध प्रभाव और अन्य वैज्ञानिक संकेतकों के आधार पर किया जाता है।

**लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक और शोध क्षेत्रः** लखनऊ विश्वविद्यालय के एकल-वर्षीय शोध प्रभाव वाली सूची में भौतिकी के प्रो. अमृतांशु शुक्ला और डॉ. चंद्रकिरण गौतम, रसायन विज्ञान के प्रो. अभिनव कुमार और डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ, प्राणि विज्ञान के प्रो. ओमकार तथा भूविज्ञान के प्रो. इंद्र बीर सिंह शामिल हैं। प्रो. शुक्ला सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी और ऊष्मीय ऊर्जा भंडारण, जबकि डॉ. गौतम बायो-सिरेमिक सामग्री और हड्डी प्रत्यारोपण के क्षेत्र में शोध कर रहे हैं। आजीवन शोध प्रभाव सूची में प्रो. विष्णु जी राम, प्रो. इंद्र बीर सिंह, प्रो. ओमकार, प्रो. अमृतांशु शुक्ला और डॉ. चंद्रकिरण गौतम को स्थान मिला है।

वहीं, बीबीएयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन कुमार अरोरा ने 17,679वीं रैंक हासिल की। प्रो. राम चंद्रा, प्रो. राम नरेश भार्गव और डॉ. जयशंकर सिंह को क्रमशः 24,876वीं, 39,424वीं और 52,213वीं रैंक मिली। डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. आदित्य खम्पारिया, प्रो. बीर सिंह भदौरिया, प्रो. बाल चंद्र यादव, डॉ. अभिषेक वर्मा, प्रो. पी.एस. रजनीकांत, डॉ. मुकेश कुमार अवस्थी और प्रो. देवेश कुमार भी सूची में शामिल हैं।

# बनारस चित्रकला की सात पीढ़ियों की परंपरा पर संवाद कार्यक्रम आयोजित



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**लखनऊ।** राजधानी स्थित 115 वर्ष पुराने कला महाविद्यालय में बनारस चित्रकला घराने की छठवीं और सातवीं पीढ़ी के चित्रकार डॉ. गोपाल प्रसाद और अंकित प्रसाद के साथ कला संवाद हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रख्यात कलाकार एवं फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान बनारस चित्रकला परंपरा पर बनी दो वृत्तचित्र फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।

डॉ. गोपाल प्रसाद ने पारंपरिक लघुचित्र तकनीक, चित्र निर्माण प्रक्रिया और विभिन्न पीढ़ियों के कलाकारों के योगदान की जानकारी दी। अंकित प्रसाद ने मुगल शैली के साथ अपने समकालीन प्रयोगों और परंपरा को आगे बढ़ाने के प्रयास साझा किए। भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि 18वीं सदी से विकसित यह परंपरा करीब तीन सौ वर्षों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है। कलाकारों ने कहा कि इसमें दक्षता के लिए वर्षों की साधना और अनुशासन जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी सिंह ने किया।


॥ सप्तम पुण्य तिथि ॥

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा- न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥
नैं छिन्दति शस्त्राणि नैं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥२३॥



स्व0 इंजी0 सुप्रभाष चन्द्र सक्सेना

जन्म - 10/04/1956 निधन - 09/10/2019

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारीजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

" आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदा बना रहे।"

विभारानी सक्सेना (पत्नी)
हिमांशु-सुरभी सक्सेना (पुत्र एवं पुत्रवधू)
राघव-डेजी सक्सेना (पुत्र एवं पुत्र वधू) एवं समस्त सक्सेना परिवार

संस्थाएं एवं प्रतिष्ठान

● जे0 एस0 सीनियर सेकेन्डरी स्कूल (सी0बी0एस0ई0 से मान्यता प्राप्त) छिबरामऊ (कन्नौज)
● जे0 एस0 इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी एण्ड मैनेजमेन्ट, छिबरामऊ (कन्नौज)
● सुप्रभाष अकादमी, छिबरामऊ (कन्नौज), ● जे0 के0 पेट्रोलियम, छिबरामऊ (कन्नौज)

# वायरल वीडियो प्रकरण में बीडीओ सचिव का स्पष्टीकरण तलब

**सीडीओ बोले-गोवंशीय पशुओं की देखरेख में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जनपद में गोवंश की बदहाली का एक वीडियो कांट ब्लाक की दिलावरपुर नंदीशाला का सोशल मीडिया पर वायरल होने एवं जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आने पर सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने कड़ा रुख अपनाते हुए, कांट बीडीओ अमित कुमार व सचिव अनिल वर्मा का स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही संतोषजनक जवाब न देने पर सख्त कार्यवाही किए जाने की बात कही है। सीडीओ ने बताया कि बीडीओ व सचिव का स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही प्रधान की जिम्मेदारी तय की जा रही है, जांच के लिए डीपीआरओ व सीवीओ को लगाया है। रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गोवंशीय पशुओं को किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि दिलावरपुर नंदीशाला का वीडियो वायरल होने के बाद व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए थे, वायरल वीडियो में कई गोवंश घुटनों तक कीचड़ में धंसे दिखाई दे रहे थे। कुछ पशुओं की हालत इतनी खराब नजर आ रही है कि वे उठकर खड़े तक नहीं हो पा रहे थे। जिस पर डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्शन लिया है।



# पांच किलोग्राम गांजा सहित चाचा भतीजे गिरफ्तार

**हरदोई के पिहानी से लाकर मोहल्लों में बेचते थे, बाइक दो मोबाइल बरामद**

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने गुरूवार दोपहर मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चाचा भतीजे को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल पांच किलोग्राम गांजा, एक बाइक व दो मोबाइल बरामद किये है।

थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि गूरूवार की दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के बाड़ीगांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर दो मादा पदार्थ की तस्करी खड़े हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर थाना सदर बाजार के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी अफसर खां व इसी थाने के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी सादाब को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 5 किलोग्राम गांजा, एक अपाचे बाइक व दो मोबाइल बरामद किये गए हैं। उन्होंने बताया कि अफसर के ऊपर व सादाब के ऊपर छह अभियोग पहले से विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मजदूरी करते हैं और गांजा जनपद हरदोई के पिहानी से बब्लू से लाता हूं। इसके बाद ये गांजा अपने आसपास के मोहल्ले व शहर में घूम फिरकर सौ रूपए पुड़िया बनाकर बेंच देते हैं। सादाब ने बताया कि अफसर मेरे रिश्ते के चाचा हैं। खर्चा पानी के लालच में इनके साथ हरदोई जा रहे थे। गांजा लेकर लौट रहा था, तभी पुलिस ने पकड़ लिया।



## जलालाबाद विस से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे नबी आलम खान

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। ग्राम मालूपुर निवासी 66 वर्षीय नबी आलम खान ने ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के बैनर तले विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। वह क्षेत्र के गांवों में लगातार जनसंपर्क कर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे हैं। नबी आलम खान का कहना है कि उनका राजनीतिक अनुभव पुराना है और वह इससे पहले भी विधानसभा चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। उनका कहना है कि वर्ष 1989 और 1991 में भी उन्होंने मुस्लिम मजलिस से चुनाव लड़ा था और उस समय क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई थी। और राममूर्ति सिंह वर्मा विजय घोषित हुए थे। नबी आलम खान का कहना है कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में जलालाबाद विधानसभा सीट गठबंधन के तहत मुस्लिम मजलिस के खाते में आने की संभावना है। हालांकि सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम निर्णय संबंधित दलों और गठबंधन स्तर पर ही होगा। इसी संभावना को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र में अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। उन्होंने बताया कि वह लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और स्थानीय समस्याओं, शिक्षा, रोजगार, किसानों तथा आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह जनता के बीच जाकर अपनी बात रखने और पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन उमड़ी भीड़



**शाहजहांपुर।** रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड में दूसरे दिन श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रम विभाग एवम फैक्ट्री प्रबंध तंत्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें सीएचसी भावलखेड़ा, कर्मचारी राज्य बीमा योजना और वरुण अर्जुन मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों की टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी शुगर और ब्लड प्रेशर के सात अन्य विभिन्न जांचे संपादित कराई गई। जिसमें लिपिड प्रोफाइल, यूरिन,टीएफटी, सीबीसी आदि प्रमुखता से की गई। शिविर के आज दूसरे दिन तक 770 श्रमिकों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। यह शिविर 8 अक्टूबर को भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, मो शमीम, मो. नफीस इदरिशि,रोजा पावर सप्लाई लिमिटेड के एचआर पवन सिंह, मनीष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुवायां राजीव चौक पर काला दिवस के रूप में मनाया। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। पुवायां राजीव चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांति रूप में एक दिवसीय प्रदर्शन किया। जिसमें पुवायां कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सत्येंद्र त्रिवेदी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा, नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, रवी शुक्ला, कमल कान्त शुक्लाख् विंदेश्वरी राज, संजीव पासी,राहुल मौर्य, राजीव राजे, आनंद आर्य, निरंकार, सुनिल, कुलदीप, उपेंद्र मिश्रा, आरीफ, सुरेशचंद्र, रोहित, राममोहन, अश्वनी, रामचरन, विट्टा, रितिक, सूरज, मनोज वाजपेयी, दिनेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### भरभराकर गिरी दीवार, बाल-बाल बचा युवक



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम दीपपुर में गुरुवार रात अचानक हुई बारिश और तेज हवाओं के बीच एक मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। घटना के दौरान वहां से गुजर रहा एक लड़का बाल–बाल बच गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार रात अचानक मौसम बदलने के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने लगीं। इसी दौरान ग्राम दीपपुर में एक मकान की दीवार अचानक गिर गई। बताया जा रहा है कि दीवार गिरने से कुछ सेकेंड पहले ही एक लड़का वहां से गुजरा था। वह अभी ठीक से वहां से हट भी नहीं पाया था कि अचानक दीवार भरभराकर नीचे गिर पड़ी। हालांकि, गनीमत रही कि लड़का इसकी चपेट में आने से बच गया। अचानक दीवार गिरने की घटना से आसपास के लोगों में हलचल मच गई। कुछ ही सेकेंड के अंतर से युवक के सुरक्षित बच जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### नाले के ऊपर व सर्विस रोड से कल हटेगा अस्थाई अतिक्रमण



**कांट, शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में शनिवार को उप जिलाधिकारी सदर व अधिशासी अधिकारी नूरजहां के नेतृत्व में सर्विस रोड व नाले पर अस्थाई अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों ने चबूतरे बनाकर, अस्थायी निर्माण कर लिया है। कुछ दिन पहले ही प्रशासन ने इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया था और संबंधित लोगों को चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद दोबारा कब्जा होने से न केवल निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी बाधित होने की आशंका बढ़ गई है अतिक्रमणकारियों के हौसले बढ़ रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसे लेकर लोग चितिंत दिखाई दे रहे हैं। अधिशासी अधिकारी नूर जहाँ ने बताया शनिवार को थाना दिवस के बाद जिलाधिकारी के निर्देशन में टीम गठित कर अस्थाई अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# पीडीए सभा में नीरज मिश्रा ने भरी हुंकार, 2027 में अखिलेश को सीएम बनाने का लिया संकल्प

**वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत अरुआ खानपुर में जुटे सपा कार्यकर्ता, संगठन मजबूत करने पर दिया जोर**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाजवादी पार्टी के वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत गुरुवार को 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के कांट ब्लाक अंतर्गत अरुआ खानपुर गांव में पीडीए सभा का आयोजन किया गया। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने सभा के माध्यम से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। सभा में जुटी भीड़ के बीच उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। सभा को संबोधित करते हुए नीरज मिश्रा ने भाजपा सरकार पर किसानों, नौजवानों, सैनिकों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव का मन बना चुकी है। आरोप लगाया कि मतदाता सूची से पीडीए समर्थकों के नाम काटे जा रहे हैं और फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदाता सूची में पारदर्शिता जरूरी है।

नीरज मिश्रा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेंगे, कार्यकर्ता उसे जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। उनका लक्ष्य 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। नीरज मिश्रा विधानसभा क्षेत्र में लगातार बूथ स्तर पर पीडीए सभाएं कर रहे हैं। इसे उनकी विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी मजबूत करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है। सभा के मुख्य अतिथि सपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान ने नीरज मिश्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं के उत्साह और नीरज मिश्रा के प्रति उनके समर्थन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाएं पार्टी नेतृत्व तक पहुंचेंगी, लेकिन अंतिम निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा। पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, सभी को एकजुट होकर उसे जिताना होगा। सैयद रिजवान ने भाजपा सरकार पर अल्पसंख्यकों और हिंदुओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी पीड़ित वर्गों को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तेजपाल फौजी और लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव तौशीफ खां ने किया। आयोजन की व्यवस्था मुकीम अली और मोहम्मद सईद ने संभाली। सभा में नाजिम फारुखी, दीपेंद्र यादव, रामवीर सिंह, नन्ना भाई, शाने अहमद, पुत्तन अली, मतलूब खां, इंतजार और अबरार खान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बाढ़ प्रभावित वार्डों में सघन फॉगिंग कराई जा रही : नगरायुक्त



**शाहजहांपुर।** जनपद में चल रहे संचारी माह अभियान के क्रम में नगर निगम द्वारा फॉगिंग रोस्टर से कराई जा रही है। जिससे कि बदलते मौसम में महानगरवासियों को संचारी रोगों से सुरक्षित रखा जा सके। बाढ़ प्रभावित ऐसे वार्ड जहां जलजमाव बना हुआ है, वहां पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी द्वारा विशेष सघन फॉगिंग अभियान चलाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिन घरों में बाढ़ का पानी भर गया था, वहां एंटीलार्वा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग के लिए 13 मशीनें रोस्टर के अनुसार फॉगिंग कराई जा रही है। 2 नयी फॉगिंग मशीनों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर आयुक्त ने महानगरवासियों से संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर आपील भी की है। उन्होंने कहा कि अगर कही पर कोई दिक्कत समस्या आ रही है, तो नगर निगम के टोल फ्री नंबर पर शिकायय दर्ज करा सकते है। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य डा.मनोज कुमार को दिशा निर्देश दिए कि हर वार्ड में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग कराई जाए, किसी तरह की लापरवाही न बरती जाएं।

# महाविद्यालय में सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी शाहजहांपुर।**

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को प्रेमकिशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक यादवेंद्र कुमार आर्य के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और नशामुक्ति का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर-रेंजर्स एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में पौधों की देखभाल करते हुए खाद डाली तथा सूखी और अनावश्यक शाखाओं की कटाई-छंटाई की। पौधों की सिंचाई के साथ नए पौधे भी रोपे गए। इसके बाद स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डा. श्री कृष्णा सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल परिसर या सड़कों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ समाज के निर्माण की जिम्मेदारी और संस्कार है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक यादवेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा माना था। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर डॉ. राकेश कुमार वर्मा, डॉ. जयेंद्र कुमार, पवन कुमार यादव, सत्य प्रकाश दुबे, अंशिका वर्मा, अंशिका राजपूत, फायजा, साहिबा, अमृता देवी, अलका गुप्ता, निशि पांडे सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




# पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव

**ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा**

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**

थाना क्षेत्र के गांव कुईयां में गुरुवार सुबह विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखीमपुर खीरी जिले के ढोंगवा पोस्ट बक्खारी निवासी प्रीती सिंह की शादी करीब 11 वर्ष पूर्व कुईयां निवासी विपिन सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के साथ हुई थी। दंपती का नौ वर्षीय पुत्र है। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति प्रीती के साथ मारपीट करता था। परिजनों ने घटना की सूचना उन्हें समय से नहीं दिए जाने का भी आरोप लगाया। गुरुवार सुबह प्रीती का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। इसके बाद मायके पक्ष के लोग गांव पहुंचे और मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। घटना के बाद पति के फरार होने की बात कही जा रही है। वहीं, थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी ने बताया कि विवाहिता के मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। पति की ओर से पोस्टमार्टम कराने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। मां की मौत के बाद नौ वर्षीय पुत्र का रो-रोकर बुरा हाल है।



# एसडीएम न्यायिक ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज कांट, शाहजहांपुर।**

उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर एवं कांट नगर पंचायत की प्रशासक प्रियंका चौधरी ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां एवं सभासदों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रशासक प्रियंका चौधरी ने नगर पंचायत क्षेत्र की व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बरुआ बुजुर्ग स्थित कान्हा गौशाला बहुत सही कर चल रहा है निर्माण कार्य एवं शीतला माता मंदिर पहुंचकर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नूरजहां समेत नगर पंचायत के सभासद भी मौजूद रहे।




## झोलाछाप पर गलत इलाज करने का आरोप

**पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर कार्रवाई की मांग**

**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी एक युवक ने एक कथित डॉक्टर पर इलाज के नाम पर गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बंडा थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित का आरोप है कि गलत इलाज के कारण उसकी नस कट गई और अब उसका पैर काटने की नौबत आ गई है। पीड़ित अमित श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री धीर श्रीवास्तव ने बताया कि करीब 25 दिन पहले उन्होंने अपनी भगंदर की बीमारी के इलाज के लिए पूरनपुर रोड स्थित क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर बंगाली से संपर्क किया था। कथित डॉक्टर ने 10 दिनों में बीमारी पूरी तरह ठीक करने का दावा किया था। पीड़ित के अनुसार, 10 दिन बीत जाने के बाद भी जख्म ठीक नहीं हुआ। इसके बाद जब डॉक्टर ने जांच के पास सलाई डाली, तो वहां अंदर ही अंदर एक नया जख्म बन गया। आरोप है कि डॉक्टर बंगाली पीड़ित के घर आकर इलाज करने लगा। इलाज शुरू करते ही डॉक्टर ने लापरवाही से मांस के साथ–साथ जांघ के पास की नस भी काट दी। नस कटते ही अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया। खून बहता देख कथित डॉक्टर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत पीड़ित को बरेली के अस्पतालों में भर्ती कराया। दो अस्पतालों से मना किए जाने के बाद तीसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद कटी हुई नस को जोड़ा। फिलहाल पीड़ित का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने परिजनों को आगाह किया है कि यदि जख्म ठीक नहीं हुआ तो पीड़ित का पैर भी काटना पड़ सकता है। पीड़ित अमित श्रीवास्तव ने बंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी डॉक्टर बंगाली के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम में सजी देशभक्ति की रंगोली

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

हथौड़ा स्थित परमवीर चक्र प्राप्त अमर शहीद जादूनाथ स्टेडियम में 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर धीरू भैया उपस्थित रहे।महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। रंगोली तैयार करने वाले कलाकारों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को केले का वितरण किया गया। कार्यक्रम की संयोजक ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सेवा, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत देशभक्ति के भाव की सराहना की।




आयोजन के दौरान बच्चों और कलाकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान नगर निगम की नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उर्वरक सेतु ऐप बनेगा किसानों की लाइफलाइन

**अब बिना लाइन लगे मिलेगी खाद**

**मुख्यमंत्री ने किया उर्वरक सेतु ऐप का शुभारंभ, दी सौगात**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

सहकारी समितियों, खाद गोदामों व दुकानों पर खाद, उर्वरक को लेने के लिए लगने वाली लंबी लंबी लाइनों से किसानों को छुटकारा मिलेगा। क्योंकि अब बिना लाइन लगे, अपने मोबाइल में डाउनलोड ऐप के माध्यम से किसान खाद ले सकेंगे। इसके लिए प्रथम चरण में उर्वरक सेतु ऐप के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 10 जनपदों में गोरखपुर, महाराजगंज, लखनऊ, शाहजहांपुर, वाराणसी, रायबरेली, पीलीभीत, झांसी, मेरठ एवं बिजनौर का चयन किया गया है। किसानों को उर्वरको की कालाबाजारी और लम्बी लाइनों से निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने बडी पहल की है। मुख्यमंत्री द्वारा उर्वरक सेतु ऐप का उद्घाटन किया गया है। ऐप का मुख्य उद्देश्य कृषकों को उनकी कृषि योग्य भूमि के सापेक्ष नियमानुसार पूर्व निर्धारित उर्वरकों की सीमा के अन्तर्गत समय एवं पारदर्शी व्यवस्था के अनुरूप बिना किसी असुविधा के उर्वरकों को उपलब्ध कराना है। इस ऐप के माध्यम से कृषक बिना समिति पर गये ही अपनी सुविधानुसार उर्वरकों की बुकिंग कर सकेंगे। जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक डा.गणेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में कृषक अपने एंड्राइड फोन से गूगल प्ले स्टोर से एफएफएस फार्मवर्क फार फर्टिलाइजर सेल ऐप डाउनलोड कर फार्मर आईडी, आधार नम्बर से लागिन कर अपनी जमीन का विवरण भरकर नजदीकी एम-पैक्स एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण कृषि सहकारी समिति, विक्रेता का चयन कर निर्धारित उर्वरकों की सीमा के अन्तर्गत युरिया, डीएपी, एनपीके एवं एमओपी की अग्रिम बुकिंग कर सकेगा। बुकिंग के बाद जनरेट होने वाले क्यूआर कोड, टोकन को दिखाकर चयनित उर्वरक बिक्री केन्द्र से खाद प्राप्त कर लेगा। जनपद में लगभग 200 कृषकों को ऐप डाउनलोड़ कराकर उर्वरक वितरण का कार्य कराया जा रहा है। बता दें कि उर्वरक सेतु ऐप की मुख्य विशेषताएं। जिसमेन कृषक बिना समिति गये ही उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे, लाइन में लगकर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। नियमानुसार उर्वरकों की सीमा के अन्तर्गत समय पर उपलब्धता और परदर्शी और डिजिटल ब्यवस्था रहेगी। साथ ही कालाबाजारी पर रोक भी लगेगी।



# सपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला किया दहन, पुलिस से खींचतान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद में 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह', 'वोट बचाओ-देश बचाओ' एवं 'मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' अभियान चलाया जा रहा हैइसी क्रम में कार्यक्रम के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेता, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता टाउन हॉल त्रिमूर्ति तिराहे के पास एकत्रित हुए।

वहां से भाजपा सरकार व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे लगाते हुए, जुलूस के रूप में खिरनीबाग चौराहे की ओर बढ़े। रास्ते में भारी पुलिस बल द्वारा जुलूस को रोकने का प्रयास किया गया जिस पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान व कार्यकर्ताओं की काफी देर पुलिस से



की छीना झपटी और धक्का मुक्की हुई। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नाम का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कर कार्यक्रम का समापन किया। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मतदाताओं से उनके वोट का अधिकार छीन कर लगातार देश के लोकतंत्र और संविधान को खतरा पैदा कर रहे हैं उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी वोट चोरी रोकने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से देश के संविधान और लोकतंत्र दोनों को खतरा बना हुआ है। सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग वोट के अधिकार की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त दोनों ही जनता और मतदाताओं के साथ बेमानी कर रहे हैं। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा,सपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बाजपेई,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव,रिजवान अहमद, रफत खान,सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि व मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन कृषि मशीन मंगाने में हुई धोखाधड़ी की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कृषि मशीनरी का ऑनलाइन सौदा कर गलत मशीन भेजने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवादिया धूसर निवासी अधिवक्ता बीरपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने फेस बुक पर डीजल चालित पावर वीडर का विज्ञापन देखकर ऑन लाइन अक्षय अग्रवाल नामक व्यक्ति से संपर्क किया था। दोनों के बीच दस हार्स पॉवर मशीन का सौदा 75 हजार रुपये में तय हुआ। इसके बाद उसने दो हजार रुपये एडवांस भेज दिए। आरोप है कि 10 एचपी डीजल चालित मशीन के स्थान पर 7.5 एचपी पेट्रोल चालित मशीन भेज दी गई। मशीन मिलने के बाद जब उसने संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगा और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता ने आरोपी पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए, रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मारपीट व अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

▸ नामजद दोनों आरोपी पौन माह बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

पौन माह पूर्व मारपीट व अपहरण कर युवक को कार में डाल ले जाने के मामले की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि बीती 16 सितंबर को नगर के मोहल्ला बनवारीपुर निवासी पार्थ पुत्र शशिकान्त की ओर से मुकदमा लिखाने की रंजिश को मानते हुये फोन पर गाली व धमकियां देने तथा रास्ते में चार पहिया गाडी उसकी मोटर साइकिल के सामने लगाकर उसके साथी संदीप पुत्र रविन्द्र विक्रम को कांच की बोतल मारकर घायल कर देने व दूसरे साथी बाबूदीन पुत्र पच्चू को गाडी में अपहरण कर ले जाए जाने की गुरगवां कॉलोनी निवासी मंथन पुत्र अमरनाथ व सिंह



कॉलोनी निवासी अभिराज को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में प्रकाश में आए गांव खिरिया सकतू निवासी ऋषभ उर्फ मिनी गुरु पुत्र राम अवतार को पुलिस ने बुधवार सुबह करीब छह बजे उसके घर से हिरासत में ले लिया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जबकि दोनों नामजद आरोपी अभी फरार है। जिनकी पुलिस सरगरमी से तलाश कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रभाषचन्द्र, एसआई गौरव शर्मा , हेड कांस्टेबल भारत मणि व कांस्टेवल शरद यादव शामिल रहे।

## एक नवम्बर को मेगा कैंप

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 1 नवम्बर को मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 44 विभागों की योजनाओं का चिन्हिकरण व प्रचार-प्रसार करने हेतु विभिन्न विभागों जिनके अन्तर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं प्रचलित है या विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्य व कर्तव्यों के अन्तर्गत आती है जिसमें महिला सशक्तिकरण, जनसामान्य निर्धन बीमा योजना असंगठित श्रम विभाग, जल संरक्षण संबंधी योजनाएं आदि ऐसी कुछ योजनाएं, जिन्हे विधिक साक्षरता का भाग बनाते हुये उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा उक्त के क्रम में जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार उक्त वृहद शिविर का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम में किया जाएगा। जहाँ पर उक्त 44 विभागों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी व चिन्हित लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जायेगा एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सब्जी आढ़ती का डेढ़ लाख रुपये रखा बैग उचक्का लेकर फरार

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सब्जी आढ़त स्वामी की दुकान से डेढ़ लाख रुपये व करीब पौने दो लाख रूपये उधारी के कागजात रखा बैग उचक्का लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार उक्त बैग को ले जाते देखा गया है। समाचार भेजे जाने तक फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। नगर के मोहल्ला चौहटियां निवासी फैज़ान पुत्र अफजाल की नवीन मंडी में सब्जी की आढ़त है। फैजान ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह वह आढ़त से पेशाव करने गया था। कुछ मिनटों में वापस गद्दी पर लौटा तो उसका बैग गायब था। पीड़ित ने बताया कि उसके बैग में कारोबार के डेढ़ लाख रुपये नगदी व एक लाख सत्तर हजार रुपए की उधारी के कागजात रखे थे। अस्पताल के सामने स्थित एक खाद की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखने पर एक बाइक सवार उक्त बैग को ले जाते दिख रहा है। इस बाबत कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि जो बाइक सवार सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है। उसकी पड़ताल में सामने आया कि उसका बैग पीड़ित के बैग से मेल खा रहा है लेकिन जांच में वह आरोपी नहीं निकला। फिलहाल जांच की जा रही है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भागने का आरोप, चार पर केस दर्ज

**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पिता रोजी-रोटी के लिए कमाने दिल्ली गया तभी मौका पाकर पड़ोसियों ने रिश्तेदारों के साथ उसकी पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया पुलिस ने मामले में नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिता ने बताया वह रोजी-रोटी के लिए दिल्ली गया था घर पर उसकी पत्नी और पुत्री रह रही थी। मौका पाकर पड़ोसियों ने अपने रिश्तेदारों के साथ बहला फुसलाकर उसकी पुत्री को रात में अपने घर बुलाकर गाड़ी से जबरन भेज देने की बात पता चली जिससे उसके पैरों तले जमीन खिसक गई उसकी पत्नी के सूचना देने पर वह मजदूरी छोड़ घर लौट कर आया और पुत्री की तलाश करने लगा पूछताछ पर पड़ोसियों ने जान से मार डालने की धमकी दी पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी जिस पर सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर अपहर्ता की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगाई है।

### शिक्षक स्नातक चुनावः भाजपा संचालन समिति की बैठक संपन्न



**पीलीभीत।** बरखेड़ा ब्लॉक सभागार में शिक्षक स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की बरखेड़ा विधानसभा संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में आगामी बरेली-मुरादाबाद स्नातक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लों को विजयी बनाने को लेकर चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में व्यापक स्तर पर संपर्क एवं जनसमर्थन जुटाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, जिला मंत्री एवं शिक्षक स्नातक चुनाव के बरखेड़ा विधानसभा संयोजक अमित कुशवाहा, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा, दो आरोपी गये जेल

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

कस्बा सिंधौली के सैजना रोड पर स्थित नई बस्ती में पिछले आठ सितम्बर की रात ठेकेदार लखन के घर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी का माल बरामद कर दो आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार चोरी के मामले में तीन आरोपियों के नाम सामने आए हैं। इनमें दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी अब तक फरार है। उधर गिरफ्तार किये गए कृष्णा राठौर को निर्दोष बताते हुए उसके पक्ष में मोदी राठौर युवा सेना के जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर राठौर सहित परिजनों ने कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस पर फर्जी खुलासे का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक कस्बा निवासी ठेकेदार लखन की पत्नी रूचि ने आठ सितम्बर की रात हुई चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस टीम लगातार मामले की छानबीन कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी जमुनिया मोड़ के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान सिंधौली निवासी दीपक पांडेय पुत्र मुकेश पांडेय के पास से 12 बोर का तमंचा, दो कारतूस, एक चेन, चार जोड़ी पायल, एक जोड़ी झुमकी, टीका और 1120 रुपये बरामद हुए। वहीं दूसरे आरोपी किशन राठौर उर्फ कृष्णा पुत्र विनोद निवासी कस्बा सिंधौली के पास से दो जोड़ी पायल, झुमकी और टीका बरामद किया गया। पूछताछ में सिंधौली निवासी किट्टू मिश्रा उर्फ ऋश पुत्र राजू मिश्रा का नाम भी सामने आया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में राकेश कुमार, राहुल बैसला और अजय कुमार शामिल रहे। उधर मोदी राठौर युवा सेना के जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर राठौर सहित कृष्णा के परिजन बृहस्पतिवार की दोपहर कोतवाली गेट पर पहुँचे और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कृष्णा को घर से उठाकर ले गयी पुलिस ने निर्दोष को गुनहगार बना दिया। परिजनों के मुताबिक पुलिस इससे पहले भी कृष्णा से पूछताछ कर चुकी है। कोतवाली इंचार्ज जयप्रकाश सिंह ने बताया कि खुलासा बिलकुल सही हुआ है। आरोप झूठे हैं।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

▸ गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह ग्राम मंसूरपुर गोटिया निवासी रामपाल अपनी भाभी विमला देवी के साथ बाइक से तिलहर से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान सीएचसी के समीप तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर गुरुवार सुबह मदनापुर क्षेत्र के गांव भेदपुर निवासी 24 वर्षीय विजय कश्यप बाइक से घर जा रहा था। गांव में ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## हनुमतधाम पर निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर

**शाहजहांपुर।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर हनुमतधाम पर उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चंद्र शेखर खन्ना धीरु रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समय समय पर लगते रहने चहिए। संस्था अच्छा कार्य कर रही है। शिविरि में मोहम्मदी के डा. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के डाक्टरों द्वारा आए हुए लोगों की आंखों का चैकअप किया गया। दवा, जांच आदि निःशुल्क कर डाक्टरों द्वारा सलाह दी गई। मोतियाबिंद के चिंहित मरीजों को आपरेशन के लिए संस्था द्वारा गाड़ी से मोहम्मदी अस्पताल भिजवाया गया। इस दौरान अध्यक्ष नीलम गुप्ता, डॉ. संगीता मोहन, रेखा मोदी, सोनिया गुप्ता, नीति गुप्ता, रश्मि गुप्ता, शैली गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## नाबालिग से दुष्कर्म, फिर दबाव में शादी की चौथे दिन भेज दिया गांव

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

▸ कोर्ट के आदेश पर आरोपी समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर ले जाकर दुष्कर्म कर गांव के बाहर छोड़ जाने तथा रिपोर्ट लिखाने जाने के दौरान युवक के परिजनों ने शादी कर लेने की बात कहकर उसके साथ फिर दुष्कर्म कर छोड़ देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने कोर्ट की शरण ली । कोर्ट के आदेश पर आरोपी युवक समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव दलेलापुर निवासी रचित पुत्र महेश का उसके गांव में अपनी रिश्तेदारी में आना-जाना था ।

आरोप है कि बीती 7/8 फरवरी की रात में रचित उसकी नाबालिक बेटियों को बहला फुसलाकर भगा ले गया था । उसने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद वह बेटी को गांव से बाहर छोड गया । घर पहुंचने पर डरी सहमी बेटी ने माँ को घटना बताई। इस दौरान रचित के साथ विजय नाम का एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था जिसे रचित मामा कहकर पुकारता था । रचित ने किसी को कोई बात बताने पर जन से मारने की धमकी दी थी । आरोप है कि 11 फरवरी को वह रिपोर्ट लिखाने के लिए तहरीर टाइप करा रहा था इसी दौरान रचित व पिता पिता महेश कुमार , बाबा रामदीन , बीसलपुर के ग्राम गुलौंदा गौटिया निवासी उसके फूफा कुलदीप व बंडा क्षेत्र के उसके रिश्तेदार मिश्री लाल ने रिपोर्ट नही लिखवाने दी । और कहा कि उसकी लडकी की शादी रचित के साथ ही करा देगे। आरोप है कि उक्त सभी लोगो उसकी बेटी को बहला फुसलाकर शादी के लिए तैयार कर लिया। जबकि उसने इस रिश्ते से मना कर दिया। किन्तु फिर भी उक्त लोगो ने स्वंय व अपनी जान पहचान के अन्य लोगो के माध्यम से दवाब डालकर बिना किसी तैयारी के भी 10-15 लोग उसके घर आकर जबरन धोखा देने की मंशा से शादी करके ले गए। आरोप है कि तीन दिन तक बेटी को घर मे रखा इस दौरान भी रचित ने बेटी से कई बार जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाये। और चौथे दिन वापस घर भेज दिया। उसने पुलिस थाने व उच्चाधिकारियों को घटना बताई। लेकिन की कार्यवाही न होने पर उसने कोर्ट की शरण ली । कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## पलिया को बड़ी रेल सौगात की उम्मीद, ब्रॉडगेज सर्वे में शामिल हुआ पलिया कलां स्टेशन

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी-नानपारा प्रस्तावित ब्रॉडगेज रेलवे लाइन को लेकर पलिया क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी और महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के उप मुख्य अभियंता/निर्माण-1 कार्यालय द्वारा 24 सितंबर 2026 को जारी RTI के जवाब में बताया गया है कि प्रस्तावित FLS (Final Location Survey) और DPR सर्वेक्षण में पलिया कलां रेलवे स्टेशन को शामिल किया जाना प्रस्तावित है। RTI के जवाब के अनुसार मैलानी जंक्शन से भीरा रेलवे स्टेशन तक वर्तमान मीटर गेज लाइन के समानांतर नई ब्रॉडगेज लाइन बनाए जाने का प्रस्ताव है। वहीं भीरा से पलिया कलां रेलवे स्टेशन के बीच प्रस्तावित नानपारा-मैलानी ब्रॉडगेज लाइन को मोड़ने का फिलहाल कोई प्लान नहीं बताया गया है। हालांकि, सर्वेक्षण में पलिया कलां रेलवे स्टेशन को मौजूदा स्थान पर ही प्रस्तावित किया गया है। रेलवे के इस जवाब के सामने आने के बाद पलिया क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है। लंबे समय से ब्रॉडगेज रेल कनेक्टिविटी की मांग कर रहे लोगों का मानना है कि यदि प्रस्तावित सर्वे और DPR के बाद परियोजना आगे बढ़ती है, तो इससे पलिया समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन और व्यापार के क्षेत्र में बड़ा लाभ मिल सकता है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन का धरना-प्रदर्शन

▸ चुनाव आयुक्त के साथ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व सीएम का पुतला फूंका

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और भाकपा माले ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा लिखे जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री, ग्रह मंत्री, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान कई बार पुलिस से कार्यकताओं की झड़प भी हुई। सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट गेट पर चढ़कर प्रदर्शन करने लगे। समाजवादी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता खीरी सांसद उत्कर्ष



वर्मा, धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव के नेत्रत्व में स्थानीय विलोबी मेमोरियल मैदान में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया तथा वहां से बडे चैराहे, अस्पताल रोड व जेल रोड होते हुए कलेक्ट्रेट के गेट तक मार्च किर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिस पर देश के सभी राजनैतिक दलों सहित एक-एक नागरिक का भरोसा कायम था लेकिन जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग में जब से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति हुई है तब से यह संस्था भाजपा के इशारे पर काम कर रही है समाजवादी पार्टी सहित देश की तमाम पार्टियों ने समय समय पर निर्वाचन आयोग से शिकायते की है लेकिन किसी भी शिकायत का चुनाव आयोग संज्ञान नही ले रहा है। तमाम विधान सभा व लोक सभा के चुनावों व उप चुनावों मे आयोग की अनियमितताएं सामने आ चुकी है। एसआईआर के नाम पर लाखों लोगों के नाम काटे गये। फार्म-6 में अपनी मन मर्जी से संशोधन किया, दो अन्य चुनाव आयुक्तों की राय को नजर अंदाज किया गया जिससे भारत निर्वाचन आयोग की साख लगातार गिरती जा रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की कार्यशैली संदेह के घेरे में है। समाजवादी पार्टी मांग करती है कि लोकतंत्र के हत्यारे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राष्ट्रदोह का मुकदमा लिखकर जेल भेजकर निष्पक्ष कार्यवाही कराकर, लोकतंत्र की रक्षा कराने की मांग की है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पूर्व सांसद दाउद अहमद, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, जिला महासचिव अंसार महलूद, पूर्व प्रत्याशी वरूण चैधरी, विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा, त्रिलोक सिंह, शेरसिंह यादव, वीरेन्द्र वर्मा, फुरकान अंसारी, सुरेश पाल यादव, भण्डारी यादव, विकास यादव व समाजवादी पार्टी के सभी प्रकोष्ठ, नगर, ब्लाक के अध्यक्ष, राष्ट्रीय व प्रदेश के पदाधिकारीगण सहित हजारों पार्टी के कर्याकर्ता मौजूद रहे।

## विकास भवन में डीएम का औचक निरीक्षण पांच अधिकारी मिले गैरहाजिर



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने गुरुवार को सुबह करीब 10 :05 बजे विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे जिलाधिकारी को देखकर कार्यालयों में मौजूद कर्मचारियों में हलचल मच गई। निरीक्षण के दौरान पांच अधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। जिलाधिकारी के निरीक्षण में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी अपनी सीट पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में रखे अभिलेखों, भवन के रखरखाव और साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालय परिसर में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें, ताकि जनसामान्य को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता से संबंधित लंबित फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक समय से पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और परियोजना निदेशक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सर्व साधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल एस. के. फाइनेंस कम्पनी लखीमपुर खीरी के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूं कि मेरे मुवक्किल का एक ग्राहक जाबिर अली पुत्र कमरुद्दीन निवासी नौरंगाबाद व तहसील लखीमपुर खीरी जिला लखीमपुर खीरी एक किता प्लाट क्षेत्रफल 74.628 वर्गमीटर प्लाट नं. 1 स्थित सलेमपुर व परगना व तहसील लखीमपुर खीरी जिला लखीमपुर खीरी। जाबिर अली पुत्र कमरुद्दीन एस. के. फाइनेंस कम्पनी लखीमपुर खीरी से लोन कराना चाहता है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित चैन डीड बैनामा दिनांक 23.11.2016 जिसकी कि रजिस्ट्री संख्या बही संख्या 1 जिल्द 10912 पृष्ठ संख्या 301 से 332 दस्तावेज संख्या 16368 जोकि श्रीमती सालिहा खातून पत्नी मकसूद अली के हक में 1.अब्दुल गफ्फार 2. अली कदीर 3. साबिर अली पुत्रगण अब्दुल गफूर ने निष्पादित किया था, जोकि अन्य कागजों के साथ एक थैले में रखा था जो कि दिनांक 01.06.2026 को अपने घर से तहसील सदर लखीमपुर खीरी जा रहा था रास्ते कहीं थैला गिर गया जो कि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। उक्त की सूचना थाने में दे दी गयी। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा बैंक या अन्य संस्थान को इसके बाबत कोई आपत्ति हो तो वह नीचे लिखे पते व मोबाइल नम्बर पर इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सम्पर्क कर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। दिनांक- 07.10.2026

**सतेन्द्र पाल सिंह यादव एडवोकेट डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भवन चेम्बर नं. 5 जजी कचहरी शाहजहांपुर। मो.नं.- 9621238632**

## चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल, कलेक्ट्रेट तक सपा का जोरदार मार्च

▸ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग

▸ एसआईआर और मतदाता सूची के मुद्दे पर सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी, एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर आयोजित लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत सपा कार्यकर्ता नकटा दाना चौराहा स्थित जिला कार्यालय पर



एकत्र हुए। यहां से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। रास्तेभर कार्यकर्ता वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ और चुनाव आयुक्त इस्तीफा दो जैसे नारे लगाते रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद सपा नेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की। नकटा दाना स्थित पार्टी कार्यालय पर सुबह से ही सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हो गया था। देखते ही देखते बड़ी संख्या में कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। इसके बाद जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार के नेतृत्व में पैदल मार्च शुरू हुआ। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में झंडे और तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मतदाता सूची में किसी पात्र नागरिक का नाम प्रभावित होना उसके मताधिकार से जुड़ा गंभीर विषय है। सपा नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए और चुनाव व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध का अलग अंदाज भी अपनाया। एक कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मुखौटा लगाकर मार्च में शामिल हुआ।

### पीलीभीत पहुंचीं सपा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

**मुकेश कुमार**



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में गुरुवार को सपा कार्यकर्ताओं ने 'लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ, वोट बचाओ' अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। नकटादाना स्थित सपा कैंप कार्यालय से कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर विरोध जताया गया। दिव्या गंगवार ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट है और वोट की निष्पक्षता पर किसी भी प्रकार का सवाल लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर भाजपा सरकार और चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर जमकर नारेबाजी की। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। दिव्या गंगवार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की मजबूती के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की ताकत को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। दिव्या गंगवार के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं का आक्रोश और नारेबाजी काफी देर तक जारी रही।

## महंगाई, राजनीति और जनता की कसौटी

देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल विकास की गति बनाए रखना नहीं, बल्कि आम आदमी के जीवन को आर्थिक दबाव से बचाना भी है। 7 अक्टूबर की घटनाओं ने इस चुनौती को एक बार फिर सामने ला दिया। भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब चार वर्ष बाद रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक का यह फैसला बढ़ती महंगाई और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से पैदा हुए दबाव का संकेत है।

भारत की अर्थव्यवस्था की तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान जताया है। लेकिन विकास के इन आंकड़ों का वास्तविक महत्व तभी है, जब इसका लाभ आम नागरिक की क्रय शक्ति और रोजगार के अवसरों में दिखाई दे। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, कमजोर मानसून और खाद्य वस्तुओं की महंगाई घरेलू बजट को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में ब्याज दर बढ़ने से कर्ज महंगा होने की आशंका भी बढ़ती है। घर, वाहन और कारोबार के लिए ऋण लेने वाले मध्यम वर्ग तथा छोटे उद्यमियों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

दूसरी ओर, राजनीति का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष का आंदोलन लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़े गंभीर सवालों को सामने ला रहा है। 7 अक्टूबर को दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन और नेताओं की हिरासत ने राजनीतिक टकराव को और तीखा किया। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर जनता का भरोसा सर्वोपरि है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी है कि संस्थाओं की गरिमा बनाए रखें और किसी भी आरोप का जवाब तथ्यों तथा संवैधानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से दें।

उत्तर प्रदेश में भी आने वाले विधानसभा चुनावों की आहट साफ सुनाई देने लगी है। सत्तारूढ़ भाजपा जहां अपने राजनीतिक प्रभाव को लेकर आत्मविश्वास जता रही है, वहीं विपक्ष मतदाता सूची, चुनावी पारदर्शिता और सामाजिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का '80-20' वाला चुनावी आकलन भी इसी राजनीतिक माहौल का हिस्सा है। लेकिन चुनावी नारों और आंकड़ों से आगे जनता के वास्तविक सवाल कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं–रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और किसानों की आय।

प्रशासनिक स्तर पर उत्तर प्रदेश में 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले भी किए गए हैं। ऐसे फेरबदल तभी सार्थक माने जाएंगे, जब उनका असर जमीन पर कानून-व्यवस्था और आम नागरिक की सुरक्षा में दिखाई दे। शासन की सफलता का मूल्यांकन आदेशों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके परिणामों से होना चाहिए।

आज देश को राजनीतिक शोर से अधिक ठोस समाधान की जरूरत है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण, रोजगार सृजन और आर्थिक अवसर बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। विपक्ष को भी केवल विरोध तक सीमित रहने के बजाय वैकल्पिक नीतियों का स्पष्ट खाका जनता के सामने रखना चाहिए।

लोकतंत्र में अंततः फैसला जनता करती है। इसलिए सत्ता और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि चुनावी गणित क्षणिक हो सकता है, लेकिन जनता की समस्याएं स्थायी होती हैं। देश की राजनीति की असली कसौटी यही है कि वह आम नागरिक के जीवन को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर बना पाती है। इसके साथ ही सरकारों के लिए यह भी जरूरी है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंचे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, छोटे कारोबार और युवाओं के रोजगार पर विशेष ध्यान देना होगा। केवल बड़े आर्थिक आंकड़े देश की प्रगति की पूरी तस्वीर नहीं बताते। विकास की असली पहचान तभी होगी, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसके जीवन में ठोस बदलाव दिखाई दे।

### दो टूक




# नाना पाटेकरः बेबाक आवाज का अंत


स्वदेश कुमार

भारतीय सिनेमा के फलक पर कुछ ही ऐसे चेहरे होते हैं जो सिर्फ कैमरे के सामने अभिनय नहीं करते, बल्कि अपनी मौजूदगी से पूरे समाज के भीतर सुलग रहे सवालों को आवाज देते हैं। 8 अक्टूबर 2026 को गोवा के डोना पाउला स्थित अपने फ्लैट में 75 वर्ष की आयु में जब नाना पाटेकर ने अंतिम सांस ली, तो देश ने केवल एक दिग्गज अभिनेता को नहीं खोया, बल्कि उसने अपनी माटी की वह खरी आवाज खो दी जो कभी सत्ता के आगे झुकी नहीं और न ही किसी दिखावे की चादर में छिपी।

महाराष्ट्र के रायगढ़ में 1 जनवरी को जन्मे विश्वनाथ पाटेकर से लेकर पर्दे के 'नाना' बनने तक का उनका यह सफर किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं था, लेकिन यह पटकथा पूरी तरह सच के पन्नों पर लिखी गई थी। आंकड़ों और तथ्यों के आईने में देखें तो नाना पाटेकर का पांच दशकों से अधिक लंबा करियर इस बात की गवाही देता है कि बिना किसी फिल्मी घराने या गॉडफादर के भी कैसे सिर्फ प्रतिभा और जमीन से जुड़कर शिखर को छुआ जा सकता है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने सौ से अधिक फिल्मों में काम किया और अपने अभिनय के दम पर तीन बार प्रतिष्ठित नेशनल फिल्म अवॉर्ड अपने नाम किए। साल 1989 की चर्चित फिल्म 'परिंदा' में खतरनाक गैंगस्टर अन्ना के किरदार के लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, जिसके बाद 1994 की फिल्म 'क्रांतिवीर' के बागी प्रताप पाटिल के रूप में उनके दमदार और आग उगलते संवादों ने पूरे देश के युवाओं में एक नई चेतना जगा दी, और इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके ठीक बाद 1996 में आई फिल्म 'अग्निसाक्षी' में उनके रोंगटे खड़े कर देने वाले अभिनय के लिए उन्हें फिर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा भारतीय कला जगत में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए साल 2013 में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। वह मराठी सिनेमा के पहले ऐसे सुपरस्टार थे जिन्होंने रंगमंच की मजबूत नींव पर खड़े होकर हिंदी सिनेमा के मुख्यधारा के आंचल में अपनी एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर पाया।

लेकिन जिस कलाकार ने अपनी पूरी जिंदगी मंच पर और पर्दे के पीछे बेबाकी की मिसाल पेश की, उसके आखिरी पल इतने वीरान और दर्दनाक होंगे, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। गोवा के मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शेखर सालकर और शुरुआती मेडिकल खुलासों के मुताबिक, 8 अक्टूबर 2026 की उस मनहूस रात में, जब पूरी दुनिया गहरी नींद में थी, नाना पाटेकर के सीने में अचानक तेज घबराहट और बाईं तरफ असहनीय दर्द उठा। अपने गोवा वाले फ्लैट में उस वक्त वे पूरी तरह अकेले थे। जिंदगी के उस आखिरी और सबसे बड़े संकट के क्षण में उन्होंने अपने एक बेहद करीबी और जिगरी दोस्त को व्हाट्सएप पर एक संदेश भेजा। उस संदेश में उन्होंने अपनी बिगड़ती तबीयत और दिल के पास उठ रहे उस तूफान का जिक्र किया था। लेकिन विडंबना देखिए कि उस गहरी रात में दोस्त का फोन साइलेंट होने या दूर रखे होने के कारण वह नोटिफिकेशन उस समय तक नहीं देख सका। जब करीब डेढ़ घंटे बीत जाने के बाद सुबह के चार बजे उस दोस्त की आंख खुली और उसने मोबाइल पर नाना का वह दर्दभरा पैगाम पढ़ा, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह बिना एक पल गंवाए तुरंत डोना पाउला स्थित उस फ्लैट की तरफ दौड़ा, जहां का नजारा किसी खौफनाक सपने जैसा था। नाना पाटेकर अपने कमरे के फर्श पर अचेत गिरे हुए थे, उनका पूरा शरीर पसीने से बुरी तरह भीगा हुआ था और वे सांस लेने के लिए भयानक संघर्ष कर रहे थे। आनन-फानन में उन्हें गाड़ी में डालकर मणिपाल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सुबह करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया। अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने पूरी शिद्दत के साथ लगभग पैंतालीस मिनट से एक घंटे तक लगातार सीपीआर यानी कार्डियक मसाज देकर उनकी रुकी हुई धड़कनों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन मौत अपनी बाजी जीत चुकी थी और इस महान फनकार का जिस्म हमेशा के लिए शांत हो चुका था।



नाना पाटेकर की मौत के बाद उनके जीवन के वे फलसफे और इंटरव्यू फिर से गूंज उठे हैं जो उन्होंने जीते-जी बेबाकी से कहे थे। एक बार एक इंटरव्यू में उन्होंने मौत की सच्चाई को बहुत ही गहरे और बेबाक अंदाज में समझाते हुए कहा था कि इंसान हमेशा खुद को अमर समझकर दिन-रात दौलत, शोहरत और सुख-सुविधाओं के पीछे भागता रहता है, जबकि हकीकत यह है कि जिंदगी से ज्यादा अनिश्चित कुछ भी नहीं है। उनका मानना था कि यदि हर इंसान सुबह उठते वक्त यह मान ले कि वह कल इस दुनिया में नहीं रहेगा, तो शायद वह अपने सारे अहंकार, लालच और दिखावे को छोड़कर आज के इस पल को पूरी सादगी, सच्चाई और इंसानियत के साथ जी सके।

सिनेमा को लेकर उनका नजरिया बिल्कुल स्पष्ट था। उनका साफ कहना था कि यदि मेरे पास करोड़ों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का इतना बड़ा और असरदार माध्यम मौजूद है, और फिर भी मैं उसका इस्तेमाल समाज के दबे-कुचले लोगों, किसानों के दर्द और व्यवस्था की सड़न को बयां करने के लिए नहीं करता, तो उस अभिनेता होने का कोई मतलब ही नहीं है। यही वजह थी कि उन्होंने फिल्मों में केवल मनोरंजन करने के बजाय 'अंकुश', 'तिरंगा', 'अपहरण' और 'राजनीति' जैसे गंभीर मुद्दों को चुना। असल जिंदगी में भी वह सिर्फ बातों के शेर नहीं थे, बल्कि सामाजिक जमीन पर उतरकर काम करने वाले इंसान थे। महाराष्ट्र और देश के सूखाग्रस्त इलाकों में जब किसानों की आत्महत्याओं का दौर बढ़ा, तो उन्होंने अभिनेता मकरंद अनासपुरे के साथ मिलकर 'नाम फाउंडेशन' की नींव रखी। इसके जरिए उन्होंने न केवल किसानों के परिवारों को आर्थिक संबल दिया, बल्कि जल संरक्षण के बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करके यह साबित कर दिया कि एक सच्चा कलाकार सिर्फ पर्दे का हीरो नहीं होता, बल्कि वह असल जिंदगी का भी मसीहा होता है। राजनीति और अपनी बेबाक टिप्पणियों को लेकर भी वह कभी किसी के दबाव में नहीं आए। जब उनसे उनके राजनीतिक रुख या तथाकथित 'मोदी भक्त' होने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के दो टूक कहा था कि उन्हें इन लेबल से कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका सीधा और कड़क रुख था कि देशहित में यदि कोई काम अच्छा होता है, तो वह उसकी तारीफ खुले दिल से करेंगे, क्योंकि वे किसी पार्टी के नहीं बल्कि इस देश के एक जागरूक नागरिक हैं। उनकी अंतिम इच्छा और उनका अंतिम संस्कार भी उनके व्यक्तित्व की तरह ही पूरी तरह बेबाक और फकीराना रहा। साल 2023 में अपनी फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के प्रचार के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी अंतिम इच्छा जताते हुए कहा था कि वे अपनी पूरी जिंदगी बेहद साधारण तरीके से जिए हैं और वे मरने के बाद भी किसी ढकोसले में नहीं रहना चाहते। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था कि उनके अंतिम संस्कार में कभी भी गीली लकड़ियों का इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि गीली लकड़ियों से उठने वाला धुआं वहां मौजूद लोगों की आंखों में आंसू ले आएगा, और वे कतई नहीं चाहते कि उनके जाने पर कोई भी रोए या उनकी तस्वीर पर माला चढ़ाकर शोक मनाए।

उनका मानना था कि उनके माता-पिता, भाई और बहनें सभी इस दुनिया से जा चुके हैं और वे अकेले बचे हैं, इसलिए उनकी यह मौत उन्हें उनके अपनों के पास ही ले जा रही है। उनके माता-पिता और परिवार के बिछड़ने का वह अकेलापन उनके भीतर हमेशा एक गहरी खामोश टीस बनकर रहता था। आज जब वे खुद इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं, तो महाराष्ट्र सरकार ने उनके महान योगदान और जनसेवा को सम्मान देते हुए पुणे स्थित उनके फार्महाउस पर राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम विदाई की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश की तमाम राजनीतिक और फिल्मी हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यही माना है कि नाना पाटेकर का जाना भारतीय संस्कृति और सिनेमा के एक ऐसे युग का अंत है, जिसे चाहकर भी दोबारा पैदा नहीं किया जा सकता। वे फिल्मों के आसमान में एक आजाद परिंदे की तरह उड़े, जिन्होंने अपनी आवाज से व्यवस्था की नींव हिला दी और अपनी खामोशी से करोड़ों दिलों में एक ऐसा खालीपन छोड़ गए जिसे कभी भरा नहीं जा सकता। अलविदा नाना, तुम्हारी वह तीखी और खरी आवाज हमेशा इस देश की हवाओं में गूंजती रहेगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# मणिपुर हिंसा पर केंद्र से जवाब मांगेंगे ईसाई संगठन

आशीष विश्वास

नवम्बर में, भारत सरकार और सत्ताधारी भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को एक और मुश्किल कूटनीतिक दौर का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि भारत में कई ईसाई संगठन 29 तारीख को नई दिल्ली में एक बड़ा सम्मेलन करने की योजना बना रहे हैं। भारत में ईसाई समुदाय के नेताओं का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बात की ओर ज्यादा ध्यान दिलाना है कि हाल के वर्षों में उन्हें निशाना बनाकर की जाने वाली धार्मिक हिंसा में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। आधिकारिक तौर पर, ईसाई चर्च केंद्र सरकार से आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और एकजुट भारत की अपील कर रहा है, साथ ही पूर्वोत्तर भारत (खासकर मणिपुर) में भीड़ और जातीय हिंसा में बढ़ोतरी के प्रति सरकार की कथित उदासीनता की आलोचना भी कर रहा है। समुदाय के नेताओं के अनुसार, भारत के संघीय नेताओं ने अल्पसंख्यकों की समस्या से आंखें मूंद ली हैं।

भारत में कुछ अन्य (खासकर इस्लामी!) समूहों के विपरीत, ईसाई नेता राज्य और केंद्र स्तर पर स्थापित सरकारों के साथ बातचीत में ज्यादा संयमित भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वे अपनी बात सार्वजनिक रूप से रखने में भी ज्यादा सावधानी बरतते हैं। यह रवैया, उदाहरण के लिए, हाल ही में संयुक्त राष्ट्र आमसभा सत्र में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से सवाल पूछते समय एक पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा अपनाए गए आक्रामक और अभद्र व्यवहार से बिल्कुल अलग है। पूर्वोत्तर भारत के कैथोलिक बिशप (एनईआईआरबीसी) के तर्कों के केंद्र में धर्म से जुड़ी हिंसा का बढ़ता स्तर है। इस संगठन के सदस्य मणिपुर के अशांत इलाकों का दौरा कर रहे हैं और समुदाय के नेताओं, आम लोगों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के स्थानीय मंत्रियों और अधिकारियों से भी मिल रहे हैं। 2014 में, पूर्वोत्तर क्षेत्र में भीड़ की हिंसा, घात लगाकर किए गए हमलों या भीड़ध्समूह के हमलों में 139 लोग मारे गए थे। 2024 तक, ऐसे पीड़ितों की संख्या - जिनमें ज्यादातर गैर-हिंदू ईसाई थे - बढ़कर 834 हो गई। 2014-2024 के दौरान, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र में सत्ता में रही है और उसने इस क्षेत्र में कुछ राज्य विधानसभा चुनाव भी जीते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि पूर्वोत्तर भारत में ज्यादातर ईसाई और मुस्लिम भाजपा को दक्षिणपंथी कट्टरपंथी पार्टी मानते हैं। हाल ही में, एक नई समस्या पैदा हुई है जिसने पहले से ही तनावपूर्ण और असहज अंतर-जातीय संबंधों को और जटिल बना दिया है। नागा और कुकी-जो समुदाय- जो दोनों ईसाई हैं - अच्छी तरह से हथियारों से लैस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कई सामूहिक हमलों, घात लगाकर किए गए हमलों और अपहरण की घटनाओं के शिकार हुए हैं। संगठित हिंसा की ऐसी घटनाओं के कारण कम से कम 35-40 लोगों की मौत हो चुकी है, मुख्य रूप से मणिपुर में। ज्यादातर झड़पें स्थानीय क्षेत्र पर वर्चस्व के लिए कभी न खत्म होने वाली लड़ाई को लेकर हुई हैं, जिसमें दोनों समूह शामिल हैं। स्वाभाविक रूप से, ईसाई समुदाय के नेताओं ने अपने ही धर्म के लोगों द्वारा एक-दूसरे की हत्या करने- यानी आपसी हिंसा- पर गहरी चिंता जताई है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब कुकी-जो आदिवासी पहले से ही मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई (गैर-ईसाई) जनजाति के साथ सशस्त्र विवाद में उलझे हुए हैं। उनकी सार्वजनिक अपील का लहजा बिल्कुल सही हैरू किसी को भी, खासकर ईसाइयों को, विवादों या शिकायतों आदि को सुलझाते समय हिंसा का सहारा नहीं लेना चाहिए। हिंसक टकराव में कभी कोई नहीं जीतता।

इसका एकमात्र दीर्घकालिक परिणाम प्रमुख समुदायों के बीच स्थायी दुश्मनी और अविश्वास होता है जो पीढ़ियों तक बना रहता है! जब ऐसी घटनाएं हों तो केंद्र और राज्य अधिकारियों को भी अधिक प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप करना चाहिए, समुदाय के नेताओं की तो बात ही क्या? इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि जब इस क्षेत्र में सुशासन बनाए रखने की बात आती है तो संबंधित राज्य और केंद्र सरकारों के लिए अपना बचाव करना मुश्किल होगा। एनडीए सरकार को यह जवाब देना होगा और बताना होगा कि 3 मई, 2023 को मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच भड़की जातीय हिंसा में 300 से ज्यादा लोग कैसे और क्यों मारे गए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, कम से कम 60,000 लोग बेघर हो गए, 49 लोग लापता हैं, और सैकड़ों घरों-दफ्तरों के साथ-साथ 300 से ज्यादा धार्मिक स्थलों (जिनमें 250 चर्च शामिल हैं) में तोड़-फोड़ की गई। फिलहाल, मणिपुर और पड़ोसी राज्यों के कुछ हिस्सों में शांति की एक नाजुक स्थिति बनी हुई है। मैतेई नेता बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाई, लेकिन उन्हें बदलने में हुई भारी देरी के बावजूद हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ है! हालांकि, ईसाई नेताओं ने भी हालात सुधारने के लिए कोई असरदार या ठोस प्रस्ताव पेश नहीं किए हैं, जैसा कि उन्होंने कहा था। नागा और कुकी समुदायों के बीच झड़पें यह दिखाती हैं कि वे अपने समर्थकों को काबू में रखने में नाकाम रहे हैं। इसके अलावा, कुछ इलाकों में वे स्थानीय प्रशासन के साथ हमेशा सहयोग भी नहीं करते हैं।

उदाहरण के लिए, कुछ समय पहले भारत सरकार ने मिजोरम के आदिवासी अधिकारियों से अपील की थी कि वे म्यांमार में जारी जातीय हिंसा के कारण भागकर आ रहे कुकी लोगों को शरण न दें। कुछ मामलों में सिर्फ आपातकालीन मदद ही दी जा सकती थी। मिजोरम के आदिवासी अधिकारी इस बात से सहमत नहीं हुए। उन्होंने बताया कि मिजो और कुकी दोनों समुदायों के रिश्तेदार म्यांमार में रहते हैं, इसलिए उन्हें वापस नहीं भेजा जा सकता। म्यांमार से विस्थापित हुए लगभग 30,000 से ज्यादा लोग मिजो अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे खास सेंटरों या कैंपों में रह रहे हैं, लेकिन उनकी स्थिति अभी भी तय नहीं है। स्थानीय मिजो लोग, कुछ पूर्वोत्तर निवासियों और अंतरराष्ट्रीय ईसाई संगठनों की मदद से उन्हें आर्थिक और दूसरी तरह की सहायता दे रहे हैं। भारत सरकार भी समय-समय पर मदद करती है, लेकिन उसका कहना है कि म्यांमार या चीन में जातीय संघर्षों के कारण ऐसी मदद जारी रखना कोई सामान्य नियम नहीं हो सकता! इस मुद्दे पर भारत और म्यांमार के बीच आधिकारिक बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। भारत सरकार ने अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में गैर-भारतीयों के और ज्यादा आने को रोकने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने का प्रस्ताव रखा है। लेकिन स्थानीय चर्च अधिकारियों और उनके अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों ने इसका कड़ा विरोध किया है। राज्य और केंद्र के अधिकारियों ने बार-बार पहाड़ियों और जंगलों वाले बड़े और मुश्किल इलाके में प्रभावी सीमा प्रबंधन करने में आने वाली भारी लागत और कठिनाइयों का जिक्र किया है, लेकिन इस तर्क का स्थानीय चर्च अधिकारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


संजय एम तराणेकर

### पर्दा गिर गया, नाना अमर हो गए...!

जिस आवाज़ में था सच का साहस,
जिस आँखों में था दर्द, देता राहत।
जिसके संवाद में जीवन बोलता था,
आज वो ही कलाकार मौन हो गया।

'परिंदा' में उसके संघर्ष की आग थी,
'तिरंगा' में जज़्बा–'प्रहार' स्वाभिमान।
'अग्निसाक्षी' संवेदनाओं की गहराई,
'क्रांतिवीर' की आवाज़ नाना महान।

'खामोशी' में मौन हुआ रूदन संगीत,
'अब तक छप्पन' में हैं कठोर चेहरा।
फिर 'वेलकम' में हँसाकर आ ठहरा,
अंदर इंसानियत की जीत का सेहरा।

जब 'नटसम्राट' बनके उभरकर आए,
सब को लगा रंगमंच स्वयं बोल पड़ा।
संवाद नहीं केवल शब्द, जीवन घुला,
किरदारों में सदा नाना रहता है खड़ा।



# 'मेरे कृष्ण' ने जीवन्त कराई तीनों युगों की अनुभूति

दिनेश दुबे



अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि एवं साहित्यकार डॉ. नरेश कात्यायन के लेखन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजीव सिंह दिनकर के निर्देशन में तैयार महानाट्य 'मेरे कृष्ण' इन दिनों कला जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। कर्णप्रिय गीत, सुमधुर संगीत, बहुरंगी प्रकाश व्यवस्था और आधुनिक मल्टीमीडिया तकनीक के अद्भुत समन्वय से तैयार यह प्रस्तुति करीब तीन घंटे में भगवान श्रीकृष्ण के विराट जीवन-दर्शन को मंच पर सजीव कर देती है। दर्शक न केवल कृष्ण की लीलाओं से जुड़ते हैं, बल्कि पात्रों के संवाद और अभिनय के माध्यम से त्रेता, द्वापर और कलियुग–तीनों युगों की अनुभूति करते नजर आते हैं।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में दो अक्टूबर की शाम साढ़े सात बजे जब श्रीकृष्ण आरती की मधुर ध्वनि के बीच मंच पर से पर्दा उठा तो सामने राजसी वेशभूषा में पितामह भीष्म और सिंहासन पर विराजमान सम्राट युधिष्ठिर दिखाई दिए। भीष्म के प्रस्ताव पर श्रीकृष्ण की प्रथम पूजा की तैयारी चल रही थी। इसी बीच सभा के मध्य से चेदिराज शिशुपाल उठता है और श्रीकृष्ण के साथ पांडवों तथा पितामह भीष्म के प्रति भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए विरोध शुरू कर देता है।

वीर रस से ओतप्रोत काव्यात्मक संवादों में शिशुपाल का वक्तव्य पूरा भी नहीं हुआ था कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पितामह भीष्म और सम्राट युधिष्ठिर के हस्तक्षेप के बावजूद जब शिशुपाल शांत नहीं हुआ तो दाऊ बलराम का आक्रोश और श्रीकृष्ण को धिक्कारते हुए उनका अभिनय दर्शकों को स्तब्ध कर देता है। इसके बाद श्रीकृष्ण की भूमिका निभा रहे प्रसिद्ध अभिनेता सौरभ राज जैन जब शिशुपाल को चेतावनी देते हुए अपनी बुआ को दिए गए सौ अपराध क्षमा करने के वचन की याद दिलाते हैं तो पूरे सभागार में सन्नाटा छा जाता है। मंच पर संवाद, प्रकाश और संगीत का ऐसा संयोजन दिखाई देता है मानो दर्शक किसी फिल्म का हिस्सा बन गए हों।

महानाट्य की सबसे बड़ी विशेषता इसका विस्तृत पात्र संसार और कलाकारों का प्रभावशाली अभिनय है। भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका में सौरभ राज जैन, महामाया और राधा की भूमिका में पूजा शर्मा, दुर्योधन और कंस के रूप में अर्पित रंका, शकुनि और विराग की भूमिका में पृथ्वी केशरी, सुदामा और जरा बहेलिया के रूप में मनीष राजपूत, बर्बरीक के रूप में संदीप सिंह तथा भीम की भूमिका में कृष्ण जायसवाल ने प्रभाव छोड़ा है। बलराम की भूमिका अद्वित प्रताप, भीष्म और महर्षि दुर्वासा की भूमिका अनूप शुक्ला तथा धृतराष्ट्र की भूमिका पारितोष श्रीवास्तव निभा रहे हैं। शिशुपाल के रूप में टाइगर कामथ का अभिनय भी दर्शकों का ध्यान खींचता है।

श्रीदामा और साम्ब की भूमिका विशाल कुमार, सहदेव के रूप में ओम पाटिल, युधिष्ठिर के रूप में अतुल वर्मा, अर्जुन के रूप में श्रीकांत द्विवेदी, उद्धव और कर्ण के रूप में हिमांशु जिन्सी, युवा कृष्ण के रूप में अर्जुन कौशिक तथा युवा राधा के रूप में प्रणाली घोघरे नजर आती हैं। यशोदा की भूमिका याशु धीमान, द्रौपदी और गांधारी की भूमिका अलिका नायर, रुक्मिणी के रूप में अशना किशोर तथा ललिता और विभा के रूप में संस्कृति पटोले ने निभाई है। प्रभा की भूमिका में अन्नू स्वामी ने भी प्रभाव छोड़ा।

महानाट्य का संगीत उद्धव ओझा ने तैयार किया है। गीतकार डॉ. नरेश कात्यायन, अमित मारू और फणींद्र राव हैं। गायन में शानू, उद्धव ओझा और पलक मुच्छल की आवाज ने प्रस्तुति को और प्रभावी बनाया है। करीब डेढ़ हजार दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में तीन घंटे के दौरान कई ऐसे भावुक क्षण आए जब दर्शक अपनी आंखों के आंसू पोंछते नजर आए तो कई दृश्यों पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा।

इस प्रस्तुति की खासियत यह है कि यह श्रीकृष्ण को केवल धार्मिक या पौराणिक पात्र के रूप में प्रस्तुत नहीं करती, बल्कि उनके जीवन, कर्तव्य, नीति, धर्म और दर्शन को समकालीन संदर्भों से जोड़ने का प्रयास करती है। वृंदावन की बाल लीलाओं से लेकर मथुरा, द्वारका, हस्तिनापुर, कुरुक्षेत्र और प्रभास तक कृष्ण के जीवन के विभिन्न पड़ावों को मंच पर एक सूत्र में पिरोया गया है। महानाट्य के मध्यांतर के दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लेखक डॉ. नरेश कात्यायन और निर्देशक राजीव सिंह दिनकर से मुलाकात कर प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने पूरी प्रस्तुति समाप्त होने से पहले ही इसे अद्वितीय बताया। नाटक देखने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मेरे कृष्ण' केवल नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि वृंदावन की बाल लीलाओं से लेकर मथुरा, द्वारका, हस्तिनापुर, कुरुक्षेत्र और प्रभास तक श्रीकृष्ण के विराट कर्तव्य और धर्मपरायण जीवन-दर्शन को जन-जन के हृदय तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने नाट्यकला, संगीत, नृत्य, प्रकाश और आधुनिक मल्टीमीडिया तकनीक के समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण को केवल जानना या पूजना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके विचार, दर्शन और चेतना को अपने जीवन में अनुभव करना ही उनकी वास्तविक अनुभूति है। उन्होंने अभिनेता सौरभ राज जैन, लेखक डॉ. नरेश कात्यायन, निर्देशक राजीव सिंह दिनकर, निर्माता विवेक गुप्ता, विष्णु पाटिल सहित पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। वीर रस के चर्चित कवि डॉ. नरेश कात्यायन का असली नाम डॉ. राम नरेश मिश्र है। तीन दशक पहले देश के बड़े कवि सम्मेलनों में उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि उनके कार्यक्रम में समय उपलब्ध कराने के लिए आयोजकों को तिथियों में बदलाव तक करना पड़ता था। लखीमपुर खीरी के मूल निवासी डॉ. कात्यायन ने गृह जिले से शिक्षा प्राप्त करने के बाद जीवनयापन के लिए कई वर्षों तक कन्नौज में होम्योपैथी चिकित्सक के रूप में भी कार्य किया।

1985 से 1990 के बीच प्रयागराज प्रवास के दौरान उनकी मुलाकात फिल्म निर्माता-निर्देशक रामानंद सागर से हुई। डॉ. कात्यायन के अनुसार इसी दौरान उन्होंने अपने खंड काव्य 'महात्मा जटायु' का अंतिम भाग 'जटायु का महाप्रयाण' रामानंद सागर को सुनाया। रचना से प्रभावित होकर सागर ने बाद में उत्तर रामायण में जटायु के चरित्र को 'महात्मा जटायु' के रूप में प्रस्तुत किया। प्रयागराज में ही वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी की नजर युवा कवि डॉ. कात्यायन पर पड़ी। उन्होंने उनका परिचय तत्कालीन राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी से कराया। इसके बाद वर्ष 1990-91 के दौरान डॉ. कात्यायन को विधानसभा में अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली।

इसके बाद उन्होंने हिंदी काव्य और साहित्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित 'अखिल भारतीय मंचीय कवि पीठ' के माध्यम से देश-विदेश के विभिन्न शहरों में अंतरराष्ट्रीय हिंदी कविता समारोह आयोजित हुए और हिंदी सेवा में योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवती गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** हरियाणा के रेवाड़ी में युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सुमेरपुर क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव निवासी संगीता प्रजापति को गिरफ्तार किया है। रेवाड़ी पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से गुरुवार को उसके घर दबिश देकर युवती को पकड़ा और अपने साथ ले गई। बताया गया कि मृतक युवक और संगीता के बीच प्रेम संबंध था और दोनों फोन पर बातचीत करते थे। युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उसने संगीता पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। परिजनों की तहरीर पर रेवाड़ी के सदर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोर गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** मराठीपुरा मीरातालाब निवासी अमर (15) पुत्र कमलेश कुमार गुरुवार को छत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। समाजसेवी मोहन बाबू ने सहयोगियों के साथ उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की मां नीलम देवी ने बताया कि घर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इसकी शिकायत पहले भी की गई थी। जेई राजीव कुमार ने बताया कि लाइन को केबल में बदलने के लिए पोल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से केवल नियम के अनुसार निर्माण करने की अपील की है।

### ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली गुजरने से नाले की छत ढही

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में बांदा मार्ग पर बस स्टॉप के पास गुरुवार दोपहर नाले की छत अचानक ढह गई। इससे सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया। बताया जा रहा है कि ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के गुजरने के बाद नाले की छत का हिस्सा टूटकर गिरा। नाला अवतार मार्केट की ओर से महिषासुर आश्रम की तरफ हाईवे किनारे से होकर गुजरता है। इसमें कस्बे की बड़ी आबादी का पानी आता है। हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर बैरीकेडिंग लगाकर रास्ते को सुरक्षित कराया और दुर्घटना रोकने के इंतजाम किए।



### बारिश से बर्बाद फसल का एसडीएम ने कराई क्रॉप कटिंग

**राठ (हमीरपुर)।** उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने मवई गांव पहुंचकर बारिश से प्रभावित खरीफ फसल की क्रॉप कटिंग कराई। उन्होंने बताया कि क्रॉप कटिंग से फसल की वास्तविक उपज और नुकसान का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर किसानों को फसल क्षति का मुआवजा दिलाने में मदद मिलेगी।



### ट्रक का हॉर्न बजने पर भैंस बिदकी, किसान से मारपीट का आरोप

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड एक निवासी कैलाश ने पांच लोगों पर रास्ते में रोककर मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार कैलाश खेत से भैंस लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में ट्रक के हॉर्न से भैंस बिदककर खेत में चली गई। इसी बात को लेकर बबलू, बीरू, मनोज, दिलीप और बाबूलाल ने उसे खेत में गिराकर पीटा। आरोप है कि मनोज के हाथ में कुल्हाड़ी थी। बेटे ने डायल 112 पर सूचना दी। पीड़ित का आरोप है कि करीब एक वर्ष पहले भी आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की थी।

### कल होगी मां काली की अगवानी

**गुरसरांय (झांसी)।** शारदीय नवरात्रि के तहत मुहल्ला पटकाना में मां काली की भव्य अगवानी 10 अक्टूबर शनिवार को सुबह सात बजे की जाएगी। जय मां काली समिति के अनुसार अगवानी यात्रा में घोड़े, बैंड और डीजे शामिल होंगे। महिलाएं घरों के बाहर रंगोली सजाकर पुष्पवर्षा से मां काली का स्वागत करेंगी। यात्रा रामनगर रोड से डीआर सिंह तिराहा, पानी की टंकी, टीचर्स कॉलोनी और गांधीनगर होते हुए मां काली परिसर पहुंचेगी। 11 अक्टूबर से श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। आरती का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



### चोरी की चार मोटरसाइकिलों सहित तीन गिरफ्तार

**समथर (झांसी)।** थाना समथर पुलिस ने पंडोखर बॉर्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। बरामद वाहनों में तीन हीरो स्प्लेंडर प्लस और एक अपाचे शामिल हैं।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ पीयूष अहिरवार व राघवेंद्र उर्फ रघु राजपूत, निवासी शाहजहांपुर तथा शिवम राजपूत, निवासी खिरिया मार, जिला शिवपुरी (मप्र) के रूप में हुई। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखी तीन अन्य बाइक भी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### गढ़चपा में हुआ हरिशंकरी पौधरोपण

**चित्रकूट।** विकासखंड मानिकपुर के ग्राम गढ़चपा में भारतीय सनातन परंपरा और पर्यावरण संरक्षण की भावना के तहत हरिशंकरी वृक्षारोपण किया गया। इसमें पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे विधि-विधान से लगाए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने भाग लिया और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। हरिशंकरी केवल तीन वृक्षों का समूह नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सह-अस्तित्व का प्रतीक है। उपस्थित लोगों ने कहा कि एक वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं, उसे वृक्ष बनने तक सहेजना भी हमारा धर्म है। यह पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान बनाने की दिशा में सार्थक पहल है।



### भरतकूप पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत भरतकूप पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक बलवंत यादव की टीम ने आरोपी अमन कलार पुत्र बब्बू को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। बताया गया कि 29 सितंबर 2026 को वादिनी ने थाने में तहरीर दी थी कि अमन कलार उसकी 22 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उलाहना देने पर बब्बू ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को बरामद कर न्यायालय में धारा 183 बीएनएसएस के तहत बयान दर्ज कराया गया। बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 64(1) की बढ़ोतरी की गई थी।

# सपाइयों ने गोष्ठी कर मांगा मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा



**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**

सपा मुखिया के निर्देश पर लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत गुरुवार को कस्बे के लखनापुरवा मुहाल में सपाईयो ने बैठक करके मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। सपा मुखिया के निर्देश पर सपाई लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए वोट चोरी के बारे में लोगों को जाकर बता रहे हैं गुरुवार को छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अवधेश यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने लखना पुरवा मुहाल में गोष्ठी का आयोजन करके लोगों को चुनाव आयुक्त की वोट चोरी के बारे में अवगत कराकर चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर सपा नगर अध्यक्ष सभासद गोपाल बजाज, विकास गुप्ता, ज्ञानी यादव, सुरेंद्र वीर संत, जुनैद खान, नईम खान, देवेंद्र लाल वर्मा, संजय भारती, कुलदीप पाल, अच्छे लाल वर्मा, रामलखन सोनी, कामता वर्मा आदि मौजूद रहे।

### चुनाव आयोग के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस-सपा का प्रदर्शन

**मौदहा (हमीरपुर)।** वोट चोरी के आरोपों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग प्रदर्शन कर चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहमद हसन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने गोल मार्केट से तहसील तक जुलूस निकालकर नारेबाजी की। वहीं समाजवादी छात्र सभा के नेताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने सपाइयों का पुतला कब्जे में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान सीओ राजकुमार पांडेय और कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।




### मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने पर 14 नामजद, 30-40 अज्ञात पर मुकदमा

**राठ (हमीरपुर)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने के मामले में पुलिस ने 14 नामजद समेत 30-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को सपा कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर काजीपुरा से जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया था। चौपड़ा गेट के पास मुख्य सड़क पर पुतला पेट्रोल डालकर फूंका गया। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। पुतला बुझाने के दौरान थाना प्रभारी अनूप सिंह और दरोगा पवन चौधरी का हाथ भी झुलस गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**राठ (हमीरपुर)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कस्बे में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। जुलूस रविदास मंदिर धर्मशाला से शुरू होकर कोट बाजार होते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार, दुष्यंत राजपूत, जीतेन्द्र चौबे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में जनजागरूकता के लिए 'जॉय टीम' गठित



**हमीरपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सभागार में 'जॉय टीम' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्रियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जनपद में कार्यक्रम जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी की मौजूदगी में अधिकारियों, एनसीसी कैडेट, माई भारत वालंटियर और टीबी विजेताओं ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक और वार्ड में पांच एनसीसी कैडेट तथा पांच माई भारत वालंटियर जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। संभावित मरीजों को नजदीकी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर नि:शुल्क जांच व उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय शैक्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को तीन दिवसीय जनपद स्तरीय शैक्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी अशोक कुमार और नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने हरी झंडी दिखाकर तथा गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बालक-बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम और खेल भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से हार-जीत से सीख लेकर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए अधिकारियों व कोचों को निर्देश दिए गए। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए।





### लोको रनिंग स्टाफ ने छह मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**झांसी।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान पर झाँसी मंडल में रनिंग स्टाफ की मांगों को लेकर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। झाँसी, ग्वालियर, जूही और बांदा की लोको पायलट लॉबियों में कर्मचारियों ने मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए आवाज उठाई।संगठन ने 16+30 घंटे का साप्ताहिक विश्राम, दो नाइट ड्यूटी के बाद तीसरी रात बेड रेस्ट, 9 घंटे की ड्यूटी के बाद रिलीफ, 36 घंटे में मुख्यालय वापसी, 30 प्रतिशत लीव रिजर्व के अनुसार अवकाश तथा लोको में लाइन बाक्स , टूल बाक्स और एफएसडी की व्यवस्था की मांग की। एसोसिएशन के अनुसार मांगें रनिंग स्टाफ के आराम, सुरक्षा और कार्यक्षमता से जुड़ी हैं। संगठन ने एचओईआर प्रावधानों के पालन की मांग करते हुए कहा कि गेट मीटिंग शांतिपूर्ण तरीके से की गई और रेल संचालन बाधित नहीं किया गया।

## दशहरा व नवदुर्गा पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**समथर।** आगामी नवदुर्गा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी अतुल कुमार राजपूत ने की। बैठक में पुलिसकर्मियों के अलावा नगर एवं क्षेत्र की नवदुर्गा समितियों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने आपसी भाईचारा बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समितियों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।

### इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन के 353 मतदान स्थल अनुमोदित

**झांसी।** रिटर्निंग ऑफिसर एवं मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 353 मतदान स्थलों को अनुमोदित कर दिया है। इनमें प्रयागराज 152, कौशाम्बी 21, फतेहपुर 25, चित्रकूट 13, बांदा 22, हमीरपुर 18, महोबा 9, जालौन 33, झांसी 47 और ललितपुर 13 मतदान स्थल शामिल हैं। अनुमोदित सूची सभी संबंधित जिलों और राजनीतिक दलों को भेज दी गई है।

## कलाओं के निखार के लिए होते हैं उत्सवः संयुक्त शिक्षा निदेशक



- मंडलीय कला उत्सव में बच्चों ने मोहा मन

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

राजकीय इंटर कॉलेज में मंडलीय कला उत्सव-2026 का आयोजन हुआ। शुभारंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक राजेश कुमार वर्मा, डीआईओएस रति वर्मा एवं पूर्व प्रधानाचार्य आलोक शांडिल्य ने किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच हैं। उत्सव में मंडल के तीनों जनपदों के बच्चों ने गायन, वादन, लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। एकल वादन में उरई के शिवम, शास्त्रीय गायन में झांसी की कनिष्का कैथवास तथा लोकगीत गायन में राजकीय हाईस्कूल बबीना की छात्राएं प्रथम रहीं। संचालन राहुल मिश्रा ने किया।

## डीएपी को लेकर किसानों को राहत समितियों पर पर्याप्त स्टॉकः डीएम

- कोंच क्षेत्र की तीन सहकारी समितियों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**

रबी फसलों की बुवाई का समय नजदीक आते ही किसानों को खाद की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने निगरानी और आपूर्ति व्यवस्था को और सक्रिय कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम समीर ने तहसील कोंच क्षेत्र में, सहकारी समिति झुझारपुरा व सहकारी समिति अंडा का निरीक्षण कर डीएपी की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तीनों समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध मिली। डीएम ने समितियों पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर खाद की उपलब्धता और वितरण के संबंध में जानकारी ली। किसानों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार नियमानुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी जोत व फसल की आवश्यकता के अनुसार ही डीएपी की खरीद करें। डीएम ने कहा कि मटर और गेहूं की बुवाई का सीजन शुरु होने वाला है, इसलिए किसानों को डीएपी की आवश्यकता स्वाभाविक रुप से बढ़ेगी। इसे देखते हुए जिले की प्रत्येक साधन सहकारी समिति पर खाद की उपलब्धता की लगातार समीक्षा की जा रही है। रैक्स के माध्यम से आने वाली नई आपूर्ति पर भी प्रशासन की लगातार नजर है।निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सभी किसानों को क्रम से खाद मिलेगी।



## जिले के 549 पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री आपरेटरों के मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

- अब 9 हजार प्रतिमाह मिलेगा मानदेय

**उरई (जालौन)।** ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं और जनसुविधाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे पंचायत सहायकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शासन द्वारा पंचायत सहायकों के मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के बाद जिले में कार्यरत 549 पंचायत सहायकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अब पंचायत सहायकों को 6,000 के स्थान पर 9,000 प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होगा। संशोधित मानदेय व्यवस्था पिछले माह सितंबर से प्रभावी होगी। शासनादेश के क्रम में डीएम समीर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत पात्र पंचायत सहायकों को संशोधित व्यवस्था के अनुसार मानदेय का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई समय से पूर्ण की जाए। पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं, जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव साथ ही ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी व सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण कड़ी के रुप में कार्य कर रहे हैं।

**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांक 395/न0पं0खिम0/नि0सू0/2026-27 दिनांकः- 07/10/2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला नगला बाग रठौरा में एकत्रित अपशिष्ट (गोबर) की नीलामी दिनांक 12/10/2026 दिन सोमवार को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म नगर पंचायत खिमसेपुर अधिशासी अधिकारी कार्यालय में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी कार्यवाही/बोली लगाने से पूर्व बोलीदाताओं द्वारा जमानत धनराशि के रूप में रू0 2000.00 की धनराशि प्रत्येक बोलीदाता को जमा करना अनिवार्य होगा। बोली पूर्ण होने के उपरान्त बोली स्वीकृति न होने वाले बोलीदाताओं की जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। बोलीदाताओं में से नीलामी बोली के उपरान्त सर्वोच्च बोली वाले बोलीदाता को बोली की कुल धनराशि दो कार्यदिवस में जमा करना अनिवार्य होगा एवं अपशिष्ट (गोबर) 7 दिवस में उठाना आवश्यक होगा। बोलीदाता बोली लगाने से पूर्व अपशिष्ट (गोबर) मौके पर जहाँ हैं जैसा है, के आधार पर अवलोकन कर लें। बोली संतोषजनक न होने पर मा0 अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी का निर्णय मान्य होगा। नीलामी शर्तों की जानकारी कार्यालय कार्य दिवसों में की जा सकती है।

**नियम एवं शर्तेः-**

1-नीलामी बोलने से पूर्व मु0रू0 2000/-अग्रिम धनराशि जमानत के रूप में नगद जमा करना होगा।
2-नीलामी के पश्चात यदि उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है, तो नीलामी तिथि बढाई जा सकती है।
3-अधिकतम नीलामी बोली स्वीकृत उपरान्त पूरा पैसा जमा करना होगा।
4-नीलामी बोली स्वीकृत होने के उपरान्त गोबर एक सप्ताह के अन्दर उठाना होगा।
5-एक अथवा समस्त बोलियों को निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी एवं मा0 अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।
6-नीलामी के पश्चात सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त न जमा करने की दशा में द्वितीय क्रेता को नीलामी दे दी जायेगी और आपकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। जो क्षति नगर पंचायत को होगी वो प्रथम नीलामीकर्ता से वसूल कर ली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर**
**फर्रुखाबाद**

# छोटे पुत्र व बहू पर ससुर की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप

- बड़े पुत्र की तहरीर पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सम्रद्धि न्यूज, पनवाड़ी (महोबा)।**



एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई म्रतक का शव फाँसी के फंदे पर लटका पाया गया है म्रतक के बड़े पुत्र ने हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने छोटे पुत्र और बहू पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जाँच शुरू कर दी है जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनकुआ गांव में असगर अली (68) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। गुरुवार सुबह उनका शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। शव सबसे पहले उनके दूसरे नंबर के मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटे जहीर ने देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के बड़े बेटे रमजान और पोते गुलफाम ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या बताया है। उनका आरोप है कि जमीन को लेकर छोटे बेटे साकिर और उसकी पत्नी सकीना बुजुर्ग पर लगातार दबाव बना रहे थे। बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक असगर अली ने करीब दो महीने पहले अपने हिस्से की 6 बीघा जमीन बड़े बेटे के बेटे गुलफाम के नाम कर दी थी। आरोप है कि इसकी जानकारी होने के बाद साकिर और सकीना नाराज हो गए। वे बची हुई जमीन, जिसमें मानसिक रूप से विक्षिप्त जहीर का हिस्सा भी बताया जा रहा है, अपने नाम कराने के लिए बुजुर्ग पर दबाव बनाने लगे।

## तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सम्रद्धि न्यूज, महोबा।**

जिले कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव में शाम करीब 5 बजे तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। बच्ची खेत की झोपड़ी में सो रही थी। माता-पिता पास में तिल की फसल काट रहे थे। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। हमीरपुर निवासी परिवार गांव में 12 बीघा जमीन बटाई पर लेकर खेती करता है। परिवार खेत में झोपड़ी बनाकर रहता है। बुधवार शाम बच्ची झोपड़ी में अकेली सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला चंदन सिंह वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने और चीखने की आवाज सुनकर माता-पिता झोपड़ी की ओर दौड़े। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने आरोपी को मौके पर देखा। उन्हें आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना की सूचना पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी दीपक कुमार और काउंसलर सीमा यादव मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर चंदन सिंह के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, मनाया काला दिवस



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त से जुड़े मुद्दों, कथित वोट चोरी और इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ पुलिस की बदसलूकी के विरोध में प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से जुलूस लेकर लालडिग्गी, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहा, गंदानाला, जिला अस्पताल, बस स्टैंड, विकास भवन और तिकोनिया पार्क होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदेश प्रवक्ता उमाशंकर पांडेय ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाता अधिकारों को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब संवैधानिक तरीके से दिया जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ पुलिस का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी और प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट राजेश तिवारी ने भी चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठाई।

प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दरियापुर फ्लाईओवर के नीचे संचालित शिविर का जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत यह शिविर 21 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।श्रम विभाग के अनुसार शिविर में 838 श्रमिकों और 44 नियोजकों का डिजिटल लेबर चौक ऐप पर पंजीकरण, 159 श्रमिकों का पंजीकरण तथा 45 का यूपीबीओसीडब्ल्यू पोर्टल पर नवीनीकरण कराया गया। वहीं 43 श्रमिकों का ई-श्रम और आठ का मनधन पोर्टल पर पंजीकरण हुआ।स्वास्थ्य विभाग की ओर से 767 श्रमिकों का एक्स-रे, 756 की शुगर व बीपी जांच, 250 की मलेरिया, 153 की नेत्र, 131 की डेंटल तथा 259 की एचआईवी/वीडीआरएल जांच की गई। 687 श्रमिकों को ओपीडी और 156 को होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा दी गई। जांच में तीन श्रमिकों में टीबी और एक में एचआईवी की पुष्टि हुई। उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।


वेंडिग जोन में लगे शिविर का निरीक्षण करते डीएम इंद्रजीत सिंह

### केएनआई में हर्षोल्लास से मनाया गया वायु सेना दिवस

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान में रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग की ओर से भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. निधि वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, साहस और राष्ट्र सुरक्षा में योगदान की जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने वायु सेना की उपलब्धियों, युद्धक क्षमताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को वायु सेना के आदर्श वाक्य 'नभः स्पृशं दीप्तम्' के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय वायु योद्धाओं के साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कांग्रेस का 'वोट बचाओ-देश बचाओ' पैदल मार्च: ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाला जुलूस




**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का आंदोलन जारी है। पिछले आठ दिनों से चल रहे इस प्रदर्शन के तहत बृहस्पतिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर कंपनी बाग से कलेक्ट्रेट तक 'वोट बचाओ-देश बचाओ' पैदल मार्च निकाला। मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़' और 'अब तो यह स्पष्ट है - ज्ञानेश कुमार भ्रष्ट है' जैसे जोरदार नारे लगाए। मार्च का समापन संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष हुआ, जहां जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी पर दिल्ली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करना और अभद्रता करना अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा, 'ये उसी राजीव गांधी की संतानें हैं, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवाज उठाने पर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।' जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी एवं इम्तियाज अहमद ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर खुद उनके सहयोगी सवाल उठा रहे हैं।

## जनगणना के दूसरे चरण की तैयारी तेज

**फील्ड ट्रेनरों के तृतीय बैच का प्रशिक्षण शुरू**

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियों को गति देते हुए गुरुवार को कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में फील्ड ट्रेनरों के तृतीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

सुबह नौ बजे से आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना प्रक्रिया की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

तीन चरणों में आयोजित प्रशिक्षण के माध्यम से जिले की पांचों तहसीलों में कुल 88 फील्ड ट्रेनर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

मास्टर ट्रेनर विजय कुमार चतुर्वेदी और भूपेन्द्र प्रताप ने जनगणना से जुड़े 40 महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रगणकों की जिम्मेदारियों, निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने तथा डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन और दर्ज करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में आंकड़ों की शुद्धता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन जरूरी है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद फील्ड ट्रेनर तहसील स्तर पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना, एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक जनसंख्या गणना तथा पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण का कार्य होगा। प्रशिक्षण में रणवीर सिंह, राहुल राष्ट्रवादी, अखिलेश मिश्रा समेत 28 फील्ड ट्रेनर मौजूद रहे।

## जनपद आगमन पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

नगर क्षेत्र के बलवंता मंदिर में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष विशेश्वर राय का भव्य स्वागत किया कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विशेश्वर राय ने कहा भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन हैं यह श्रामिकों के पीड़ा को संवेदनशीलता के साथ जानता हैं आगरा में 20 अक्टूबर को सम्पन्न हुए 175 वी कार्य समिति बैठक में संघ 22 नवंबर से लेकर 26 नवंबर तक सूबे की राजधानी में बड़ा आंदोलन किया जाना सुनिश्चित किया हैं सोनभद्र के चुरक सीमेंट में लगभग तीन सौ श्रमिकों निकाल दिया जो भुखमरी के कगार पर हैं फैक्ट्री बंद हो गई उनका सेटलमेंट नहीं हुआ भारतीय मजदूर संघ ने इसके लिए भरपूर प्रयास किया सरकार में बैठे लोगों ने अभी तक अनसुना कर रखा हैं । दैनिक वेतन भोगी एवं सफाई कर्मचारियों के संगठन का निर्माण कार्य बी0 एम0 एस0 का बैकों में खाता खोलने कार्य आगामी प्रदेश अधिवेशन में संख्या बल में सहभागिता संगठन विस्तार एंव सदस्यता पर जोर एवं धन संग्रह का कार्य। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिनेश शुक्ला विभाग प्रमुख, दीपक मिश्रा जिलाध्यक्ष, शशांक मोहन शुक्ला जिलामंत्री, प्रेमचन्द श्रीवास्तव, नरेन्द्र मिश्रा, रंजना शर्मा, संगीता पांडेय, डा0 संतोष श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, हरिविन्द्र सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### टीबी उन्मूलन अभियान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**सुलतानपुर।** टीबी उन्मूलन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें अधिकारियों के साथ मेरा युवा भारत (MY Bharat) के स्वयंसेवकों ने टीबी के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज करने और अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाने पर मंथन किया। नई दिल्ली के भारत मंडपम से आयोजित लाइव कार्यक्रम में जिले के अधिकारी और MY Bharat स्वयंसेवक ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन, जनभागीदारी और निक्षय मित्र योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सरकारी प्रयासों के साथ सामाजिक भागीदारी भी जरूरी है। स्वयंसेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को टीबी के लक्षण, जांच, उपचार और बचाव की जानकारी देने की जिम्मेदारी दी गई। सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर जरूरतमंद मरीजों को पोषण एवं सामाजिक सहयोग देने की अपील की गई।बैठक में सीएमओ डॉ. भारत भूषण, बीएसए उपेंद्र गुप्ता, जिला युवा अधिकारी सुधीर पांडेय, समेत अधिकारी व स्वयंसेवक मौजूद रहे। अंत में सीडीओ ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।

### नवरात्रि को लेकर चांदा में तैयारियां तेज

**चांदा, सुलतानपुर।** शारदीय नवरात्रि को लेकर चांदा कस्बे में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों की ओर से पंडाल निर्माण के साथ सजावट और विद्युत साज-सज्जा का काम कराया जा रहा है। 11 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू होने के साथ ही पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। कस्बे में इस वर्ष छह प्रमुख समितियों की ओर से दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित किए गए हैं। इनमें बड़ी मां नवदुर्गा पूजा समिति, बाल दुर्गा पूजा समिति, मां अन्नपूर्णा दुर्गा पूजा समिति, मां विंध्यवासिनी दुर्गा पूजा समिति, जय अम्बे दुर्गा पूजा समिति और मां दुर्गा पूजा समिति शामिल हैं।पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटें, झालर और अन्य विद्युत सजावट की जा रही है। समितियों की ओर से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी की जा रही है। नवरात्रि को लेकर चांदा कस्बे के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल है।



### मार्च 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची जल्द होगी जारी

**सुलतानपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत मार्च 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची जारी करने की मांग उठी है। शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से सूची शीघ्र जारी करने की मांग की है। रणवीर सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची करीब छह माह पूर्व जारी किया जाना आवश्यक है। इससे शिक्षक विद्यालय का चार्ज हस्तांतरित करने, सेवा संबंधी अभिलेख पूरे कराने तथा पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्युटी सहित अन्य देयकों से संबंधित पत्रावलियां समय से तैयार करा सकते हैं।उन्होंने कहा कि सूची समय से जारी होने पर सेवानिवृत्ति संबंधी प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूरी करने में सुविधा होगी और शिक्षकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि संबंधित पटल सहायक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मार्च 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची जल्द जारी कर दी जाएगी।

## दिनदहाड़े फायरिंग करने का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अखंडनगर थाना क्षेत्र के लोरपुर गांव से जुड़ा मामला**



**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

सोमवार को दिन दहाड़े फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोपी को अखंड नगर पुलिस ने बुधवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी का इलाज जिला मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।इलाज के बाद उसे जिला न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बता दे कि सोमवार को अखंड नगर थाना क्षेत्र हकीमपुर गांव निवासी ऋषिकेश ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सोमवार को दिन करीब डेढ़ बजे जब वह और उसके साथी लोरपुर स्थित नवयुवक पूजा समिति के पंडाल पर सजावट आदि कर रहे थे तभी स्कॉर्पियो व बुलेट सवार अंकुश उपाध्याय,शनि वर्मा,सचिन वर्मा सहित 04 अज्ञात लोगों ने मौके पर पहुंचकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी।

जिसमे ऋषिकेश व ऋषि सिंह घायल हुए थे।साथ ही मारपीट करने आए लोगों द्वारा जान से मारने की नियत से फायरिंग भी की गई थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था।बुधवार की रात अखंगनगर पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी मुकेश वर्मा उर्फ मुन्ना पुत्र स्व शिव मंगल निवासी गोदलपुर मोतिगरपुर को कुंदा भैरवपुर बाईपास के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने मोटर साइकिल, अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया।गिरफ्तार आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ था जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी अखंडनगर ले जाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### मनोवैज्ञानिक विकृतियों के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक विकृतियों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने बीए, बीएससी, बीकॉम और एलएलबी के छात्र-छात्राओं को चिंता, तनाव एवं मानसिक विघटन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि अत्यधिक या असामान्य चिंता और तनाव मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। विद्यार्थियों को इनसे बचाव के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ध्यान और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर सपा ने निकाली पैदल यात्रा



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शहर में पैदल यात्रा निकाली। यात्रा सुपरमार्केट से शुरू होकर राम मनोहर लोहिया की मूर्ति बस स्टॉप तक पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे सपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों व सपा नेताओं में झड़प भी हुई।कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, जिला महासचिव सलाउद्दीन अहमद, पूर्व विधायक सोनू सिंह, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सहाय यादव, पृथ्वीपाल यादव, रिजवान अहमद, पप्पू, राकेश रंजन, फुरकान, गनी खान, राहुल गौतम, जितेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सिंह बग्गा, दीपू श्रीवास्तव, देवता दिन निषाद, विनोद जायसवाल, संजय वर्मा, ओपी वर्मा, राजू चौधरी, नफीसा बेगम और राकेश पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सऊदी से घर पहुंचा कादिर का शव, मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

सऊदी अरब के रियाद में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बंधुआकला थाना क्षेत्र के हुसैनगंज निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद कादिर पुत्र मोहम्मद नाजिम उर्फ सुद्दू का शव गुरुवार दोपहर गांव पहुंचा। शव लखनऊ एयरपोर्ट से विमान के जरिए पहुंचने के बाद परिजन एंबुलेंस से उसे लेकर घर पहुंचे। कादिर का शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुछ देर बाद शव को पास के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। बीते 23 सितंबर को रियाद में हुए सड़क हादसे में कादिर की मौत हो गई थी। वह करीब तीन वर्ष पहले रोजी-रोटी कमाने सऊदी अरब गया था और वहां वाहन चलाने का काम करता था। कादिर चार भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। समाजसेवी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल हक ने दोनों देशों के दूतावासों से संपर्क कर शव भारत लाने में सहयोग किया।



## सांसद एस.पी. सिंह पटेल ने युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

जिले की समृद्ध साहित्यिक परंपरा में एक और गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद एस. पी. सिंह पटेल ने अपने आवास पर विश्व रिकॉर्ड धारक एवं जिले के होनहार युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश शुक्ला को आमंत्रित कर विशेष रूप से सम्मानित किया।

शिवजीपुरम निवासी अर्पित सर्वेश ने महज 23 वर्ष की आयु में लेखन के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अब तक 33 पुस्तकों का लेखन व प्रकाशन किया है और 500 से अधिक कविताओं की रचना की है। उनकी साहित्यिक कृतियों का प्रकाशन व अनुवाद 20 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में हो चुका है। सांसद एस. पी. सिंह पटेल ने अर्पित की प्रतिभा, समर्पण और प्रतापगढ़ का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सम्मान समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब अर्पित सर्वेश ने सांसद के सम्मान में स्वरचित कविता का सस्वर पाठ किया। इस अवसर पर अर्पित ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'सांसद जी द्वारा अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का क्षण है।

मेरी लेखनी का मूल उद्देश्य प्रतापगढ़ की मिट्टी, संस्कृति और साहित्यिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाना है।' सांसद द्वारा युवा रचनाकार का यह सम्मान जिले भर की उभरती हुई साहित्यिक प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है।



### सदर तहसील में गूंजा लेखपाल संघ की एकजुटता का संदेश

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के महामंत्री राहुल पटेल के सदर तहसील पहुंचने पर सोमवार को संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया। सदर तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों, लेखपालों से जुड़े विषयों तथा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई।

पदाधिकारियों ने प्रांतीय महामंत्री को स्थानीय स्तर पर संगठन की गतिविधियों और लेखपालों से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी। साथ ही संवर्ग की समस्याओं, संगठन की प्राथमिकताओं और आपसी समन्वय पर विचार-विमर्श किया गया। राहुल पटेल ने संगठन की मजबूती के लिए सदस्यों के बीच एकजुटता और बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

### शव पर राजनीति करने वाले नेताओं पर ग्रामीण नाराज



**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुरौना गांव में बीते दिनों नाली के विवाद में हुई भगवानदीन की हत्या के मामले में मृतक के गांव वालों और उसके परिजनों से मिलने पहुंच रहे विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेताओं को लेकर ग्रामीणों के आक्रोश का एक वीडियो बृहस्पतिवार को तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा साफ तौर पर यह कहते हुआ सुना जा सकता है कि नेता आते हैं और भाषण देकर चले जाते हैं परंतु न्याय दिलाने की बात कोई नहीं करता, सभी अपनी-अपनी राजनीति चमकाने में जुटे हुए हैं। उक्त गांव के ग्रामीणों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गरम है। और जगह-जगह विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता जो शवों पर अपनी राजनीतिक चमकाने के लिए पहुंच जाते हैं उनके मुंह पर तमाचा भी कसता हुआ नजर आ रहा है।

## मां वाराही धाम चौहरजन देवी में गंदगी का अंबार नवरात्रि से पूर्व व्यवस्था सुधारने की मांग

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



प्रसिद्ध 51 शक्तिपीठों में से एक मां वाराही धाम चौहरजन देवी मंदिर परिसर और उसके आसपास फैली गंदगी व अव्यवस्था को लेकर धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे 'अनिरुद्ध रामानुज दास' ने गहरी चिंता व्यक्त की है। आगामी शारदीय नवरात्रि के ठीक दो दिन पूर्व धाम की दयनीय स्थिति पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अविलंब सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे ने बताया कि बीते शाम जब वे मां वाराही के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे, तो धाम की दुर्दशा देखकर व्यथित हो गए। उन्होंने मंदिर पुजारी की बालिका को 'रामानुज पञ्चाङ्गम' तथा स्वयं द्वारा लिखित 'मां बाराही माहात्म्य' पुस्तक भेंट की। उल्लेखनीय है कि यही पुस्तक पूर्व में मुख्यमंत्री को भेंट की गई थी, जिसके आधार पर दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'मां बाराही धाम रेलवे स्टेशन' रखा गया है। उन्होंने धाम की प्रमुख समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन प्रवेश द्वार के समीप पूरे गांव का गंदा पानी बहकर मुख्य मार्ग पर आ रहा है।

### सई नदी में बढ़े जलस्तर से मैनहार कटरा में फसलें तबाह



**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** विधानसभा क्षेत्र के बछरावां ब्लॉक के ग्राम मैनहार कटरा में सई नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण गांव और खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। बाढ़ की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर तत्काल राहत के रूप में किचन की आवश्यक सामग्री वितरित की, ताकि संकट की इस घड़ी में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

## यूपीआई पर एमडीआर लगाने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

यूपीआई के माध्यम से किये जाने वाले डिजिटल भुगतानों पर व्यापारियों से प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर लिये जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने आज प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित मांग-पत्र भेजा। जिलाधिकारी की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार ने ज्ञापन प्राप्त किया तथा सम्बन्धित तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# खाद्य विभाग के नाम पर अवैध वसूली से व्यापारी परेशान

**युवक पर खाद्य विभाग की धौंस दिखाकर व्यापारियों को धमकाने का आरोप**



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

प्रेमपुर इलाके में खाद्य विभाग के छापे से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार शटर बंद करके मौके से इधर उधर हो गए। वहीं, अक्सर होने वाली छापेमारी से परेशान दुकानदारों ने छिबरामऊ के एक युवक पर लाइसेंस के नाम पर दो-दो हजार रुपये मांगने और विरोध करने पर कार्रवाई का भय दिखाने का आरोप लगाया है। खाद्य निरीक्षक विमलेश कुमार ने दुकानदारों के लाइसेंस चेक किए। अधिकारी के छापे की भनक लगते ही दुकानदार दुकानों में ताले डालकर मौके से इधर-उधर हो गए। अधिकतर दुकानें बंद होने पर खाद्य निरीक्षक बैरंग वापस लौट गए। कार्रवाई से नाराज किराना व्यवसायी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि छिबरामऊ का युवक खुद को खाद्य विभाग के अफसरों का खास होने एवं प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताकर आए दिन दुकानों पर आ जाता है और लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों की जांच के नाम पर रुपये मांगता है। आरोप है कि रकम देने में आनाकानी करने पर व्यापारियों को कार्रवाई कराने की धमकी देता है। वहीं, एक अन्य व्यापारी का कहना है कि लाइसेंस की जांच और कार्रवाई का अधिकार संबंधित विभाग के अधिकृत अधिकारियों को है। ऐसे में कोई निजी व्यक्ति किस आधार पर दुकानदारों से रकम मांग रहा है, इसकी जांच कराना जरूरी है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा 6 अक्टूबर मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कानपुर मण्डल आयुक्त यहां आए थे। उनसे वार्ता के दौरान इस व्यक्ति के खिलाफ भी शिकायत की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विभाग के नाम से रुपये मांगने वाले के खिलाफ दर्ज कराएं प्राथमिकी

छिबरामऊ। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि आरोपी युवक विभाग का अधिकृत कर्मचारी या अधिकारी नहीं है। यदि वह व्यापारियों से अवैध धन उगाही कर रहा है तो दुकानदार उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को शिकायत करें। उनकी जहां भी जरूरत हो, वह व्यापारियों के साथ हैं। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि त्योहारी सीजन पर किसी भी तरह की विभागीय परेशानी से बचने के लिए लाइसेंस जरूर बनवा लें, इसके लिए किसी दलाल का सहारा न लें, सीधे आवेदन करें। मिलावटी खाद्य वस्तुओं की बिक्री से बचें। विभागीय मानक पूरे होने के बाद भी यदि कोई बाहरी युवक परेशान करता है तो इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दें, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हाईटेंशन तार गिरने से टायर की दुकान में लगी भीषण आग

**शॉर्ट सर्किट के बाद धधकी दुकान, मशीन जली**

**कन्नौज।** सदर क्षेत्र में आशा होटल के पास गुरुवार रात हाईटेंशन लाइन का तार टायर की दुकान पर गिरने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दुकान से आग की लंबी लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि रात में आई आंधी के दौरान तार टूटकर गिर गया था। अनजाने में लाइन चालू होने के बाद शॉर्ट सर्किट से हादसा हुआ। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे लाखों रुपये का टायर, अन्य सामान और मशीनें जलकर राख हो गईं। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## तर्पण

### शिक्षा के प्रति समर्पित थे मेरे पिता इंजी. सुप्रभाष सक्सेना : हिमांशु सक्सेना





स्वर्गीय इंजी. सुप्रभाष सक्सेना



हिमांशु सक्सेना

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मेरे पिता स्व. सुप्रभाष सक्सेना शिक्षा के प्रति ताजिंदगी समर्पित रहे। जिले का पहला सीबीएसई स्कूल संचालित करने के लिए उन्होंने अपनी सरकारी नौकरी तक छोड़ दी थी। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक संस्था स्पिक मैके के माध्यम से यहां के विद्यार्थियों व नागरिकों को विश्वस्तरीय नृत्य, गायन, वादन आदि विधाओं से रूबरू कराया। वह स्पिक मैके के उ. प्र. चैप्टर के उपाध्यक्ष भी थे। भारतीय संस्कृति में उनकी अटूट आस्था थी। छोटे बच्चों के लिए उन्होंने आवास विकास कॉलोनी में सुप्रभाष अकादमी की नींव रखी जबकि महानगरीय उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए अपने स्वतंत्रता सेनानी पिता स्व. जुगलकिशोर सक्सेना व माता शीतला देवी के नाम से जेएसआईटीएम का शुभारंभ पूर्वी बाईपास पर हाईवे किनारे किया। इसी परिसर में उन्होंने कक्षा 12 तक की उत्तम शिक्षा के लिए, जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की भी स्थापना की। वर्ष 2019 में उनका निधन हो गया लेकिन उनके आशीर्वाद से जेएससीनियर सेकेंडरी स्कूल को सीबीएसई बोर्ड की भी मान्यता प्राप्त हो गई है। हालांकि वह आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन हर पल ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आसपास ही हैं और हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं। हम आप के बताए मार्ग पर निरंतर चलने का संकल्प लेते हैं। पितृ पक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आप को शत-शत नमन.....

## इस बार माता की सवारी हाथी होंगीः आचार्य पं अभय त्रिपाठी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आचार्य पं अभय बीरबंद्र त्रिपाठी का कहना है कि इस वर्ष आश्विन मास की शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व 11 अक्टूबर, रविवार से शुरू होने जा रहा है। देवीभागवत पुराण के अनुसार, इस साल माता दुर्गा का आगमन अत्यंत शुभ वाहन हाथी (गज) पर हो रहा है, जो देश में सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम वर्षा का संकेत है। वहीं, नवरात्र के समापन पर माता की विदाई घोड़े (तुरंग) पर होगी। आचार्य श्री ने कहा शास्त्रों के अनुसार 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। घटस्थापना (कलश स्थापना) के शुभ मुहूर्त-पंचांग गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात 9:19 से शुरू होकर 11 अक्टूबर की रात 9:30 तक रहेगी 11 अक्टूबर को कलश स्थापना के लिए दो विशेष और शुभ मुहूर्त प्राप्त :काल मुहूर्त सुबह 08:05 बजे से 9:31 बजे तक चंचल वेला, दिवा 9:31 से 12:24 तक लाभ अमृत वेला, दिवा 12:01 से 12:47 तक अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना श्रेष्ठ रहेगा शाम 04:26 से 05:53 तक राहुकाल रहेगा, इस समय स्थापना या शुभ कार्य वर्जित रहेगा। शारदीय नवरात्रि 9 दिनों की तिथियां और स्वरूप 11 अक्टूबर (रविवार) प्रतिपदा – मां शैलपुत्री पूजा (घटस्थापना), 12 अक्टूबर (सोमवार) द्वितीया – मां ब्रह्मचारिणी पूजा, 13 अक्टूबर (मंगलवार) तृतीया – मां चंद्रघंटा पूजा, 14 अक्टूबर (बुधवार) चतुर्थी – मां कूष्मांडा पूजा, 15 अक्टूबर (गुरुवार) पंचमी – मां स्कंदमाता पूजा, 16 अक्टूबर (शुक्रवार) षष्ठी – मां कात्यायनी पूजा, 17 अक्टूबर (शनिवार) सप्तमी – मां कालरात्रि पूजा, 18 अक्टूबर (रविवार) अष्टमी – मां महागौरी पूजा (दुर्गा अष्टमी), 19 अक्टूबर (सोमवार) नवमी – मां सिद्धिदात्री पूजा (महानवमी), 20 अक्टूबर (मंगलवार) दशमी – दुर्गा विसर्जन एवं विजयादशमी (दशहरा) के पर्व है।

# सपा का उग्र प्रदर्शन, जलाया मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महिला पुरुष सपाइयों का हुजूम सड़क पर उतर आया। पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट मुख्यालय तक मार्च निकला गया। जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए सपाइयों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। इतना ही नहीं पुलिस की सख्ती के कारण सपाइयों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन समाप्त होने के बाद नसरपुर स्थित अंबेडकर पुस्तकालय के सामने चुनाव आयुक्त का पुतला भी जलाया।



बताते चलें कि, गुरुवार की दोपहर 12 बजे के करीब महिला पुरुष सपाइयों का हुजूम जलूस की शक्ल में पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट मुख्यालय के लिए नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए सड़क पर आ गया। बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बल की मौजूदगी में सपाइयों ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय तक (करीब दो कि.मी) मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्च निकाल कर उग्र प्रदर्शन किया। बताते चलें कि, गुरुवार की सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में जिले भर से महिला पुरुष सपाइयों का हुजूम प्रति कार्यालय पर एकत्र होना शुरू हो गया था। प्रदर्शन की जानकारी जिले के अधिकारियों और पुलिस बल को हुई तो बड़ी संख्या में पुलिस बल भी सपाइयों पर अपनी नजरें गढ़ा कर घेरा बन्दी में जुट गया।

दोपहर 12 बजे के करीब सपाइयों का हुजूम अपने अपने हाथों में झंडे और बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट मुख्यालय के लिए निकल पड़ा। सपाइयों के प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से तिर्वा, छिबरामऊ, कन्नौज के एसडीएम, सीओ, बड़ी संख्या में थानों और कोतवाली के पुलिस बल के साथ दो ट्रक पीएसी बल लगा दिया गया।

इतना ही नहीं , पुलिस अधिकारी ड्रोन कैमरों से जलूस की गतिविधियों और सपाइयों के प्रदर्शन पर अपनी नजरें गड़ाए रहे। आखिर जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर पहुंचे सपाइयों ने बीजेपी सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया।इस दौरान सपा नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी की। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद दोपहर 2 बजे के करीब सपाई नसरपुर गांव स्थित अंबेडकर पुस्तकालय के पास पहुंचे। यहां पुस्तकालय के सामने सपाइयों ने पुलिस से बचकर पहले से तैयार किया हुआ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंक दिया।

पुतला जलाए जाने की सूचना पर सीओ सिटी और पुलिस बल को देख सपाई भाग निकले। बताते चलें कि,पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के दौरान जहां सपाई अपने कार्यकम के दौरान और प्रदर्शन स्थल पर पुतला नहीं जला सके। वहीं खुफिया तंत्र और पुलिस की सक्रियता भी कलेक्ट्रेट के पास सपाइयों द्वारा चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने में बाधक बनी रही।

## ग्राम पंचायतों में आवासों का कार्य तेजी से कराने के निर्देश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सचिवों को अपूर्ण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ दीपांकर आर्य ने विकास कार्यों की समीक्षा की। बीडीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 214 लक्ष्य के सापेक्ष 179 की प्रथम किश्त प्राप्त करा दी गई। साथ ही गति से कार्य कराने के निर्देश दिए गए। पीएम आवास योजना के तहत 691 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ऐसे में सचिवों को नियमानुसार स्वीकृति करने के निर्देश दिए गए। वीबीजीरामजी योजना के तहत राशन की दुकान का कार्य पूर्ण कराने, कसावा आंगनबाड़ी केंद्र की रंगाई पुताई कराने के साथ ही 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक शून्य दिवस के तहत कोई भी मस्टररोल जारी न करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लंबित शिकायतों का समय पर निस्तारण किए जाने, आगामी त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए बेहतर साफ–सफाई कराने और गौशाला का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### टायर फटने से लोडर पलटा, सडक़ पर बिखरीं मछलियां



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेशनल हाइवे पर सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सदारी नगला गांव के सामने तेज रफ्तार लोडर का अचानक टायर फट जा गया, जिससे वह पलट गया। हादसे में लोडर में भरी मछलिया सडक़ पर बिखर गई, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मछलियों का सुरक्षित कराया। बताया गया कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र का व्यापारी मछली लादकर गुरसहायगंज मंडी ले जा रहा था। जब वह सदारी नगला गांव के सामने पहुंचा, तभी अचानक लोडर का टायर फट गया, जिससे लोडर अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गया। हादसे के बाद सडक़ पर मछलियां बिखर गई। यह नजारा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही सिकंदरपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सडक़ पर फैली मछलियों को सुरक्षित कराने के लिए घेराबंदी कराई। पुलिस की मौजूदगी में मछलियों को ड्रमों में भरवाकर सडक़ से हटवाया गया।

### ओवरलोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ऊंचा गांव के ताहपुर मार्ग सामने गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। ओवरलोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजा (19) पुत्र राजेश प्रजापति, निवासी ऊंचा के रूप में हुई है। राजा चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाइयों के नाम पवन, रमन और सूरज हैं। मां का नाम ममता है। बताया गया कि राजा बिजली मिस्त्री का काम करता था और 12वीं पास कर चुका था। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे आवागमन बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह एवं चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा–बुझाकर जाम खुलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भेज दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 20 साल की सजा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनपद के थाना तालग्राम क्षेत्र में 7 साल पहले नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो न्यायालय कन्नौज ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 2,02,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला थाना तालग्राम पर पंजीकृत मु.अ.सं. 107/2019 का है। वादी रामकिशन पुत्र संतराम निवासी सकहनी थाना तालग्राम ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त उसकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। इस संबंध में थाना तालग्राम पर धारा 363, 366, 376, 506 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में पॉक्सो एक्ट जैसे चिन्हित अपराधों में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में कन्नौज पुलिस, अभियोजन पक्ष, मॉनीटरिंग सेल और कोर्ट पैरोकारों के अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय पॉक्सो एक्ट कन्नौज ने अभियुक्त राजू उर्फ राजेश पुत्र ब्रजेश बाल्मीकि निवासी ग्राम सहादतपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास और 2,02,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अवैध असलहों और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुरेश सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ध्यानेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पिट्ठू बैग में अवैध असलहा लेकर भवगहा की तरफ से आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हिकमत अमली से घेरकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पिट्ठू बैग से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर और एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी को कब्जे में लेकर अभियुक्त को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संतोष मिश्र पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम मिश्र, निवासी ग्राम गुटैया खेड़ा, मौजा भवगहा, थाना गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज, उम्र लगभग 42 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना गुरसहायगंज पर मु0अ0सं0 502/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक श्यामपाल सिंह चौकी प्रभारी नीरापुर, हेड कांस्टेबल 260 जयप्रकाश तथा कांस्टेबल 775 धीरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शस्त्रों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। क्षेत्र में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कांग्रेसियों ने नारे लगाते हुए निकाला विरोध मार्च

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

कांग्रेस हाई कमान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मो. शाक़िर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका रोड तिराहे से तिरंगा पार्क तक विरोध मार्च निकाला और वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा लोकतंत्र की हत्या कर संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए दिल्ली पुलिस ने असंवैधानिक तरीके से राहुल गांधी को हिरासत में लिया। एसआईआर के जरिए वोट चोरी करने वाले मुख्य चुनावआयुक्त ज्ञानेश कुमार तुरंत इस्तीफा दें। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट के प्रदेश



महासचिव विनोद दुबे, सेवादल के प्रदेश सचिव देवकीनंदन दुबे मुन्ना, पूर्व प्रवक्ता शमशाद खान, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे, पुष्पेंद्र पांडेय, एहसानुल हक़, फ़ैशल खान एडवोकेट, सर्वेश यादव, विजेंदर फौजी, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, अमोल दीक्षित, मेराज अली, जिला सचिव रामेश्वर दयाल कठेरिया, सरफ़राज़ हुसैन प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक, शिवम मिश्रा प्रदेश सचिव एनएसयूआई, निशांत मिश्र, विकास मिश्रा, लियाक़त अली, इमरान अली, मो. आमिर अंसारी एडवोकेट, चंद्रभान सिंह, आशीष चौहान, रामतीर्थ, आरिफ खान, प्रांजुल शर्मा, वरुण शर्मा, प्रबल प्रताप, राजकुमार यादव, रमाकांत कटियार, बहार कुरैशी, राजीव अग्निहोत्री, आमिर खान, गुलाब सिंह, मो आसिफ , वीनू तिवारी, मनु तिवारी, विकास टोनी, राघव कुमार, हरीश, शोएब खान, समीर खान, सुभम सिंह व अमर पाल बौआ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतुलित पोषण के लिए जरूरी है पोषक थाली

**पोषक वाटिका में उगाएं मौसमी फल-सब्जियां, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने लिया प्रशिक्षण**

**समृद्धि न्यूज,जलालाबाद ।**




प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी देती महिला वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी की ओर से गृह विज्ञान विषय के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार जरूरी है। उन्होंने पोषक वाटिका को कुपोषण से निपटने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि घर, स्कूल या सामुदायिक स्थानों पर खाली जगह में जैविक तरीके से फल-सब्जियां उगाकर दैनिक आहार में शामिल की जा सकती हैं। वाटिका में हरी पत्तेदार, जड़ वाली और फलीदार सब्जियों के साथ तुलसी, पुदीना, करी पत्ता, लेमनग्रास, अमरूद, पपीता, नींबू, आंवला और सहजन जैसे पौधे लगाने की सलाह दी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने विटामिन और खनिजों की पूर्ति के लिए फल-सब्जियों को भोजन में संतुलित रूप से शामिल करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

## फंदे से लटका मिला सैलून संचालक का शव



**सुबह दुकान पहुंचने पर परिजनों को मिली जानकारी, पुलिस ने शुरू की जांच**

**तिर्वा/कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब सैलून की दुकान के अंदर 18 वर्षीय संचालक रेहान पुत्र स्व. अतीक का शव फंदे से लटका मिला। वह मकरंदनगर का रहने वाला था और करीब आठ माह पहले जनखत में सैलून खोला था। रेहान रोज बाइक से कन्नौज स्थित घर से दुकान आता–जाता था। बुधवार शाम वह घर नहीं लौटा। देर रात तक पता न चलने पर स्वजन ने उसकी तलाश की। गुरुवार सुबह परिजन दुकान पहुंचे तो बाहर ताला खुला मिला और बाइक पास खड़ी थी। दुकान का शटर बंद था। ग्रामीणों की मदद से शटर खुलवाकर अंदर देखा गया तो रेहान का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर उपनिरीक्षक अनिमेष तिवारी और डायल 112 पुलिस पहुंची। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## समर का स्टार्टर ठीक करते करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**तिर्वा/कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के बलनापुर गांव में गुरुवार सुबह समर का स्टार्टर ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख–पुकार मच गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना कन्नौज के मेंहदी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। गांव निवासी सुधीश सक्सेना का पुत्र गौरव सुबह करीब आठ बजे पानी भरने के लिए घरेलू समर चालू करने गया था। समर नहीं चला तो वह स्टार्टर का तार ठीक करने लगा। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया और जमीन पर गिर पड़ा। परिजन शोर सुनकर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक गौरव की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को नहीं दी, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। गौरव पांच भाई–बहनों में चौथे नंबर का था।

# कन्या भोज के बाद श्रद्धालुओं को बांटे कलश

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

नगर के श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा एवं दुर्लभ सत्संग के समापन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। वहीं अनिल कमल ने अध्यक्ष सुशील पांडेय, जबकि विष्णु दुबे समिति के सभी पदाधिकारियों को पटका उढ़ाकर सम्मानित किया। हवन-पूजन में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और उनकी पत्नी नीरू दुबे मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से



पूजन संपन्न कराया गया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी हवन में आहुतियां अर्पित कीं। धार्मिक अनुष्ठान के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को कलश वितरित किए गए। आयोजन से जुड़े लोगों ने धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं का आभार जताया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुशील पांडेय एडवोकेट, महामंत्री उमेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष विमल पांडेय, संस्थापक अध्यक्ष डॉ.परशुराम शर्मा, विजय सिंह चौहान, रामप्रकाश वर्मा, विजय प्रताप सिंह, पंकज मिश्रा, अवधेश गुप्ता, मनोज शर्मा, मनोज कुमार सिंह, देवेंद्र वर्मा, पूरन शर्मा, अनुराग चतुर्वेदी, आशुतोष चौहान, डीके सिंह, दीपक मिश्रा, अजय गुप्ता लालू, रामकिशोर गुप्ता, संजीव दुबे, रमेश शुक्ला, रूपेश दुबे, करन सिंह और अनिल दीक्षित समेत समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर 15 अक्टूबर से



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला अंधता निवारण समिति के आदेशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्सालय निकट पावर हाउस, पूर्वी क्रासिंग, जीटी रोड, गुरसहायगंज में स्थित है। शिविर में मोतियाबिंद के बिना टांका, बिना चीरा (फेको) लेंस वाला ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर के लिए मरीजों की भर्ती दिनांक 15 अक्टूबर और 16 अक्टूबर 2026 को होगी, जबकि ऑपरेशन 17 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। शिविर में लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, परीक्षण और दवाई पूरी तरह मुफ्त रहेगी। कैंप में आने वाले मरीज अपने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड की प्रति अवश्य लाएं। दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर दीक्षित (एम.बी.बी.एस., एम.एस. नेत्र) ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उन गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ पहुंचाना है, जो पैसे के अभाव में मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करा पाते। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि एक भी व्यक्ति अंधता का शिकार न हो। शिविर में अत्याधुनिक फेको पद्धति से बिना टांका और बिना चीरा के ऑपरेशन किया जाएगा, जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाता है। आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिए मोतियाबिंद, सबलबाई, नाखूना परवार और नासूर जैसे सभी ऑपरेशन हमारे यहां प्रतिदिन नि:शुल्क किए जा रहे हैं। मरीज समय से आकर अपना पंजीकरण करा लें और अपने साथ आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड की प्रति अवश्य लाएं।

# 'जोश टीम' का असीम अरुण ने किया शुभारंभ

**मरीजों की पहचान से उपचार और फॉलोअप तक वालंटियर्स संभालेंगे जिम्मेदारी**

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए गुरुवार को विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में 'जोश टीम' का शुभारंभ किया गया। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि वर्ष 2030 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जोश टीम के वालंटियर्स गांव-गांव पहुंचकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान करेंगे। उन्हें जांच और उपचार के लिए प्रेरित करने के साथ दवाओं के नियमित सेवन, खानपान और



स्वास्थ्य की जानकारी भी लेंगे। मरीजों के उपचार की निगरानी और फॉलोअप में भी सहयोग करेंगे।

मंत्री ने बताया कि जिले में पिछले वर्ष 64 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। सीएमओ डॉ. विकास चंद्र ने बताया कि जिला और ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित की गई हैं। डिप्टी डीटीओ डॉ. सरित कुमार ने बताया कि वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पांच टीमों को किट और 10 टीबी मरीजों को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से पोषण सामग्री वितरित की गई। सीडीओ राजेंद्र श्रीवास समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सात खिलाड़ी बने चैम्पियन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

69वीं जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा तथा सह-संयोजक प्रधानाचार्य रजिन्दर सिंह कुशवाहा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं मेमेंटो देकर उनका स्वागत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि महेश चंद्र शुक्ला, प्रतिसार निरीक्षक डीएन गुप्ता, प्रतियोगिता के आयोजक रजनीश शिवा तथा चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य भी उपस्थित रहे।



ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी व अतिथि

अतिथियों ने सीओ सिटी अभय वर्मा का भी स्वागत किया। छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के चैंपियन सात खिलाड़ी रहे। जिसमें अंडर-19 बालक वर्ग में 100मी, 200मी, 400मी दौड़ आदर्श शर्मा रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में 600मी, 400मी दौड़ अंकित रहे। डिस्कस थ्रो में अंडर-17 बालिका वर्ग में 100मी, 200मी, लंबी कूद में रागिनी रही। अंडर-17 बालिका वर्ग 800मी, 1500मी, 3000मी में शिवांगी रही। अंडर-17 बालक वर्ग में 100मी, 200मी, 400मी दौड़ अनमोल रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग में 1500मी, 3000मी रेस, 5000मी वॉक में शोभा पाल रहीं। अंडर-19 बालक वर्ग में हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, पोल वॉल्ट में विशाल रहे। भाला फेंक प्रतियोगिता अंडर-17 जूनियर बालक वर्ग में प्रथम शोभित, द्वितीय अरविन्द कुमार, तृतीय हार्दिक दुबे रहे। अंडर-19 सीनियर बालिका में प्रथम रोशनी, द्वितीय शिवानी पाल, तृतीय रैनिश राजपूत रही।

अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रथम भूमिका, द्वितीय सोनी, तृतीय कोमल रही। निर्णायक मंडल में अतुल दास, रजनीश शिवा, सुब्रत शाक्य, नेहा भारद्वाज, घनश्याम बिंद, सत्येन्द्र सिंह, राकेश कुमार, धनंजय सिंह, अभिषेक अवस्थी, शुभम मौर्य, दीपावली कुमार, शोभा यादव, नीता दुबे, जगदीश बघेल, दिलीप कुमार, जितेन्द्र कुमार, शुभम गुप्ता, अनिकेत कुमार, एजाज अहमद सिद्दीकी, अर्जुन प्रताप सिंह, सुनील कुमार, शीलभद्र यादव, राजेन्द्र सिंह, डीएन सिंह आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। लेखा विभाग में गोविन्द सिंह, प्रफुल्ल कुमार भगोलीवाल, उमाकान्त शाक्य, डॉ0 आशीष कुमार शाक्य, पवन कुमार, मोहित कटियार, अनिल कुमार शाक्य, रोहित सरोज, अमित गुप्ता, नीलम वर्मा, दीपा शुक्ला, हेमप्रभा द्विवेदी, मनीष अग्निहोत्री आदि रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश कुमार गुप्ता, ओमपाल सिंह रघुवंशी, शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे, शैलेंद्र कुशवाहा, राघवेन्द्र मिश्रा, योगेश तिवारी, इंदु मिश्रा, दिनेश कुमार वर्मा, विनीत चौहान, धर्मेन्द्र रघुवंशी, रीता दुबे आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गुरुवार दोपहर बाद घर में पड़ी टीन सेड में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। परिजनों ने युवक को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई किए जाने की बात पर मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने पंचनामा कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से भी मना कर दिया। इसके बाद पुलिस मौके से वापस लौट आई। सूत्रों के अनुसार युवक शराब पीने का आदी बताया जा रहा था। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। युवक की मौत से उसकी पत्नी और बच्चों सहित पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हल्का प्रभारी रामसिंह ने बताया कि युवक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और किसी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कही है।

## चोरी के मोबाइल के साथ शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। चलती ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जीआरपी फर्रुखाबाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने यक्ष ऐप की मदद से चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से विभिन्न कंपनियों के 04 चोरी के एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 60,000 बताई जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने फर्रुखाबाद जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 04/05 के आगे फतेहगढ़ साइड की पटरियों के पास से संदिग्ध युवक को दबोच लिया। जब यक्ष ऐप के जरिए उसकी जांच की गई, तो आरोपी की पहचान शातिर अपराधी के रूप में हुई। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नासिर उर्फ मो0 आमीन पुत्र स्व0 राहतउल्ला उर्फ राहत अली निवासी-ज्वालापुर के पीछे, मोहल्ला बघाही, फरहान जिम के पास थाना किदवईनगर, कानपुर नगर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफकानपुर नगर और जीआरपी फर्रुखाबाद के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम जैसी धाराओं में कुल 9 मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल योगेश सिंह और कांस्टेबल अनुराग यादव शामिल रहे।

## सीएचसी परिसर में 8वें दिन भी आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी



धरना देती आशा कार्यकत्रियां

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चल रहा आशा बहुओं का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की और वर्तमान में मिल रहे 2,000 रुपये के अल्प मानदेय को बढ़ाकर 21,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की पुरजोर मांग उठाई। धरना स्थल पर आक्रोशित आशा कार्यकर्ताओं ने अबकी बार आर-पार और जच्चा-बच्चा छोड़कर आशा आ गई रोड पे जैसे तीखे नारे लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, जिससे उनके सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य विभाग की हर छोटी-बड़ी योजना को धरातल पर उतारने की मुख्य जिम्मेदारी उनके कंधों पर होती है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हर दिन विभागीय सर्वे और फॉलोअप का नया काम सौंप दिया जाता है। जब तक सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए मानदेय 21,000 रुपये प्रतिमाह करने का शासनादेश जारी नहीं करती, तब तक उनका यह आंदोलन खत्म नहीं होगा और विरोध प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा।

# पाल और गोपाल मिलकर पीडीए सरकार बनाएंगे : अनिल पाल

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



कार्यक्रम को संबोधित करते अनिल पाल

2027 के विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश के सत्ताधारी दल एवं प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं द्वारा गांव-गांव और गली-गली जन चौपाल एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन होना शुरू हो गया है। अजीत कठेरिया द्वारा विधानसभा क्षेत्र कायमगंज के ग्राम जिनौल गौरखेड़ा में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी तिर्वा एवं सुरेश पाल पूर्व प्रत्याशी बांगरमऊ मौजूद रहे। अनिल पाल ने कहा कि आज पूरा पीडीए समाज अपने हक, अधिकार और सम्मान बचाने की लड़ाई लड़ने को मजबूर है, उसकी कोई सुनने वाला नहीं है, पूरे प्रदेश में शायद ही ऐसा कोई दिन जाता हो जिस दिन पीडीए समाज के किसी एक व्यक्ति की हत्या ना हो जाती हो। आज फसल की उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है, आलू का किसान कर्ज के तले दबा हुआ है।

पाल और गोपाल का गठबंधन अपनी पीडीए सरकार बनाने जा रहा है। सुरेश पाल ने कहा कि प्रदेश का नौजवान आज रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है, शिक्षित नौजवान के लिए पेपर लीक एक अभिशाप बन चुका है। रामसेवक सिंह यादव, अजीत कठेरिया, इलियास मंसूरी ने विचार रखे।

राधेश्याम सविता ने कहा कि भाजपा की सरकार में जातिवाद अपने चरम पर है और सत्ता के संरक्षण में खुलेआम जातीय गुंडई हो रही है। संचालन दफेदार शास्त्री ने किया। इस मौके पर अरविंद यादव, शिवम यादव, नेपाल सिंह पाल, महेंद्र पाल, सीटू यादव, राजीव यादव मौजूद रहे।

# पास्को एक्ट में अभियुक्त को बीस वर्ष का कारावास

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी राजीव पुत्र राकेश बाल्मीकि निवासी पुनपालपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक में लेकर बीस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत दो वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम के युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पांच वर्षीय पुत्री घर के पास लगे नल पर पानी पीने गई थी। पड़ोस का ही राजीव हमारी पुत्री को बहला फुसलाकर पड़ोस में बनी शौचालय में ले गया। पुत्री की चिल्लाने की आवाज सुनकर कई लोग आ गए, और आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त राजीव को दोषी करार देते हुए बीस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

20 हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

## 420 होमगार्ड अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण 12 अक्टूबर से

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण की तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। होमगार्ड्स मुख्यालय लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 420 चयनित पुरुष एवं महिला होमगार्ड अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण 12 अक्टूबर से शुरू होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा यह मेडिकल टेस्ट जनपदीय रिजर्व पुलिस लाइन में प्रात: 09 बजे से संपन्न कराया जाएगा। पुलिस लाइन में प्रतिदिन 50-50 नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के परीक्षण के लिए अलग-अलग तिथियाँ निर्धारित की गई हैं। अभ्यर्थियों के बुलावा पत्र 09 अक्टूबर से जारी किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी अपने संबंधित ब्लॉक के थानों पर तैनात होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके स्वास्थ्य परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, युवक घायल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। मुख्य रोड स्थित रामलीला मैदान के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ई-रिक्शा सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया। घायल युवक की पहचान रामू पुत्र दयाराम निवासी सदरपुर जिला कन्नौज के रूप में हुई है।

### दो किशोरों के बीच विवाद, एक ने की फायरिंग

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला मनी में गुरुवार सुबह दो किशोरों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक किशोर ने दूसरे किशोर पर अवैध तमंचे से फायर कर दिया, जिसमें पीड़ित किशोर बाल-बाल बच गया। सूत्रों के अनुसार यह घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। किसी बात को लेकर दोनों किशोरों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते काफी बढ़ गई। इसी दौरान एक किशोर ने तमंचा निकालकर दूसरे पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली पीड़ित को नहीं लगी और बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित किशोर के परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस दोनों किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले आई। बताया जा रहा है कि थाने में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते को लेकर बातचीत चलती रही। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने पिया कीटनाशक, मौत

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज के मोहल्ला किदवई नगर में पत्नी से हुए विवाद से क्षुब्ध होकर एक युवक ने खेतों में छिड़की जाने वाली जहरीली दवा पी ली। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किदवई नगर निवासी आशु उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र हरिओम बुधवार को किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। कहासुनी से नाराज होकर आशु खेत में उपयोग होने वाली जहरीली दवा पी गया। दवा के असर से जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार न होने और स्थिति गंभीर बने रहने के कारण इलाज के दौरान बीती रात आशु ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### गिट्टी लदा डंपर खाई में पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज-कायमगंज मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। सड़क निर्माण कार्य के लिए गिट्टी लेकर जा रहा एक डंपर नया नगला गांव के पास बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते डंपर से छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार नवाबगंज-कायमगंज मार्ग पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण व निर्माण का कार्य चल रहा है। अलीगंज निवासी चालक अनुराग गुरुवार दोपहर डंपर में गिट्टी लादकर निर्माण स्थल की ओर जा रहा था। जैसे ही डंपर नया नगला गांव के समीप पहुंचा, अचानक अनियंत्रित हो गया। वाहन को बेकाबू होता देख चालक अनुराग ने सूझबूझ का परिचय दिया और चलती गाड़ी से नीचे छलांग लगा दी। इसके तुरंत बाद अनियंत्रित डंपर सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली खरोंच तक नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत यह भी रही कि हादसे के समय सड़क पर कोई अन्य वाहन या राहगीर डंपर की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# पति से विवाद के बाद महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के रसीदपुर में गुरुवार सुबह 45 वर्षीय महिला नेम देवी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शुरुआती जांच और ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या की आशंका जता रही है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने रसीदपुर रेलवे लाइन के गेट नंबर 144/9/बी हथियापुर क्रॉसिंग से लगभग 3 किलोमीटर आगे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों के अनुसार सुबह महिला को रेलवे पटरी के किनारे बैठे देखा गया था। इसी दौरान सुबह गुज़रने वाली 15040 फर्रुखाबाद-कासगंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजब सिंह और चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक विनीत त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के पति ऋषिराम ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त नेम देवी के रूप में की। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतका के तीन बेटे गुजरात में मजदूरी करते हैं। बुधवार रात घर में भैंस के ब्याने को लेकर पति-पत्नी के बीच तीखी कहासुनी हुई थी। नेम देवी भैंस बेचने की जिद कर रही थी। विवाद से क्षुब्ध होकर वह देर रात बिना बताए घर से निकल गई थी और सुबह यह दुखद घटना घटित हो गई। चौकी इंचार्ज विनीत त्रिपाठी ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गांधी जयंती पर गैरहाजिर रहे 47 अधिकारियों-कर्मचारियों का रोका वेतन

फर्रुखाबाद। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व पर विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए पूर्व में कड़े निर्देश जारी किए गए थे। निर्देशों के बावजूद विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों के 47 अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी सक्षम स्तर से पूर्व अनुमति प्राप्त किए उक्त राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में गैरहाजिर पाए गए। अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की इस गैरहाजिरी को शासकीय दायित्वों एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के प्रति घोर उदासीनता व लापरवाही माना गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने कड़ा रुख अपनाया है। सीडीओ ने संबंधित 47 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 02 अक्टूबर 01 दिवस के वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

# कंपिल में 100 साल पुरानी रामलीला का भव्य आगाज

## पृथ्वी पुकार व सीता जन्म के प्रसंगों ने दर्शकों को किया भावविभोर

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी कंपिल में करीब एक शताब्दी से चली आ रही रामलीला की परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी। पृथ्वी पर बढ़ते अत्याचारों से व्यथित पृथ्वी की भगवान से सहायता की गुहार, रावण-कुंभकरण के जन्म और माता सीता के प्राकट्य के प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला मंचन स्थल पर मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने प्रभावी अभिनय से पौराणिक कथाओं को साकार किया। मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे।

कंपिल की पहचान धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरी के रूप में रही है। इसी प्राचीन परंपरा से जुड़ी रामलीला में गुरुवार रात मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों श्याम पाठक, लेखराज पाठक सहित अन्य कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया।

पृथ्वी पुकार के दृश्य में बढ़ते अत्याचारों से व्यथित पृथ्वी को भगवान से सहायता मांगते दिखाया गया। इसके बाद रावण और कुंभकरण के जन्म की कथा प्रस्तुत की गई। रावण के जन्म और आगे चलकर उसके शक्तिशाली बनने की कथा के साथ कुंभकरण के जन्म का दृश्य भी प्रभावी रहा। इसके बाद माता सीता के प्राकट्य का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया गया। सीता जन्म के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। आकाशवाणी के दृश्य ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाई। कलाकारों के संवाद, संगीत और प्रकाश व्यवस्था ने मंचन को आकर्षक बना दिया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैदान में मौजूद रहे। रामलीला महोत्सव की व्यवस्था में अध्यक्ष नीरज कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक ऋषभ गुप्ता, महामंत्री आयेंन्द्र सिंह यादव, कोषाध्यक्ष राघव चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश वर्मा, नितिन मिश्रा, मीडिया प्रभारी ओम शक्ति सैनी, संयोजक उपेंद्र सिंह उर्फ रवि वर्मा, संयुक्त महामंत्री महेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष राजेश कठेरिया, रामेत वर्मा, रजनेश राजपूत, गुड्डन सक्सेना, सुरेंद्र सैनी सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या 01 अभिनीतम् उपाध्याय की अदालत ने हत्या एवं शस्त्र अधिनियम के मामले में फैसला सुनाते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपियों पर आर्थिक जुर्माना भी लगाया है।

मामले के शिकायतकर्ता मतीन हुसैन निवासी जरारी खालसपुर द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 07 अप्रैल 2002 को सुबह लगभग 08:30 बजे उनका भाई अलाउद्दीन आलू लोड करने के लिए पल्लेदारों को लेने ट्रक यूपी 78 टी/3062 से रजीपुर जा रहा था। ट्रक में अन्य लोग भी सवार थे। जब ट्रक जरारी और रजीपुर के बीच मीठापुर तिराहे पर पहुंचा, तो चालक ने पेशाब करने के लिए ट्रक रोका। इसी दौरान मीठापुर की ओर से आए एक ट्रैक्टर ने ट्रक के आगे आकर रास्ता रोक लिया। ट्रैक्टर में हथियारों से लैस आरोपी छवीनाथ, कश्मीर, अच्छेलाल व अन्य सवार थे। उसी समय पीछे से आए मोटरसाइकिल सवारों ने भी ट्रक को घेर लिया। आरोपियों ने ट्रक को घेरकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी में सिर और पेट में गोली लगने के कारण बबलू करीमुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही अलाउद्दीन को भी चोटें आईं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इलाज व घटनाक्रम के दौरान हुई मृत्यु के बाद पुलिस ने धारा 302/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। अदालत ने दोनों पक्षों के गवाहों, सबूतों और अंतिम दलीलों को सुनने के बाद दोषियों छवीनाथ सिंह, कश्मीर सिंह एवं उदयवीर को हत्या धारा 302/34 आईपीसी का दोषी पाया। दोषियों को आजीवना कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक दोषी पर 20,000/- का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर 5 से 6 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोषी उदयवीर को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत 3 वर्ष का अतिरिक्त कारावास एवं 10,000/- का जुर्माना सुनाया गया। वसूले गए जुर्माने की पूरी राशि धारा 357 सीआरपीसी के तहत मृतक के कानूनी वारिसों को जीवन की हानि के मुआवजे के रूप में दी जाएगी।

# तेज आंधी से पेड़ गिरे, आवागमन व विद्युत व्यवस्था चरमराई

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

बीते दिवस देर शाम तेज हवा और बारिश ने गंगा पार क्षेत्र में तहलका मचा दिया। जिसके कारण फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े पेड़ गिरकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। बिजली के खंभे तार भी क्षतिग्रस्त हुए जिससे गंगा पार क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई और चारों विद्युत उपकेंद्र बन्द हो गए। आवागमन की व्यवस्था को सुचारु करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं वन विभाग के सहयोगियों ने एक साथ कार्य करना शुरू किया। जिससे अपरूद्ध मार्ग को जल्द ठीक किया जा सके। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन को पुनः बहाल किया जा सका। परंतु विद्युत सप्लाई को सुचारु करने में विद्युत कर्मचारियो को पूर्ण सफलता नहीं मिल पाई। कई जगह पर तार और खभों की स्थिति पेड़ गिरने के कारण काफी गंभीर हो चुकी थी और कई स्थानों पर जल भराव की समस्या को लेकर भी कार्य करने में बाधा पहुंच रही थी। विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगातार विद्युत सप्लाई को सुचारु करने में प्रयास कर रहे थे। परंतु फिर भी कार्य अधिक होने के कारण देरी हो रही थी। कर्मचारियों ने बताया कि देर शाम तक विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ब्रह्माकुमारी द्वारा नशा मुक्ति रथ यात्रा का हुआ आयोजन

कमालगंज। नगर में आज ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यह रथ यात्रा तपस्वी विभाग अस्पताल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कमालगंज चौराहे पर संपन्न हुई। रथ यात्रा के दौरान संस्था के सदस्यों ने नगरवासियों को नशापान से होने वाले विभिन्न गंभीर रोगों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशा त्यागने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि नशे की आदत न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को तबाह करती है, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को अंधकार में धकेल देती है।

## भाजपा कार्यकर्ता की कार पर हमला

नवाबगंज। थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव रशीदपुर निवासी राहुल शाक्य पर बुधवार को नवाबगंज क्षेत्र में कुछ युवकों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने विवाद के दौरान राहुल की कार में लगा भाजपा का झंडा फाड़ दिया और डंडे से कार की लाइट भी तोड़ दी। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार राहुल शाक्य बुधवार सुबह अपने चचेरे भाई दीपक के साथ कार से फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों भाई कार से वापस अपने गांव रशीदपुर लौट रहे थे। जब वे थाना नवाबगंज के गांव गड़िया और नगला चंदन के बीच रोड पर पहुंचे, तो वहां सड़क के बीचों-बीच कई बाइकें खड़ी थीं। ये बाइकें सड़क किनारे लगी गांव नगला छब्ब निवासी एक युवक की समरसेबल के सामने खड़ी थीं, जिससे रास्ता बाधित हो रहा था। राहुल शाक्य ने अपनी कार रोककर सड़क पर खड़ी बाइकों को किनारे हटाने के लिए कहा।

# बाढ़ का पानी सूखने के बाद भी नहीं बहाल हुई बिजली

- अधिकारियों और लाइनमैन के चक्कर काटने को मजबूर ग्रामीण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शमसाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजीजाबाद मजरा नगरिया में बाढ़ का पानी पूरी तरह से सूख जाने और स्थिति सामान्य होने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। इससे परेशान ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

ग्राम अजीजाबाद के निवासियों ने अवर अभियंता विद्युत विभाग को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में गंगा नदी की बाढ़ के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई थी। अब क्षेत्र में बाढ़ का पानी पूरी तरह सूख चुका है और स्थिति सामान्य हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी गांव में लाइट चालू नहीं की गई है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने समस्या को लेकर लाइनमैन राजेश यादव से शिकायत की, तो उन्होंने शाम 5 बजे तक बिजली जोड़ने का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई। इसके बाद जेई जुनैद शेख से लाइट जुड़वाने का अनुरोध किया गया पर उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। जब ग्रामीणों ने इस संबंध में एक्सईएन से संपर्क किया, तो उन्होंने भी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दोबारा बात करने को कह दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन अमित यादव और राजेश यादव तथा विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली के कारण गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द अजीजाबाद मजरा नगरिया में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराने की मांग की है।

# छेड़खानी व मारपीट के मामले में अभियुक्त को सजा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) न्यायाधीश तरूण कुमार सिंह प्रथम ने घर में घुसकर युवती से छेड़खानी, मारपीट, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी दीनानाथ शाक्य को दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

घटना 16 जून 2019 की दोपहर लगभग 2 बजे की है। कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के देवरामपुर निवासी पीड़िता ने 15 दिसंबर 2019 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि दीनानाथ निवासी श्याम नगर और उसका बहनोई रमेश कुशवाहा निवासी तलैया फजल इमाम मजदूरी का काम करते थे और घर में उनका आना-जाना था। घटना के वक्त पीड़िता घर पर अकेली थी। दोनों आरोपियों ने मुख्य दरवाजा बंद कर उसके साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए।

दरवाजा खटखटाने पर भागते समय आरोपियों ने पीड़िता और उसके पिता को जातिसूचक गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान सह-अभियुक्त रमेश कुशवाहा की मृत्यु हो जाने के कारण 05 सितंबर को उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही उपशमित कर दी गई थी। इसके बाद मामला केवल दीनानाथ शाक्य के खिलाफ चला। अदालत ने गवाहों और सबूतों के आधार पर दीनानाथ शाक्य को दोषी पाया और धारा 354 छेड़खानी के आरोप में 4 वर्ष का कारावास व 10,000 जुर्माना लगाया। अदा न करने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 452 घर में घुसना के आरोप में 4 वर्ष का कारावास व 10,000 जुर्माना व अदा न करने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 323 मारपीट के आरोप में 1 वर्ष का कारावास व 1,000 जुर्माना व धारा 504 व 506 गाली-गलौज व धमकी के मामले में 1-1 वर्ष का कारावास व 1,000-1,000 जुर्माना लगाया है। एससी/एसटी एक्ट की धाराएं में 1-1 वर्ष का कारावास और 1,000-1,000 जुर्माना लगाया है।

# लापरवाही पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

सीडीओ ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में जनपद में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में कुल 2,50,162 कृषकों की आईडी बनाई जानी है, जिसके सापेक्ष अब तक 2,08,390 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा चुकी है। लगभग 42,000 कृषकों की फार्मर आईडी बनाया जाना अभी शेष है। मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाते हुए शेष कृषकों की फार्मर आईडी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे पात्र कृषकों को शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। समीक्षा के दौरान विकासखंड स्तर पर ड्यूटी में लगाए गए पंचायत सहायकों, ग्राम रोजगार सेवकों, ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं कृषि विभाग के कार्मिकों द्वारा एक भी फार्मर रजिस्ट्री न बनाए जाने के संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर 304 पंचायत सहायकों, 88 लेखपालों, 27 ग्राम पंचायत सचिवों, 47 ग्राम रोजगार सेवकों तथा 23 ग्राम विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# वैभव सिंह राठौर को मिला राष्ट्रीय चेंजमेकर का अवॉर्ड

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में देशभर के 51 चेंजमेकरों के बीच उत्तर प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जनपद के वैभव सिंह राठौर के सामाजिक कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय चेंजमेकर मीट एवं चेंजमेकर अवॉर्ड्स में रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक एवं सीईओ वैभव को व्यक्तिगत चेंजमेकर श्रेणी में देशभर के 51 चेंजमेकरों में शामिल कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय आयोजन में वैभव ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। चार दिवसीय यह आयोजन 1 से 4 अक्टूबर तक चला। वैभव को गुजरात सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्रसिंह चुडासमा, जायडेक्स समूह के अध्यक्ष डॉ0 अजय रांका और समन्वय प्रतिष्ठान के संयोजक डॉ. जिगर इनामदार ने सम्मान प्रदान किया। वडोदरा की समन्वय प्रतिष्ठान ने इंडिया फाउंडेशन और द चेंजमेकर्स नेटवर्क के साथ मिलकर यह आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी मौजूद रहे। पहले दिन प्रतिभागियों ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण किया, जबकि 4 अक्टूबर को समापन समारोह और अवॉर्ड संध्या में सम्मान प्रदान किए गए। समर्थ परियोजना के जरिए वंचित युवाओं को कौशल और डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रगति कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आजीविका के अवसर तैयार किए जा रहे हैं। संस्था उत्तर प्रदेश में पंजीकृत धारा 8 कंपनी है और 80जी व 12एबी प्रमाणित है।

इसकी टीम में 4 पूर्णकालिक कर्मचारी, 20 अंशकालिक प्रशिक्षक और 170 स्वयंसेवक काम कर रहे हैं।

वैभव ने समाज कार्य में स्नातकोत्तर किया है और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से समाज कार्य में पीएचडी कर रहे हैं। वे ग्रामीण फर्रुखाबाद में सक्रिय युवा सेवा समिति के सह संस्थापक हैं और वैभव्स वर्ल्डिक्ट नाम से पॉडकास्ट भी चलाते हैं। वैभव ने कहा यह सम्मान उन बच्चों, किशोरियों और ग्रामीणों का है जो हमारे हर अभियान की असली ताकत हैं।



सम्मानित होते वैभव सिंह राठौर

## शमसाबाद में भारी बारिश से ढहे गरीबों के आशियाने

**शमसाबाद।** नगर पंचायत शमसाबाद क्षेत्र में अतिवृष्टि (भारी बारिश) के कारण गरीब मजदूरों के कच्चे मकान ढह जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आशियाना छिन जाने के कारण पीड़ित परिवार तिरपाल डालकर गुजर-बसर करने को मजबूर हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत शमसाबाद की अध्यक्ष जोया शाह फारुखी ने तहसीलदार कायमगंज को पत्र लिखकर पीड़ितों को तुरंत मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से अध्यक्ष ने आग्रह किया है कि संबंधित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल से अतिवृष्टि के कारण ढहे मकानों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण एवं नुकसान का आकलन कराया जाए। इसके बाद शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सभी प्रभावित गरीब मजदूर परिवारों को शीघ्र क्षतिपूर्ति/मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत हुई संगोष्ठी



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान को हर घर तक पहुंचाना, हम सभी का नैतिक दायित्व है। लोगों को नशे के दुष्परिणामों, नशे से बिखरते परिवार, नशे से होने वाली बीमारियों के प्रति जागृत करना, अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को जो नशा कर रहे हैं, उन्हें नशे से दूर करने के लिए प्रयास करने हेतु लोगों को जागरूक करना है।

स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा उमरा ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य कुरीतियों को मिटाना है और युवा ही समाज को नशा मुक्त बनाने में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। छात्रा शिवांगी ने कहा कि आज का युवा समाज नशे की गिरफ्त में तेजी से फंसता जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि लोगों को नशा होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना चाहिए और समाज को नशा मुक्त स्वस्थ समाज बनने में अपना योगदान देना चाहिए।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने की पूर्ण हड़ताल



धरने पर बैठे संविदा कर्मचारी

**नियमितीकरण और समान कार्य समान वेतन की उठाई मांग**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में पूर्व घोषित पूर्ण हड़ताल का आयोजन किया गया। हड़ताल में जनपद के सभी संवर्गों के संविदा कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारी संघ ने समान कार्य के लिए समान वेतन नियमितीकरण सेवाओं को पक्का करना कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता, ग्रेच्युटी लाभ तथा अनुकंपा नियुक्ति आदि रही। 6 प्रमुख मांगों को लेकर जिले भर के संविदा कर्मियों ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी हड़ताल जारी रखी। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि इस दौरान सभी आपातकालीन सेवाओं को बाधित नहीं किया गया है। यह हड़ताल 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक जनपद मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है। 12 अक्टूबर को जिले भर से सभी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लखनऊ के लिए कूच करेंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राज आर्यन अग्निहोत्री ने की, संचालन राखी ने किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, रेनू मिश्रा, नरेंद्र चौरसिया, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. अमरनाथ गुप्ता, डॉ. श्याम किशोर, डॉ. छाया चतुर्वेदी, ज्योति, रोहिन, जोसविना, हरदेश कुमारी, आरती, साधना, साबिर हुसैन, अभिषेक वाजपेयी, नवदीप उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य टीम ने की आशा की मड़ैया में 184 मरीजों की जांच



शिविर में मरीजों को देखते सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को उनके नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं। सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय के निर्देशन में राजेपुर क्षेत्र के आशा की मड़ैया और तौफीक मड़ैया में स्वास्थ्य शिविर लगाकर कुल 184 मरीजों की जांच की गई। सबलपुर के अंतर्गत आशा की मड़ैया में 69 मरीजों की जांच की गई। त्वचा संबंधी बीमारी के सबसे अधिक 40 मरीज मिले। 13 मरीज बुखार, 10 मरीज जोड़ों के दर्द, तीन मरीज मधुमेह और तीन मरीज उच्च रक्तचाप से संबंधित पाए गए। डॉ0 नेहा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रशांत मौजूद रहे। वहीं तौफीक मड़ैया में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 115 मरीजों की जांच हुई। इनमें 26 मरीज त्वचा संबंधी समस्या, 23 बुखार, 15 सर्दी-खांसी, 15 आंख-कान संबंधी समस्या, आठ डायरिया, पांच गठिया तथा 10 मरीज अन्य एवं पुरानी बीमारियों से संबंधित पाए गए। तौफीक मड़ैया में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डॉ0 अभिनव, फार्मासिस्ट अनुज कुमार, आशीष कुमार शुक्ला, स्टाफनर्स अंशिका कटियार और लैब टेक्नीशियन ललित कुमार सहित स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

# जनजागरूकता रथ यात्रा को डीएम ने किया रवाना

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



जागरूकता रथ को झंडी दिखाती डीएम

जनपद में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार व बाल श्रम उन्मूलन व विरूद्ध जनजागरूकता रथ यात्रा को रवानगी जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर व मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से किया गया। सहायक श्रमायुक्त के द्वारा बताया गया कि जागरूकता रथ के माध्यम से श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार व बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जन-जन तक जागरूकता बढ़ाना है। उन्होने बताया कि श्रम विभाग द्वारा उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बार्ड के अन्तर्गत भवन निर्माण श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसमें राजमिस्त्री, लोहार, प्लम्बरिंग, टाइल्स लगाने का कार्य, पुताई, इलेक्ट्रिक वर्क, भवन निर्माण, मिट्टी बालू, मौरंग खनन, अन्य निर्माण श्रमिक आदि का पंजीयन होता है। उन्होने बताया की पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए की 2 संतानों के जन्म पर मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, बच्चों की पढ़ाई के लिए संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, अटल आवासीय योजना, पुत्री के विवाह के लिए कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना संचालित है। उन्होने बताया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से जनजागरूकता रथ यात्रा निकाली गई। रथ कलेक्ट्रेट कार्यालय से रवाना होकर फतेहगढ़ मार्केट, लेबर अड्डा, कोतवाली होते हुए बस अड्डा, आईटीई, ठण्डी सडक, रेलवे रोड, चैक, नेहरू रोड होकर वापस श्रम विभाग कार्यालय पहुँचा।

## खबरें एक नजर में

### न.प. ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



वृक्षारोपण करते पालिकाकर्मी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लुधैया स्थित एमआरएफ सेंटर पर सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष के मार्गदर्शन और अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में स्वच्छता, वृक्षारोपण और कचरा प्रबंधन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित लोगों द्वारा वृक्षारोपण और श्रमदान से हुई, जहां सभी ने एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अधिशासी अधिकारी ने सभासदों, कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वेट वेस्ट कंपोस्टिंग यूनिट का निरीक्षण कराया। उन्होंने गीले व सूखे कूड़े को अलग करने, गीले कूड़े से जैविक खाद बनाने और सूखे कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। नागरिकों से घरों का गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके ही सफाई गाड़ियों में देने तथा सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फेंकने की अपील की। कार्यक्रम में सभासद प्रमोद कुमार शर्मा व उत्तम कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, खुशबू मिश्रा, लिपिक विजय सिंह, सफाई नायक उपस्थित रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला गंभीर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम बड़ी रूरी निवासी एक महिला को बीती रात सोते समय जहरीले कीड़े ने डस लिए। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम बड़ी रूरी निवासी रेखा 26 वर्ष पत्नी अजय को बीती रात घर पर सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया । जिसकी उसकी हालत बिगड़ने लगी । उसकी हालत गंभीर देख देवर विजय सहित परिजन उसे इलाज के लिए रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये । जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर महिला की हालत गंभीर बनी हुई ।

### डीएम घनश्याम मीणा ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उन्नाव।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। करीब 350 खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया और खेलों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उद्घाटन समारोह में स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट करते हुए जिलाधिकारी को मैदान तक पहुंचाया। खिलाड़ियों ने सलामी दी और विद्यार्थियों द्वारा बैज अलंकरण किया गया। इसके बाद मशाल प्रज्वलित कर मैदान का चक्कर लगाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में नवाबगंज तहसील की खुशी ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 800 मीटर दौड़ में भी खुशी ने स्वर्ण पदक हासिल कर दोहरी सफलता दर्ज की।अंडर-17 बालक वर्ग की 800 मीटर में सुधीर ने स्वर्ण, अंडर-19 बालिका वर्ग की 100 मीटर में सोफिया ने स्वर्ण तथा 800 मीटर में संध्या ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 बालक वर्ग की 800 मीटर में अभिषेक ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग की 600 मीटर में साक्षी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**



कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला मोचियाना में घर के अन्दर तीन भाइयों व पिता ने मिलकर सगे भाई पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया अपनी जानबचा कर घर से बाहर भागा लेकिन हमलावरों ने उसे मौत के घाट उतार दिया था।

मृतक की पत्नी द्वारा पति की हत्या करने वाले ससुर व जेठ देवर के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आज दो नामदर्ज हत्या आरोपी गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय भेज दिया है। कस्बा गंज मुरादाबाद के मोहल्ला मोचियाना निवासी दिलशाद की हत्या बुधवार को सुबह लगभग नौ बजे उसके पिता मूर्तजा व भाई इरशाद,शहजाद आदि ने तलवार, कुल्हाड़ी व चाकू आदि से उस समय कर दी थी जब वह घर में कपड़े लेने गया था। कहा जाता है कि दिलशाद अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर भागा लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उस पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था ।मृतक की पत्नी सुफिया बानो की तहरीर पर पुलिस ने ससुर, जेठ, देवर आदि पर दर्ज की थी । पुलिस ने हत्या की घटना के नामित आरोपी मृतक दिलशाद के पिता मुर्तजा और विकलांग भाई इरशाद कर विधिक कार्यवाही करते हुए अदालत में पेश किया है । बताया जाता है कि उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला जुलूस

**उन्नाव।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से कांग्रेस जनों ने जुलूस के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा के सामने से निकलते हुए निर्वाचन कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए ज्ञानेश कुमार कहां मिलेगा मोदी की गोदी में भारतीय जनता पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष संगठन चंद्र प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी से निकाला जुलूस गगन भेदी नारे लगाते हुए कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद यह दीवाने कहां चले जेल चले भाई जेल चले के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से होते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय पर जाकर धरने पर बैठ गए हालांकि पुलिस के लंबे बंदोबस्त के कारण बहुत देर तक धरने पर नहीं बैठ पाए वहां से उठकर पीछे लौटते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की जुलूस में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह अनवर खुर्शीद महामंत्री अजय गौतम शहर अध्यक्ष फैज फारुकी अमरेद प्रताप सिंह दिनेश शुक्ला सुभाष सिंह आशुतोष मिश्रा बोधराज सिंह पुत्तीलाल वर्मा आशीष त्रिपाठी कन्हइ कुरील सैयद सैफसहित आधा सैकड़ा लोग जुलूस में सम्मिलित हुए।

# एनएसएस स्वयंसेवक मुर्शिद आलम को मिला 'कर्मवीर' सम्मान

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - 'शक्ति' के स्वयंसेवक छात्र मुर्शिद आलम को सामाजिक सेवा एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता के लिए 'कर्मवीर' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने प्रदान किया। उक्त समारोह में मुर्शिद आलम को सम्मानित किए जाने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र ने एनएसएस के माध्यम से सेवा, सामाजिक जागरूकता तथा जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों की सेवा भावना और सामाजिक सरोकार युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुर्शिद आलम का यह सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगा।

कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप कुमार शुक्ला ने भी छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मिनी ट्रक आगे चल रहे वाहन से टकराया, चालक घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के अन्तर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे किलोमीटर 251 के मिनी चालक को झपकी आने से मिनी ट्रक अनित्रित होकर आगे चल रहे वाहन में पीछे से घुस गया। जिससे मिनी ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से रेफर कर दिया। जनपद कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम एकघरा निवासी मिनी ट्रक चालक अजय परचून का सामान मिनी ट्रक पर लादकर लखनऊ से आगरा की तरफजा रहा था। तभी रात लगभग 3 बजे थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालक को झपकी लगने से वह अनियंत्रित होकर पीछे से किसी भारी वाहन में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने घायल चालक अजय गाड़ी से निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

# भाकियू महात्मा टिकैत की बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की बैठक मंडा सराय बगिया में तहसील अध्यक्ष राहुल तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह मंडासरायं मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। युवा उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय, बुद्धराज सिंह मीडिया प्रभारी, मुनीम, अबरार अहमद ब्लॉक महासचिव हंसवा,तथा राजू सिंह जिला संरक्षक भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कल्लू सिंह मंडासरायं ने कहा कि इस समय आलू के बुआई की तैयारियां किसान कर रहा है धान की फसल काट कर कर खेत तैयारी कर रहे हैं, किन्तु किसी भी समितियों में डी,ए,पी मौजूद नहीं है।

किसान समितियों में जाता है तो उसे सचिव यह कहकर वापस कर देते हैं किसानों को खाद की जरूरत नहीं है इस लिए सरकार अभी खाद नहीं भे ज रही।तथा किसानों का धान जो कट रहा है कहीं भी कृय केंद्र नहीं खोले गए ऐसी स्थिति में किसान अपना मोटा धान खुले बाजार में 1600/1700/में बेचने को मजबूर हैं क्योंकि उन्हें अगली फसल लगानी है।इन दोनों गम्भीर समस्याओं पर डिप्टी,आर,एम ओ,व ए आर सहकारिता विभाग एक सप्ताह के अंदर यदि निराकरण नहीं करते तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ आन्दोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी दोनों सामर्थ्य वान अधिकारियों की होगी।

## अध्यक्षों-सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**उन्नाव।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, उन्नाव के मुख्यालय में उप्र कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, लखनऊ के कृषि सहकारी स्टाफप्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के अनुमोदन प्रायोजन के अंतर्गत जनपद उन्नाव में नवगठित बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों के अध्यक्षों, संचालकों एवं सचिवों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 8 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य विषय जीतव नही सुशासन, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं व्यवसाय विकास योजना के माध्यम से समितियों को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित रहा। साथ ही नवगठित के पदाधिकारियों को समितियों के प्रभावी संचालन, व्यवसायिक गतिविधियों के विस्तार तथा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में जागरूक एवं संवेदनशील बनाया गया।

## जिलाधिकारी से पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के महजारी की रहने वाली असमा कमाल पत्नी स्वर्गीय कमाल अहमद ने जिला अधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की प्रार्थिनी की सास व उनके सगे भाई के बीच उनके पैतृक मकान के बाबत सन 1997 में फैमिली समझौता हुआ था जिसके अनुसार मकान का उत्तरी हिस्सा प्रार्थिनी की सास रशीदा खातून का एवं दक्षिणी हिस्सा उनके भाई का है। जिसके मुताबिक प्रार्थिनी की सास ससुर काबिज व दाखिल रहे तथा उनके बाद प्रार्थिनी के पति कमाल अहमद पुत्र गुलाम रसीद व उनकी मृत्यु के बाद प्रार्थिनी भी काबिज व दाखिल है तथा अपने बच्चों के साथ रह रही है। जबकि प्रार्थिनी की सास के भाई ने अपने हिस्से के मकान को सन 2000 में बेंच दिया था इस प्रकार से उनका कोई हक व हकूक एवं हिस्सा शेष नहीं रहा फिर भी बेवजह उनको परेशान किया जा रहा है और साजिश व षड्यंत्र करके प्रार्थिनी का मकान हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मांग किया कि वह विधवा असहाय महिला है किसी तरह से अपने व अपने बच्चों का पेट पाल रही है किंतु उक्त लोग बेवजह परेशान कर रहे हैं। प्रार्थिनी ने ऐसे लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है।

# कलेक्ट्रेट पर गरजे सपाई, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की तरफ से आज पार्टी के सभी बड़े नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की खुली धांधली, करोड़ों वोटों की सीधी चोरी और मुख्य चुनाव आयुक्त की हरकतों के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद की अगुवाई में आज सुबह 11:00 बजे सैकड़ों की तादाद में सपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय गेट पर पहुंचे और बीजेपी सरकार तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन के बाद सपा डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम तैयार ज्ञापन जिलाधिकारी का प्रतिनिधित्व कर रहे एडीएम सिटी सौरभ सिंह को सौंपा, जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

ज्ञापन देने के बाद मीडिया और अफसरों के सामने महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने सीधे शब्दों में तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज हम सभी जिम्मेदार नेताओं ने मिलकर राष्ट्रपति जी के नाम यह ज्ञापन दिया है। उन्होंने गरजते हुए कहा, ÷ज्ञानेश कुमार कोई मामूली चोर नहीं है, उसने लोकतंत्र में जनता के हजारों-करोड़ों वोटों पर सीधा डाका डालकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई है। इस बेईमान सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ आज पूरा विपक्ष दिल्ली से लेकर गली-मोहल्लों तक एक साथ खड़ा है और रोज दिल्ली में हमारे नेता सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हाजी फज़ल महमूद ने बेहद तल्ख अंदाज में कहा कि जब हमारे नेता माननीय अखिलेश यादव जी ने इस वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाई, तो इस डरी हुई सरकार ने उनको अरेस्ट कर लिया।

## वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च में कांग्रेस का प्रदर्शन



**कानपुर।** एआईसीसी व पीसीसी के निर्देश पर कानपुर महानगर कांग्रेस ने वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च निकाला। कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अम्बेडकर प्रतिमा, फूलबाग से कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एवं इंडिया गठबंधन कानपुर संयोजक पवन गुप्ता के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता की मांग उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया और चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका। इस दौरान ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करो और जेल भेजो के नारे लगाए गए। प्रदर्शन में सीपीएम शिवसेना, एनसीपी और सीपीआई सहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भी शामिल रहे। पवन गुप्ता के साथ कांग्रेस से संजीव दरियाबादी, निजामुद्दीन खान,प्रतिभा पाल,संदीप शुकला,नरेश त्रिपाठी,आलोक मिश्रा,हाशिर मन्नान मोहन शुक्ला,हरप्रकाश अग्निहोत्री,राम नवल कुशवाहा,संतोष त्रिपाठी, अवनीश सलूजा, साजिद सर, राजीव द्विवेदी,नरेंद्र चंचल ,अमरनाथ वाल्मीकि, रोशनी चौधरी, साजिद सर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



जिला व शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सिंचाई विभाग के सर्किट हाउस से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तक वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा देते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में काफी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। जब कि सुरक्षा को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया कि अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी मान लिया कि चुनाव आयोग द्वारा गलतियां की गई इसके बावजूद भाजपा सरकार बेशर्मी के साथ बराबर ज्ञानेश कुमार का बचाव कर रही है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि जिस प्रकार अमित शाह हर मर्यादा तोड़कर ज्ञानेश कुमार का बचाव कर रहे हैं इससे साफ जाहिर है कि इस चोरी के मुखिया अमित शाह स्वयं हैं उन्होंने यह भी कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी शांतिपूर्ण ढंग से सांसदों के साथ ज्ञानेश कुमार से मिलने जा रहे थे तो उन्हें क्यों रोका गया एवं जिस प्रकार उन्हें रास्ते में घसीटा गया बहुत ही शर्मनाक है जिसकी सजा भविष्य में उन्हें मिलकर रहेगी। प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता कलीम उल्ला सिद्दीकी, शिवा कांत तिवारी, मणि प्रकाश दुबे, राजू लोधी,देवी प्रकाश दुबे, पुत्तन मिश्रा, अरुण जायसवाल, सैयद सहाब अली, आदित्य श्रीवास्तव, मोहसिन खान, वकील खान, नवनीत तिवारी, राम नरेश महराज,ओम प्रकाश कोरी,शादाब सभासद, राजीव लोचन निषाद, जेपी पासवान, बसीर अहमद, इशरत खान, उदित अवस्थी, आरिफ खान, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, वकील खान, मो.हफीज, इंद्र जीत लोधी, मो.इलियास, मो. इस्माइल, अब्दुल रज्जाक, शेर आलम, नजमी कमर, अशोक दुबे,हम्माद हुसैन आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नगर जोन में 15 दरोगाओं के तबादले

**प्रयागराज।** पुलिस विभाग में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से नगर जोन में 15 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण एवं नई तैनाती की गई है। जारी सूची के अनुसार कई दरोगाओं को चौकी प्रभारी और थानों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैनाती के क्रम में राहुल कुमार सिंह को साई धाम चौकी प्रभारी, कुमार गौरव सिंह को पीपलगांव चौकी प्रभारी, सूर्यकांत सिंह को थार्नहिल चौकी प्रभारी, ओम प्रकाश को थाना धूमनगंज और मुकेश पाल को थाना कर्नलगंज भेजा गया है। वहीं दीपक नागर को बक्शीखुर्द चौकी प्रभारी, महिपाल यादव को अटाला चौकी प्रभारी और धर्मेंद्र कुमार को हटिया चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। शिम्मी सिंह यादव को थाना झूंसी भेजा गया है। इसके अलावा योगेश यादव को कीडगंज, महेंद्र सिंह को चुनाव कार्यालय, जनशिकायत प्रकोष्ठ एवं आईजीआरएस सेल, संजय कुमार को शाहगंज, छाया मिश्रा को शिवकुटी, सैयद जुबैर शरीफ को कैंट और अजय कुमार को खुल्दाबाद में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग की इस फेरबदल को नगर क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नीलम करवरिया कप का आगाज कल से

**प्रयागराज।** नीलम करवरिया कप का आयोजन 10 अक्टूबर से केपी ग्राउण्ड स्थित मेजर रंजीत सिंह स्पोर्टस काम्प्लेक्स के मैदान में होगा। संबंधित प्रतियोगिता नीलम करवरिया पूर्व विधायक मेजा की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में प्रयागराज की बारह विधान सभाओं की 12 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रयागराज के शहरी एवं ग्रामीणांचल क्षेत्र के उदीयमान खिलाडियों को एक उच्चस्तरीय प्लेट फार्म पर अपने खेल कौशल को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिल सके। संबंधित प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों टीमों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा विधान सभावार टीमों के चयन हेतु चयन समिति का गठन पारदर्शी नीति के तहत किया गया। तदोपरांत चयन समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक विधान सभाओं में पूर्व निर्धारित तिथियों पर जाकर टीमों का चयन किया गया। आयोजन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि संबंधित विधान सभा की टीम में उस विधान सभा का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इसके साथ प्रत्येक टीमों के कोच व मैनेजर को अधिकृत किया गया है कि आप अपनी सहमति से प्रत्येक टीम में दो खिलाडी बाहरी रख सकते हैं।

### श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महाराजगंज।** शासन के निर्देश के क्रम में श्रम विभाग द्वारा आईपीएल शुगर



मिल सिसवा बाजार तथा महावीर जी फ्लोर एवं राइस मिल पचरुखिया पुरैना चौराहा पर 7 व 8 अक्टूबर 2026 को श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे मिल प्रबंधन तथा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भारी संख्या में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।श्रम प्रवर्तन अधिकारी गणेश सिंह के अनुसार शिविर में श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया तथा श्रमिकों से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन के बारे में बताया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चला विशेष जांच अभियान

- पुलिस ने होटल, ढाबा व धर्मशाला का किया विशेष चेकिंग

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी के दृष्टिगत होटल, सराय एवं ढाबों की सघन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया । अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्राधिकारीगण द्वारा स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर चेकिंग की गई तथा अधीनस्थ पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देशदिए। पुलिस टीमों द्वारा होटल एवं सराय में ठहरने वाले व्यक्तियों का विवरण, रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। साथ ही होटल संचालकों को आगंतुकों के संबंध में निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## न. पा. परिषद अध्यक्ष ने किया पुल निर्माण का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने आज नगर क्षेत्र के आज़ाद नगर फरेंदा रोड एवं सक्सेना नगर सामुदायिक हॉस्पिटल के पास चल रहे पुल निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों को कार्य को मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।इसी दौरान वेंडिंग जोन में पूर्व सभासद बंटी यादव की दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की सूचना मिलते ही अध्यक्ष तत्काल मौके पर पहुंचीं और उन्होंने स्थिति को देखते हुए तुरंत बिजली की सप्लाई कटवाकर सुरक्षा सुनिश्चित कराई और संबंधित लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की। अध्यक्ष डॉ मंगल ने कहा कि जनसुरक्षा विकास कार्य और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है।इस अवसर पर डिवीजनल रोहन सिंह, आरिफ खान, संदीप सहानी व शिव मंगल सहित वार्ड की सम्मानित जनता मौजूद रहे।

## अतीक अहमद के गुर्गों से परेशान पीड़ित परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** भले ही माफिया अतीक अहमद इस दुनिया में नहीं है मगर उनके गुर्गो की दबंगई बादस्तूर जारी है ताजा मामला प्रयागराज के गद्दोपुर का है। जहां इश्मा बनो नाम की महिला ने पति और अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की मांग किया है। वही इस्मा बानो और उनके देवर की पत्नी सुल्ताना ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया है की अदनान पप्पू नावेद उबैद यह वह लोग है जिनके घर पर उमेश पाल हत्याकांड में बुलडोजर की कार्रवाई हुई थी और बीते दिनों मेरे पति कैंसर पीड़ित खुर्शीद को झूठे केस में फंसा कर जेल भेज दिया था और वही अब जेल से छूटने के बाद दबंगों द्वारा झूठे आरोप लगाकर षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेजने की कोशिश कर रहे है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जोश टीम का हुआ शुभारंभ

**'टीबी हारेगा, कुशीनगर जीतेगा' के संकल्प के साथ गांव-गांव पहुंचेगी टीम**

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में व्यापक जन जागरूकता एवं सक्रिय टीबी खोज अभियान को गति देने के उद्देश्य से 'जोश टीम' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद स्तर पर किया गया।

राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा किया गया। जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं, स्वयंसेवकों एवं अन्य प्रतिभागियों ने देखा और सुना। इस दौरान टीबी उन्मूलन के संकल्प को दोहराते हुए जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की।

गांव-गांव और घर-घर पहुंच कर जोश टीम' के माध्यम से जनपद में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा संभावित टीबी मरीजों की समय से पहचान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

टीम के सदस्य गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं निःशुल्क उपचार के संबंध में जानकारी देंगे। साथ ही संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें जांच एवं उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

अभियान के माध्यम से टीबी से संबंधित सामाजिक भ्रांतियों एवं भेदभाव को दूर करने के साथ ही टीबी मरीजों को नियमित रूप से दवा लेने और अपना उपचार निर्धारित अवधि तक पूरा करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि समय से जांच, नियमित उपचार और जनभागीदारी के माध्यम से टीबी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। कार्यक्रम के दौरान 'टीबी हारेगा-कुशीनगर जीतेगा' के संकल्प के साथ जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक विनय प्रकाश गोड़, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एस.एन. त्रिपाठी, डॉ. आर.डी. कुशवाहा, डॉ. सुशांत भौमिक, डॉ. मुकेश यादव, अनुपम मिश्र, नितेश राय, अरमान अहमद, तारकेश्वर शाही सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, एनसीसी ऑफिसर डॉ. प्रहलाद, माय भारत वॉलंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## नौतनवा पुलिस ने दोनों बालकों को किया 24 घंटे अंदर बरामद



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा पीड़ितों, अपहृतों एवं गुमशुदा बालकों/ बालिकाओं की त्वरित बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नौतनवा पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष नौतनवा अभिषेक सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मु0अ0स0 203/2026 धारा 137(2) बी0एन0एस0 से संबंधित 02 गुमशुदा बालकों को महज़ 24 घंटे के भीतर सकुशल गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। नौतनवा पुलिस द्वारा बरामद दोनों बालकों को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। तथा मामले में अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।बरामद करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 जयप्रकाश सिंह (चौकी प्रभारी संपतिहा, का0 सुनील सिंह यादव, शैलेंद्र मौर्य शामिल रहे।

# एमएलसी चुनाव को लेकर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**





शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के घोषित प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी रणनीति, मतदाताओं से संपर्क और संगठनात्मक तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पदाधिकारियों से शिक्षक मतदाताओं के बीच व्यापक संपर्क अभियान चलाने, पार्टी प्रत्याशी की नीतियों और प्राथमिकताओं को पहुंचाने तथा बूथ एवं मंडल स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा संगठन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगा और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने पदाधिकारियों से शिक्षक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मजबूत माहौल तैयार करने का आह्वान किया। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भाजपा शिक्षक हितों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए अनेक कदम उठाए हैं। शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी को व्यापक समर्थन दिलाने के लिए कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटें।जिलाध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ध्रुव त्रिपाठी की जीत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता संपर्क, संवाद और संगठन की प्रभावी रणनीति के आधार पर चुनाव में भाजपा की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों से जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए चुनावी अभियान को गति देने का आह्वान किया।

बैठक में जिला पदाधिकारियों ने भी चुनाव को लेकर अपने सुझाव रखे और पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ,जिला महामंत्री बबलू यादव ,जिला मंत्री विष्णुदेव चौरसिया, एम एल सी चुनाव के संयोजक प्रभाकर द्विवेदी,शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक अमित सिंह, विधानसभा संयोजक लालचंद्र चौधरी, दिनेश जायसवाल, शैलेश पाण्डेय, नागेंद्र मल्ल, शिवभूषण उर्फ चंचल चौबे,प्रिंस शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 366 ग्राहक सेवा केन्द्रों की सघन जांच की

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, फर्जी दस्तावेजों के निर्माण को रोकने तथा आमजन को डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में आज जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं ऑनलाइन जन सेवा केन्द्रों की विशेष व सघन चेकिंग का व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा जनपद में कुल 366 जन सुविधा / ग्राहक सेवा केन्द्रों की गहनता से जांच की गई।सघन चेकिंग अभियान के क्रम में सीएससी संचालकों के वैध लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं दुकान के संचालन से संबंधित दस्तावेजों का बारीकी से सत्यापन किया गया। चेकिंग के दौरान विशेष रूप से इस बात की जांच की गई कि किसी भी केंद्र पर एआई टूल का दुरुपयोग कर फर्जी फोटो बनाने, कूटरचित/फर्जी पहचान पत्र तैयार करने जैसा कोई अवैध या संदिग्ध कार्य तो नहीं किया जा रहा है।

इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की स्थिति को भी देखा गया।

# जल जीवन मिशन 'ग्रामीण' के कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

- गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद में संचालित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का रोड रेस्टोरेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त अथवा टूटी हुई है, उसे तत्काल दुरुस्त कराते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जलापूर्ति योजनाओं से जुड़े सोलर पैनलों को पूर्ण रूप से क्रियाशील एवं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विभाग से संबंधित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित एवं निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत कनेक्शन तथा राजस्व से संबंधित भूमि आवंटन/विवाद के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है।

# वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ सपा का पैदल मार्च

- जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकला मार्च
- मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर पुतला फूंका

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**





समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के नेतृत्व में 'वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' के नारे के साथ जिला मुख्यालय पर पैदल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में निकले और जिला परिषद मार्केट स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा अंबेडकर पार्क पहुंचकर राष्ट्रगान किया। इस दौरान संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन भी किया गया। पैदल मार्च के दौरान कार्यकर्ता 'अखिलेश यादव जिंदाबाद', 'समाजवादी पार्टी जिंदाबाद' और 'विद्यासागर यादव जिंदाबाद' के नारे लगाते रहे। कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। सपा कार्यकर्ताओं के सड़क पर उतरने से जिला मुख्यालय पर राजनीतिक माहौल गरम रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सक्सेना चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष कुंवर यज्ञदत्त पासवान के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। इस दौरान वक्ताओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और मताधिकार की रक्षा के लिए पार्टी के संघर्ष को आगे बढ़ाने की बात कही।पैदल मार्च में विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडे,पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह, सुदामा प्रसाद,श्रीपत आजाद, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण पटेल, निर्मेश मंगल, कृष्णभान सिंह, बिंद्रेश कनौजिया, जिला उपाध्यक्ष प्रणय गौतम, विजय यादव, अमरनाथ यादव उर्फ ललला यादव, राजू दुबे, कुंवर यज्ञदत्त पासवान, अमरजीत साहनी, समीम खान, संजय कनौजिया, नौशाद आलम, कैलाश प्रजापति, विक्रम यादव, अर्जुन यादव, अरविंद यादव, जिला सचिव समसूल हुदा, राहुल मिश्रा, दिलीप शुक्ला, भोला यादव, सुमन ओझा, राजेश निषाद, राजकुमार निषाद, हरेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश यादव, रामलाल यादव, पूर्व मंत्री सुशील कुमार, पूर्व प्रमुख रामनिवास यादव, अमित चौबे, अजय गुप्ता, रामकृपाल चौरसिया, ओम प्रकाश यादव, गौरी शंकर गुप्ता, देवेंद्र प्रताप शाही, दीनबंधु यादव, नीरज चौहान, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सपा का प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट में हंगामा

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**





मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने कुशीनगर जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष रामअवध यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर नारेबाजी की।

तस्वीरें कुशीनगर जिला कलेक्ट्रेट की हैं, जहां सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व मंत्री जावेद इकबाल, पवन दूबे, राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, विजय कुशवाहा सहित जिले के तमाम वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद सपाइयों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए। सपा नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल उठाए और निष्पक्ष चुनाव की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ता डीएम कार्यालय की ओर बढ़ गए, जिन्हें पुलिस ने रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने सूझबूझ से स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को कार्यालय परिसर से बाहर किया।

सपा जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कहा कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होता है तो ढ्ढह्लष्ठ्ठ गठबंधन के साथ मिलकर पूरे देश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए है।

## एनएचएम संविदा कर्मियों के तृतीय चरण के आंदोलन का हुआ आगाज

- सीएमओ कार्यालय पर कार्य बहिष्कार कर दिया धरना

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (पंजी.) प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तृतीय चरण के तहत बुधवार को जनपद के एनएचएम संविदा कर्मियों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने के कारण आज जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं टीबी अस्पताल में आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर टीकाकरण, ओपीडी, पैथोलॉजी जांच, एनसीडी, आरबीएसके, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जुड़ी सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम व द्वितीय चरण में कर्मियों ने काला फीता बांधकर मौन विरोध जताते हुए कार्य किया था, लेकिन शासन स्तर से कोई सकारात्मक आश्वासन न मिलने के बाद आज से आर-पार की लड़ाई शुरू की गई है। संघ का ऐलान है कि 8, 9, 10 अक्टूबर तक पूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रहेगा और इसके बाद 12 अक्टूबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा हम लोग विगत 15-18 वर्षों से अल्प मानदेय पर स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बनकर सेवा दे रहे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी हमने जान की बाजी लगाकर काम किया। सरकार नियमिती करण और समान कार्य-समान वेतन की हमारी प्रमुख मांगों पर चुप्पी साधे हुए है। जब तक मांगें पूरी नहीं होती हम पीछे नहीं हटेंगे। संघ के मण्डल अध्यक्ष गोरखपुर, जिला संरक्षक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कुशीनगर के साथ-साथ पूरे गोरखपुर मण्डल में आंदोलन पूरी ताकत से चल रहा है। शासन ने हमारी 10 लाख कैशलेस बीमा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, एचआरए, अनुकम्पा नियुक्ति जैसी तात्कालिक मांगों को भी लटका रखा है। यह सरकार की वादाखिलाफी है। जब तक शासनादेश जारी नहीं होता, आंदोलन समाप्त नहीं होगा। आज के धरना-प्रदर्शन में जिला मंत्री राजू यादव, डा0 मधुसूदन मिश्रा, डा0 सुनीत मिश्रा, उपाध्यक्ष डा0 एस.के. सिंह, डा0 मनोज राय, संजीव जायसवाल, सुमन चौहान, ओमप्रभा, निशिकांत सिंह, ज्योति पाण्डेय, डा0 सीमा आफ़ताब, डा0 दिलीप गुप्ता, विनोद कुमार, सूर्यराम वर्मा, डा0 पल्ल्वी, अजय धर दुबे, कन्हैया यादव, सुधा मिश्रा, कमल शंकर पाण्डेय, डा0 सुबाष यादव, डा श्रेप्रकाश चंद, सौरभ समीर, गौरव श्रीवास्तव, अमन कुमार, रत्नेश मणि त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव सहित जिले के समस्त ब्लाको से एनएचएम संविदा कर्मी उपस्थित रहे।